सूर्योदय 6:08 सूर्यास्त 6:42

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73,320 |
| निफ्टी | 22,713 |
| सोना 1,46,300 | चांदी 2,25,200 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 | 21 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 94, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पंजाब हाईकोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा के मुख्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट के दूसरे दिन पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट को चौथी बार बम से उड़ने की धमकी ई-मेल के जरिए मिली है। इस बार ई-मेल पुलिस हेडक्वार्टर में आई है। बताया जा हा है कि इससे पहले जो तीन ई-मेल आई हैं, वे हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की सरकारी ई-मेल पर आई थीं। सुरक्षा एजेंसियों ने हाईकोर्ट की जांच की। उधर, ाजपा के मुख्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट के विरोध में लुधियाना-जालंधर में बीजेपी ने वीरवार को प्रदर्शन किया।

### राघव को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने वीरवार को राज्यसभा में राघव चड्ढा को हटाकर अशोक मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का उपनेता चुना है। पार्टी की तरफ से राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर औपचारिक रूप से अशोक मित्तल को पार्टी का उपनेता नियुक्त करने का अनुरोध करते हुए कहा गया है कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी के कोटे से बोलने का समय आवंटित न किया जाए। अशोक मित्तल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें राज्यसभा में उपनेता की जिम्मेदारी सौंपी है। मित्तल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### भोजशाला मामले में छह अप्रैल को अगली सुनवाई

**एजेंसी, धार।** एमपी के धार जिले में स्थित भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद विवाद को लेकर एमपी हाईकोर्ट में अहम सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सभी पक्षकार अदालत में मौजूद रहे। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट के जज भोजशाला का निरीक्षण कर चुके हैं। उस दौरान जज ने कहा था कि वे खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे और इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट को वास्तविक स्थिति से मिलाएंगे। वीरवार को हुई सुनवाई को इसलिए अहम माना जा रहा था क्योंकि इसमें हाईकोर्ट का फैसला मान्य माना जाना है। हाईकोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई 6 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे तय कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### आई-पैक के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई-पैक के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है। कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई-पैक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पैक और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपए के कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल में हर घर जल से 17 लाख परिवार लाभान्वित: भाजपा -पेज 2
- छह को सड़कों पर नहीं दिखेंगी पीली नंबर प्लेट वाली गाड़ियां -पेज 4
- हरोली उत्सव 11 से 14 अप्रैल तक, शोभायात्रा से होगा आगाज -पेज 10


# सड़क निर्माण में कोताही पर लगेगा जुर्माना : सीएम

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि जो भी ठेकेदार या अधिकारी कार्य में कोताही बरतेगा, उसे न केवल जुर्माना लगेगा, बल्कि टेंडर भी रद्द कर दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकास कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता को असुविधा पहुंचाने वाली किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित परियोजनाओं की समीक्षा कर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाए और कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टेंडर प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाएगा ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याएं उत्पन्न न हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां आवश्यक होगा, वहां पैकेज सिस्टम में बदलाव कर छोटे-छोटे हिस्सों में काम आवंटित किया जाएगा, जिससे निर्माण कार्यों की गति बढ़ सके।



विधानसभा में पीएमजीएसवाई कार्यों में देरी पर नाराजगी जताते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### मामलों की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करे विभाग

**सदन** में मुख्यमंत्री सुक्खू ने जिस आत्मविश्वास और सख्ती के साथ अपनी बात रखी, उससे साफ संकेत मिला कि सरकार अब ढिलाई के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के मूड में है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि संबंधित मामलों की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि दोषियों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# 12+1 क्षमता तक के यात्री वाहनों के लिए टोल दर 100 रुपए निर्धारित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने टोल टैक्स व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए आम लोगों को राहत देने का फैसला लिया है। राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए टोल दरों में संशोधन किया गया है, जिसमें खास तौर पर हल्के वाहनों को राहत दी गई है। नई दरें एक अप्रैल 2026 से लागू कर दी गई हैं, जिससे निजी और छोटे वाहन चालकों को सीधा फायदा मिलेगा।



सरकार की अधिसूचना के मुताबिक 12+1 क्षमता तक के यात्री वाहनों (निजी पंजीकृत वाहनों को छोड़कर) के लिए प्रतिदिन टोल दर 100 रुपए निर्धारित की गई है। वहीं, त्रैमासिक दर 30 गुना और वार्षिक दर 90 गुना तय की गई है। हल्के वाणिज्यिक वाहन, लाइट गुड्स व्हीकल और मिनी बस के लिए दैनिक टोल 320 रुपये रखा गया है, जिसमें तिमाही के लिए 35 गुना और वार्षिक के लिए चार गुना दर लागू होगी। मालवाहक वाहनों में 7500 किलोग्राम से अधिक और 12000 किलोग्राम से कम जीवीडब्ल्यू वाले वाहनों पर भी 320 रुपए प्रतिदिन टोल लागू रहेगा। वहीं 12000 किलोग्राम से अधिक और 25000 किलोग्राम से कम जीवीडब्ल्यू वाले ट्रकों के लिए भी यही दर निर्धारित की गई है। तीन एक्सल वाले बड़े वाणिज्यिक वाहनों (45000 किलोग्राम तक) के लिए टोल दर 570 रुपए प्रतिदिन तय की गई है, जबकि इनके लिए भी तिमाही और वार्षिक दरें क्रमशः 35 गुना और चार गुना के आधार पर तय की गई हैं।

# सुक्खू सरकार ने अनुबंध कर्मियों को दी बड़ी राहत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की सुक्खू सरकार ने अनुबंध कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनके नियमितीकरण को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार जो अनुबंध कर्मचारी 30 सितंबर 2024 और 30 सितंबर 2025 तक अपनी दो वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर चुके हैं, वे संबंधित नीतियों के तहत बैक डेट से नियमितीकरण के पात्र होंगे।

**30 सितंबर 2024 और 30 सितंबर 2025 को दो साल वाले बैक डेट से होंगे रेगुलर**

ऐसे कर्मचारियों को 30 सितंबर 2024 और 30 सितंबर 2025 के बाद नियमित किया जाएगा। कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमितीकरण की शर्तें और नियम पहले की तरह ही लागू रहेंगे। इनमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। यह निर्देश सभी प्रशासनिक सचिवों, मंडलायुक्तों, विभागाध्यक्षों और उपायुक्तों को भेजे गए हैं, ताकि पात्र कर्मचारियों के मामलों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। गौरतलब है कि इन कर्मचारियों को सितंबर की जगह अगले वर्ष के 31 मार्च को दो साल का अनुबंध पूरा होने पर नियमित किया था।

बीते दिनों ही सरकार ने दोबारा से साल में दो बार सितंबर और मार्च में नियमित करने का निर्णय लिया है।

# चिट्टा तस्करों के पंचायत चुनाव लड़ने पर रोक

## हिमाचल विधानसभा में हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) विधेयक-2026 पारित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी में शामिल लोग पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। विधानसभा में वीरवार को हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) विधेयक-2026 बिना चर्चा के पारित कर दिया गया। अब इसे राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राज्यपाल की स्वीकृति मिलते ही यह प्रावधान प्रभावी हो जाएगा और चिट्टा तस्करी से जुड़े लोग चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे।



पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा बीते बुधवार को इस विधेयक को सदन में पेश किया था। इस संशोधन के तहत पंचायत जनप्रतिनिधियों पर भी सख्त प्रावधान लागू होंगे। यदि कोई प्रधान, उपप्रधान, वार्ड मेंबर, बीडीसी सदस्य या जिला परिषद सदस्य चुने जाने के बाद चिट्टा तस्करी में संलिप्त पाया जाता है और उस पर आरोप तय हो जाते हैं, तो उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी।

**डिफाल्टर और ऑडिट रिकवरी वाले भी अयोग्य**

संशोधित विधेयक-2026 में सहकारी बैंकों और सोसाइटियों के डिफाल्टरों को भी चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा जिन लोगों पर पंचायत ऑडिट में रिकवरी लंबित है, वे भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

सरकार का उद्देश्य पंचायतों में वित्तीय अनुशासन लाना और साफ-सुथरी छवि वाले प्रतिनिधियों को बढ़ावा देना है।

### ग्राम सभाओं के कोरम को लेकर भी किया गया अहम संशोधन

**विधेयक** में ग्राम सभाओं के कोरम को लेकर भी अहम संशोधन किया गया है। अब तक ग्राम सभा के लिए 25 प्रतिशत परिवारों की उपस्थिति अनिवार्य थी, लेकिन नए प्रावधान के तहत इसे बदल दिया गया है। अब कुल परिवारों की बजाय कुल मतदाताओं में से 10 प्रतिशत की उपस्थिति को कोरम माना जाएगा। प्रदेश की करीब 3600 पंचायतों में 31 मई से पहले चुनाव प्रस्तावित हैं। इसके लिए 7 अप्रैल तक आरक्षण रोस्टर तय किया जाना है। हर चुनाव में 60 हजार से अधिक उम्मीदवार मैदान में उतरते हैं। ऐसे में यह संशोधन बड़ी संख्या में संभावित उम्मीदवारों को प्रभावित करेगा और पंचायत चुनाव की तस्वीर बदल सकता है।

# मेडिकल कॉलेजों में रिटायर्ड प्रोफेसरों की होगी पुनर्नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए अहम कदम उठाया है। सरकार ने क्लिनिकल और गैर-क्लिनिकल विषयों में सेवानिवृत्त प्रोफेसरों को अनुबंध के आधार पर पुनर्नियुक्त करने का निर्णय लिया है, जिससे चिकित्सा शिक्षा और उपचार सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश के नए मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर स्तर पर फैकल्टी की भारी कमी बनी हुई है, जिससे न केवल पढ़ाई प्रभावित हो रही है बल्कि मरीजों को बेहतर इलाज देने में भी कठिनाई आ रही है।

इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने अंतरिम व्यवस्था के तौर पर अनुभवी रिटायर प्रोफेसरों की सेवाएं लेने का फैसला किया है, ताकि संस्थानों का संचालन सुचारु बना रहे। सरकार के आदेश के मुताबिक, इन प्रोफेसरों को प्रतिमाह 2.50 लाख रुपए का निर्धारित मानदेय दिया जाएगा। यह नियुक्तियां नाहन, नेरचौक, हमीरपुर और चंबा के मेडिकल कॉलेजों में की जाएंगी। साथ ही चिकित्सा शिक्षा निदेशक को निर्देश दिए गए हैं कि भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर आवश्यकतानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाएं, ताकि समय पर विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

# हिमाचल में मार्च में 125 साल में 56वीं सबसे ज्यादा बारिश दर्ज

## अगले छह दिन भी बारिश-बर्फबारी का दौर रहने का पूर्वानुमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार मार्च का महीना मौसम के तीखे मिजाज का गवाह बनकर उभरा है। एक ओर जहां लंबे समय तक सूखे हालात बने रहे, वहीं अचानक हुई बारिश ने आंकड़ों में इतिहास रच दिया। वर्ष 1901 के बाद इस बार मार्च में 56वीं सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जिसने मौसम वैज्ञानिकों को भी चौंका दिया है। अब इसी बदले हुए मौसम के बीच प्रदेश में अगले छह दिनों तक लगातार बारिश और बर्फबारी का दौर रहने का पूर्वानुमान है, जिससे जनजीवन और कृषि दोनों प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च में कुल 93.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई, जो सामान्य (113.4 मिमी) से करीब 17 प्रतिशत कम रही, लेकिन इसके बावजूद यह आंकड़ा ऐतिहासिक सूची में ऊपर दर्ज हुआ। ऊना, बिलासपुर, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जैसे जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि चंबा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति में कमी देखने को मिली। महीने के दौरान कहीं घना कोहरा छाया रहा तो कहीं अचानक ठंडे दिन और लू जैसे हालात भी बने, जिसने मौसम के कई रंग एक साथ दिखा दिए। अब मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। तीन से छह अप्रैल तक प्रदेश के कई हिस्सों में अंधड़ और ओलावृष्टि का खतरा बना हुआ है, जिसके लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किए गए हैं। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में विशेष रूप से तेज हवाओं और ओलों की चेतावनी दी गई है।



**कई जिलों में ओलावृष्टि और अंधड़ का ऑरेंज-येलो अलर्ट**

# हम ईरान जंग जीते, उनकी सेना हमारे कंट्रोल में : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीरवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रंप ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका, ईरान को स्टोन एज, यानी पाषाण काल में भेज देगा। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई लीडरशिप पहले से कम कट्टर है।



**कहा- समझौता नहीं किया तो पाषाण युग में पहुंचा देंगे**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 मिनट का भाषण दिया। इसमें कोई नया ऐलान नहीं किया। वही बातें दुहराईं जो पिछले कुछ समय से कहते रहे हैं। उन्होंने युद्ध की लागत और इसके लंबा खिंचने से चिंतित अमेरिकियों से कहा कि वे इस संघर्ष को सही नजरिए से देखें। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका-इसराइल ने हमारी ताकत को कम आंका : ईरान

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान की सेना ने कहा है कि वह इस जंग को तब तक जारी रखेगा, जब तक अमेरिका और इसराइल को हमेशा के लिए पछतावा नहीं हो जाता।

ईरान के एयरस्पेस फोर्स के कमांडर माजिद मौसवी ने कहा कि अमेरिका और इसराइल ने ईरान की ताकत को कम आंका है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में और ज्यादा बड़े और खतरनाक हमले किए जाएंगे। दुश्मन ने अगर जमीनी हमला किया तो उसे बच पाना मुश्किल होगा। वहीं, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के स्वामित्व वाली ईरान के सरकारी समाचार संगठन प्रेसईडी टीवी ने लेबनान के अल-मयादीन टेलीविजन नेटवर्क के हवाले से बताया कि ईरान के सुरक्षा-राजनीतिक अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अमेरिका और इसराइल की चल रही आक्रामक युद्ध की कार्रवाई के जवाब में उनके ठिकानों पर अपने मिसाइल हमलों को धीरे-धीरे बढ़ाएगा। जवाबी हमलों में यह बढ़ोतरी एक 'चरणबद्ध रणनीति' के तहत की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



**अगर जमीनी हमला किया तो बच नहीं पाएगा दुश्मन**

# महिला आरक्षण पर 16 अप्रैल से होगी चर्चा

## संसद के बजट सत्र का विशेष सेशन 16 से 18 अप्रैल तक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र का 3 दिन का सेशन 16 से 18 अप्रैल को होगा। सरकार ने बजट सत्र को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब राज्यसभा और लोकसभा 13 दिन के ब्रेक के बाद 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे फिर से बैठेंगी। इसमें महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। सरकार लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। प्रस्तावित 50% की बढ़ोतरी के साथ सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिसमें से 273 (करीब एक तिहाई) सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। सरकार का मकसद 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में संशोधन करना है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' साल 2023 में पारित किया गया था।



केंद्र सरकार ने लोकसभा में कहा कि उपभोक्ताओं के लिए प्री-पेड बिजली मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यह स्पष्ट किया। उन्होंने इस बात को भी खारिज किया कि सरकार निजी कंपनियों की तरह उपभोक्ताओं को प्री-पेड मीटर अपनाने के लिए मजबूर कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### बीमा प्रीमियम के ग्रेस पीरियड को 90 दिन करने की मांग

**एनसीपी** सांसद फौजिया खान ने सदन में कहा कि बीमा कंपनियां प्रीमियम जमा करने के लिए सिर्फ 30 दिन का ग्रेस पीरियड देती हैं। अगर नौकरी जाने या मेडिकल इमरजेंसी जैसी स्थिति में एक बार भुगतान छूट जाए, तो सालों से चल रही पॉलिसी खत्म हो सकती है। उन्होंने कहा कि बीमा पॉलिसी का मकसद संकट के समय परिवार को सहारा देना होता है, लेकिन मौजूदा नियमों से उल्टा असर पड़ रहा है। फौजिया खान ने सरकार से मांग की कि ग्राहकों के हित में ग्रेस पीरियड को 30 दिन से बढ़ाकर 90 दिन किया जाए।

**महंगाई** 71 रुपए प्रति किलो हुई कीमत; हिमाचल नहीं पहुंच रही सप्लाई, ठेकेदारों में बेचैनी

# महंगे 'बिटुमेन' से धीमी पड़ी सड़क निर्माण की रफ्तार

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** मौसम के खुलते ही हिमाचल में सड़क निर्माण की रफ्तार धीमी हो गई है। कारण यह है कि 'बिटुमेन' महंगा हो गया है। प्रति किलो के हिसाब से इसमें 20 रुपए की वृद्धि हो चुकी है। रेट लगातार बढ़ने के आसार बने हुए हैं। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हरियाणा की जिस रिफाइनरी से 'बिटुमेन' की सप्लाई हिमाचल के अलग-अलग हिस्सों को आती है, उसकी रफ्तार भी बहुत धीमी हो गई है। डिमांड के मुताबिक सप्लाई का अंतर तकरीबन 15 दिनों का पड़ गया है, वह भी महंगे रेट पर। सूत्रों के मुताबिक यह केवल इसी रिफाइनरी की वजह से नहीं है। देश के अलग-अलग राज्यों में सभी जगह यह महंगा हो गया है।



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

हमीरपुर जोन ही नहीं, बल्कि हिमाचल सहित पंजाब और हरियाणा में भी 'बिटुमेन' महंगा हो गया है। सप्लाई पर इसका असर सभी राज्यों में पड़ा है। अब मौसम खुलते ही सड़कों का निर्माण कार्य स्पीड पकड़ता था और नई सड़कों पर तारकोल बिछाने का काम शुरू होना था, जिनके टेंडर हो चुके थे उनके ठेकेदारों की दिक्कत यह है कि अब यहां बिटुमन महंगा तो मिलेगा ही, साथ ही सप्लाई भी समय पर नहीं आ रही। मुकम्मल सप्लाई भी नहीं मिल पा रही है। अब जिस काम को पीडब्ल्यूडी या नेशनल हाईवे ने टेंडर करके ठेकेदारों को आवंटित किया है, उसे कब पूरा किया जाएगा और यदि काम बड़े पैमाने के हैं तो फिर 'बिटुमेन' भी ज्यादा लगेगा। इससे संबंधित ठेकेदारों को भी अच्छा खासा नुकसान होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### ज्यादातर ठेकेदारों को है कीमतें कम होने का इंतजार

**ज्यादातर** ठेकेदार कीमतें घटने की इंतजार में हैं, क्योंकि उन्हें नुकसान हो रहा है। जिस रेट पर ये टेंडर आवंटित हुए हैं, तब रेट सामान्य थे और ऐसा किसी को भी पता नहीं था कि अचानक रेटों में इतना उछाल आएगा। संबंधित विभागों के जो टेंडर प्रक्रिया चल रहे हैं उन्हें भी रुकावट आने की आशंका है।

### समय पर आपूर्ति न होने से लटक रहे काम: एक्सईएन

**पीडब्ल्यूडी** एक्सईएन हमीरपुर दीपक कपिल का कहना था कि जिनके टेंडर हो चुके हैं, उन पर असर अगले 6 महीने तक रहता है और यदि इस तरह रेटों में ज्यादा उछाल आ गया है, तो दिक्कत तो आएगी ही। फिलहाल सप्लाई भी समय पर नहीं आ रही है। इसी वजह से काम शुरू होने में भी कई जगह देरी हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल दिवस समारोह की तैयारियां तेज



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव संजय गुप्ता। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समारोह किन्नौर के रिकांगपिओ स्थित पुलिस मैदान में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से जुड़े और तैयारियों की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, पेयजल, चिकित्सा और आपात सेवाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठने, मंच प्रबंधन, बिजली आपूर्ति और खराब मौसम की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिमला से लापता नाबालिग कालका में मिली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला से लापता नाबालिग को पुलिस ने हरियाणा के कालका क्षेत्र में काली माता मंदिर के मुख्य मार्ग के पास से सकुशल बरामद कर लिया है। 31 मार्च 2026 को परिजनों द्वारा नाबालिग के लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसके आधार पर महिला थाना शिमला में बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम गठित कर तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस की मुस्तैदी के चलते महज 24 घंटे के भीतर बीते कल नाबालिग को सुरक्षित ढूंढ लिया गया और परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### 288 ग्राम चिट्टे समेत अंबाला का युवक धरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला पुलिस की स्पेशल सेल ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए आईएसबीटी क्षेत्र में एक युवक को भारी मात्रा में चिट्टा (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को रोका और



पूछताछ की। गवाहों की उपस्थिति में उसकी तलाशी लेने पर उसके कैरी बैग से 288 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ, जिसे इस साल की सबसे बड़ी खेप माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान हरियाणा के अंबाला निवासी 42 वर्षीय शमशाद अहमद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह आईएसबीटी के प्रथम तल पर घूम रहा था और स्थानीय युवाओं को नशा बेचने की फिराक में था। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बालूगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है।

# सेब बागवानी पर मौसम की मार बरकरार

## शिमला जिला में ओलावृष्टि से बागवानों की बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान

- अनियमित मौसम ने तोड़ा संतुलन परागण प्रक्रिया हुई प्रभावित
- मधुमक्खियों की निष्क्रियता से उत्पादन पर गहराया संकट

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमालय की गोद में बसे शिमला जिला के बागों में बहार नहीं, बल्कि बेबसी की एक खामोश चादर पसरी हुई है। जहां कभी बसंत की नरम धूप में सेब के फूल मुस्कुराते थे, वहीं अब ओलावृष्टि की चोट से झड़े हुए फूलों की उदासी बिखरी पड़ी है। मौसम का मिजाज इस कदर बेपटरी हुआ है कि कुदरत का संतुलन ही डगमगा गया है, न तापमान का ठिकाना, न ऋतु का भरोसा। ऐसे में बागवान, जो हर साल उम्मीदों के साथ पेड़ों को संवारते हैं, आज आसमान की बेरुखी के आगे खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह फसल पैदावार का संकट नहीं, बल्कि उस मेहनत, उम्मीद और परंपरा पर भी चोट है, जो वर्षों से हिमाचल की पहचान रही है।



शिमला जिला के कोटखाई, रोहड़ू, नारकंडा मतियाना व आसपास के बागवानी क्षेत्रों में इन दिनों मौसम की बेरुखी ने बागवानों की चिंता को और गहरा कर दिया है। लगातार हो रही बारिश और बार-बार की ओलावृष्टि ने सेब और नाशपाती के पेड़ों पर खिले नाजुक फूलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। यह वह समय होता है जब बागों में परागण की प्रक्रिया अपने चरम पर होती है, लेकिन मौसम के अस्थिर मिजाज ने इस प्राकृतिक क्रम को बाधित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ओलावृष्टि के कारण कई स्थानों पर फूल और कोमल पत्तियां टूटकर जमीन पर बिखर गई हैं, जबकि जिन पेड़ों पर फूल बचे भी हैं, वहां उनका संतुलन असामान्य दिखाई दे रहा है, कहीं अत्यधिक फूल हैं तो कहीं बेहद कम। इस असंतुलन के साथ-साथ तापमान में लगातार हो रहा उतार-चढ़ाव बागवानी के लिए प्रतिकूल सिद्ध हो रहा है, जिससे पौधों की स्वाभाविक वृद्धि और फल बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

परागण के लिए प्राकृतिक रूप से आने वाली मधुमक्खियों की संख्या भी अब पहले जैसी नहीं रही। जंगलों के सिमटते दायरे ने इनके प्राकृतिक आवागमन को सीमित कर दिया है। वहीं, बाहरी राज्यों से लाई गई मधुमक्खियां भी ठंड और बदलते तापमान के कारण बक्सों से बाहर नहीं निकल पा रहीं। बागवानों द्वारा लगाए जा रहे एंटी-हेलनेट जैसे उपाय भी कई बार उल्टा असर डाल रहे हैं, जिससे मधुमक्खियों की मृत्यु तक हो रही है। ऐसे में परागण की प्रक्रिया अधूरी रह जाने का खतरा और गहरा गया है। बागवानों का कहना है कि हर वर्ष मौसम की यह अनिश्चितता अब एक स्थायी संकट का रूप ले चुकी है। उत्पादन की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन आमदनी उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रही। इससे बागवानी अब लाभ का नहीं, बल्कि चिंता का विषय बनती जा रही है। विशेषज्ञ लगातार इस पर अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन धरातल पर राहत के ठोस उपाय अब भी दूर नजर आते हैं।

### राहत और शोध की दरकार

**बागवानों** ने सरकार से मांग की है कि ओलावृष्टि और बदलते मौसम के प्रभावों पर गंभीर शोध किया जाए और उन्हें व्यावहारिक समाधान उपलब्ध कराए जाएं। उनका मानना है कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस नीति और समयबद्ध राहत ही इस संकट से उबार सकती है, अन्यथा हिमाचल की पहचान रही सेब बागवानी पर भविष्य में गहरा असर पड़ सकता है।

# सीएम सुक्खू ने पत्नी संग जाखू मंदिर में टेका माथा



सीएम सुक्खू अपनी पत्नी के साथ पूजा-अर्चना करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को राजधानी शिमला स्थित जाखू मंदिर में श्रद्धा और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपनी पत्नी सहित मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी से मिलने वाली प्रेरणा जीवन में शक्ति और सेवा भाव को बढ़ाती है, इसी भावना के साथ वह यहां मत्था टेकने आए हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी अपनी पत्नी के साथ जाखू मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

उन्होंने प्रदेशवासियों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बजरंगबली सभी को शक्ति, सुरक्षा और समृद्धि प्रदान करें तथा प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। इस दौरान प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी मंदिर पहुंचकर प्रदेश की खुशहाली और संकटों से उबरने की कामना की।

# एनएसएनआईएस प्रशिक्षण से राज्य की खेल शिक्षा को मिलेगी नई दिशा : रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य सरकार ने शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण से जोड़ने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला के पीटरहॉफ से 135 शिक्षकों के पहले दल को नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला के लिए रवाना करते हुए इसे प्रदेश में खेलों के सशक्त भविष्य की आधारशिला बताया।



शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए रवाना करते शिक्षा मंत्री। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल शिक्षकों के कौशल को निखारेगी, बल्कि विद्यालयों में खेलों को एक सुदृढ़ और वैज्ञानिक आधार भी प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत कुल 650 शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें पहले चरण में 135 शिक्षक शामिल हैं। शिक्षा मंत्री ने प्रदेश की खेल उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय स्कूल खेलों में हिमाचल के विद्यार्थियों ने 48 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षकों के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव सुनिश्चित करने हेतु सिंगापुर शैक्षणिक भ्रमण जैसी पहलें भी की जा रही हैं, जिससे शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में गुणवत्ता का समावेश हो सके। साथ ही खेल छात्रावासों की संख्या बढ़ाने और चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर भी विशेष बल दिया जा रहा है।

वहीं, समग्र शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि खेल और शारीरिक शिक्षा को शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक भविष्य में मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करते हुए अन्य शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे पूरे राज्य में खेल गतिविधियों का स्तर गुणात्मक रूप से सुदृढ़ होगा। उधर, स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने कहा कि यह पहली बार है जब शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को इस प्रकार का विशेष प्रशिक्षण अवसर मिला है, जिससे विद्यालयों में खेलों को नई दृष्टि और दिशा मिलेगी।

# हिमाचल में हर घर जल से 17 लाख परिवार लाभान्वित: भाजपा

अनंत ज्ञान





- सड़कों के विकास को भी मिली रफ्तार

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप और हर्ष महाजन ने केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर हिमाचल प्रदेश में हुए विकास कार्यों को रेखांकित किया।

सुरेश कश्यप ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य तेजी से पूरा हो रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में जहां केवल 16.7 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन था। वहीं, मार्च 2026 तक यह आंकड़ा बढ़कर 81 प्रतिशत से अधिक हो गया है। हिमाचल प्रदेश में भी लगभग 17 लाख से अधिक परिवारों को नल से जल उपलब्ध करवाया गया है, जिससे दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिली है।

कश्यप ने कहा कि योजना के तहत केवल कनेक्शन देना ही नहीं, बल्कि जल की गुणवत्ता, नियमित आपूर्ति और दीर्घकालिक स्थायित्व पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

वहीं, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने नितिन गडकरी के नेतृत्व में सड़क क्षेत्र में हुए विकास को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 से मार्च 2026 तक हिमाचल प्रदेश में 82 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनके तहत 1,100 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण और उन्नयन किया जा रहा है। इन परियोजनाओं पर हजारों करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, जिससे प्रदेश में पर्यटन, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। महाजन ने कहा कि केंद्र सरकार परियोजनाओं की निगरानी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है, जबकि राज्य सरकार पर उन्होंने अपेक्षित गंभीरता न दिखाने का आरोप लगाया।

# संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर करें काम : विनय कुमार

अनंत ज्ञान



नव नियुक्त पदाधिकारियों के साथ विनय कुमार। अनंत ज्ञान

- नगर निकाय व पंचायत चुनावों में युवाओं को आगे लाने पर जोर

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती के लिए अपने-अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाने का आह्वान किया है।

राजीव भवन में नवनियुक्त पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने उनकी नियुक्ति पर आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा और पार्टी को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश में होने वाले नगर निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में पार्टी से जुड़े समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

उन्होंने युवाओं को आगे लाने पर जोर देते हुए कहा कि इन चुनावों में उन्हें अवसर देना जरूरी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी और आपसी तालमेल के साथ आगे बढ़ना होगा। इस दौरान उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं भी दीं।

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर राज्यसभा में सिकंदर ने उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

- कौशल विकास योजनाओं व सहायक उपकरणों की उपलब्धता पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकुदर कुमार ने सदन में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और कौशल विकास से जुड़े अहम मुद्दों को उठाते हुए केंद्र सरकार से कई महत्वपूर्ण प्रश्न किए।



उन्होंने नव प्रारंभ की गई दिव्यांगजन कौशल योजना और दिव्यांग सहारा योजना के उद्देश्यों, राज्य-वार क्रियान्वयन, प्रत्येक जिले में सहायक प्रौद्योगिकी मार्ट स्थापित करने की योजना, तथा उच्च तकनीकी उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के बारे में जानकारी मांगी। साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश में विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र के डेटाबेस को राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में उठाए गए कदमों पर भी स्पष्टीकरण चाहा।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने जवाब में बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित दिव्यांग सहारा योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरणों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम को सशक्त किया जा रहा है, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा आधुनिक रिटेल शैली के असिस्टिव टेक्नोलॉजी मार्ट स्थापित करने का प्रावधान है। हालांकि, प्रत्येक जिले में ऐसे मार्ट खोलने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश से यूडीआईडी डेटाबेस को राज्य स्तरीय योजनाओं के साथ एकीकृत करने के लिए अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

# बिथल में अडानी सीए स्टोर के बाहर मजदूरों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** तहसील कुमारसैन के बिथल में वीरवार को अडानी एग्री फ्रेश वर्कर्स यूनियन ने सीटू के बैनर तले अडानी सी स्टोर के बाहर अडानी प्रबंधन द्वारा श्रम कानूनों की अवहेलना के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू शिमला जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, यूनियन अध्यक्ष सुनील जिष्टु तथा महासचिव सुनील ने कहा कि एक महीने पूर्व प्रबंधन को मजदूरों की मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें श्रम कानूनों को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की गई थी, लेकिन दुखद है कि प्रबंधन ने इन्हें पूरी तरह अनदेखा कर दिया।




बिथल सीए स्टोर के बाहर प्रदर्शन करते मजदूर। अनंत ज्ञान

- श्रम कानूनों की अवहेलना का लगाया आरोप

मजदूरों की मुख्य मांग है कि पूरे माह का वेतन कानूनन दिया जाए, किंतु सिक्योरिटी मजदूरों को न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल रहा। 12 घंटे की ड्यूटी करवाई जा रही है, लेकिन केवल 8 घंटे का वेतन दिया जा रहा। 8 घंटे के बाद ओवरटाइम का दो गुना भुगतान नहीं हो रहा। कानूनी छुट्टियां भी नहीं दी जा रही हैं।

हिमाचल प्रदेश में रिटायरमेंट आयु 58 वर्ष है, लेकिन अडानी में सिक्योरिटी गार्डों को 45 वर्ष की आयु में जबरन रिटायर किया जा रहा है। साथ ही, ट्रांसफर की धमकियां दी जा रही हैं, जबकि श्रम विभाग रामपुर मूकदर्शक बना हुआ है। यूनियन ने मांग की है कि 8 घंटे से अधिक कार्य के लिए कानूनन दोहरा ओवरटाइम भुगतान किया जाए, सभी कानूनी छुट्टियां प्रदान की जाएं तथा मजदूरों को 58 वर्ष की आयु पूरी होने पर ही रिटायर किया जाए।

नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने श्रम कानूनों को तत्काल लागू नहीं किया तो श्रम विभाग और अडानी प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा तथा अडानी-सी स्टोर का कार्य पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। प्रदर्शन में कपिल, भजन, जसबीर, चंदन, राकेश, मनोज आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सीएम सुक्खू ने विनय कुमार की मां का हालचाल जाना

अनंत ज्ञान



सीएम सुक्खू विनय कुमार की माता का कुशलक्षेम जानते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरुवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार की माता के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने आईजीएमसी में मुलाकात के दौरान उनका कुशलक्षेम पूछते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में विनय कुमार की माता इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपचाराधीन हैं और चिकित्सकों की देखरेख में स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। उन्होंने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

### शिक्षा मंत्री 6 को जुब्बल-कोटखाई दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 6 और 7 अप्रैल को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। पहले दिन वे शिमला से हुल्ली (कोटखाई) पहुंचेंगे और उपमुख्यमंत्री के साथ क्षेत्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद पोट्टा में रात्रि विश्राम करेंगे। इस दौरान वे जनसंपर्क और विकास योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे। दूसरे दिन मंत्री गढ़हरी, दरोटी खड्ड और खारला में विकास कार्यों का उद्घाटन और निरीक्षण करेंगे। गढ़हरी में लिफ्ट सिंचाई योजना और दरोटी खड्ड से देवरीघाट तक जलापूर्ति योजना का शुभारंभ होगा, वहीं खारला में स्कूल भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाएगा।

### देवरी-खनेटी व बगाहर में सड़क संपर्क मार्गों की सफल पासिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई उपमंडल की ग्राम पंचायत देवरी-खनेटी की लिंक सड़क बैली तथा ग्राम पंचायत बगाहर की शवाल नाला से झरनी सड़क संपर्क मार्ग की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग किए जाने से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से प्रतीक्षित इन सड़कों के निर्माण को स्थानीय लोगों ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है, जिससे आवागमन सुगम होने के साथ-साथ ग्रामीण जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद जगी है। ग्राम पंचायत देवरी-खनेटी और बगाहर की जनता ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों और क्षेत्र के प्रति समर्पण के चलते ही जुब्बल-नावर-कोटखाई में विकास कार्यों को नई गति मिली है। लोगों का मानना है कि इन सड़कों के बनने से किसानों और बागवानों को विशेष लाभ मिलेगा तथा कृषि और बागवानी गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

## उम्मीद — नए सीबीएसई स्कूलों में अवसर का रास्ता खुलने के संकेत

# हिमाचल में एसएमसी शिक्षकों को सरकार ने दी राहत

अनंत ज्ञान

- सीबीएसई स्कूलों में फिलहाल जारी रहेंगी सेवाएं

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सीबीएसई स्कूलों में कार्यरत एसएमसी शिक्षकों के भविष्य को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच एक बड़ी राहत की उम्मीद जगी है। शिक्षा विभाग ने इन शिक्षकों को फिलहाल यथावत बनाए रखने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है, जिससे न केवल शिक्षकों की नौकरी पर तत्काल संकट टल सकता है बल्कि स्कूलों में पढ़ाई भी प्रभावित होने से बच सकेगी। बदलते शैक्षणिक ढांचे और भर्ती प्रक्रियाओं के बीच यह फैसला हजारों परिवारों के लिए राहत भरा साबित हो सकता है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के 151 सीबीएसई स्कूलों में से 33 स्कूलों में वर्तमान में 78 एसएमसी पीरियड-बेस्ड शिक्षक विभिन्न श्रेणियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि इनके नियमितीकरण का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है और इन्हें सीबीएसई स्कूलों के लिए आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट में शामिल होने की अनुमति भी नहीं दी गई थी। ऐसे में इन शिक्षकों का भविष्य अधर में लटका हुआ था। शिक्षा निदेशालय ने इस स्थिति को देखते हुए सरकार को सुझाव दिया है कि जब तक नियमित और चयनित शिक्षक कार्यभार नहीं संभाल लेते, तब तक एसएमसी शिक्षकों को 'स्टॉप-गैप अरेंजमेंट' के तौर पर बनाए रखा जाए, ताकि शिक्षण व्यवस्था में कोई व्यवधान न आए।

प्रस्ताव में आगे यह भी कहा गया है कि जैसे ही नियमित शिक्षक नियुक्त होकर स्कूलों में कार्यभार संभालेंगे, एसएमसी शिक्षकों को ब्लॉक या जिला स्तर पर नजदीकी स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। इससे उनकी सेवाओं का उपयोग भी जारी रहेगा और उन्हें अचानक बेरोजगारी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही यह कदम ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की कमी को भी संतुलित करने में सहायक हो सकता है।

एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि विभाग ने सुझाव दिया है कि जो एसएमसी शिक्षक विभाग में जॉब ट्रेनी के रूप में चयनित हो रहे हैं, उन्हें भविष्य में प्रस्तावित 150 नए सीबीएसई स्कूलों के लिए होने वाली सब-कैडर परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाए। यदि सरकार इस प्रस्ताव को मंजूरी देती है, तो एसएमसी-एलडीआर परीक्षा पास करने वाले शिक्षकों के लिए स्थायी नियुक्ति का रास्ता खुल सकता है।

### सरकार के फैसले पर टिकी नजरें

**फिलहाल** पूरा मामला सरकार के विचाराधीन है और अंतिम निर्णय शिक्षा सचिव स्तर पर लिया जाना है। यदि प्रस्ताव को स्वीकृति मिलती है, तो यह न केवल एसएमसी शिक्षकों के लिए संजीवनी साबित होगा, बल्कि सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की कमी को भी प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा।

# मिस चांशल प्रतियोगिता के ऑडिशन 6 व 8 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्य स्तरीय रोहड़ू मेला-2026 के अवसर पर आयोजित की जा रही मिस चांशल द हिमालयन क्राउन प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन 6 अप्रैल को गेयटी थियेटर शिमला और 8 अप्रैल को इंडोर स्टेडियम समाला (रोहड़ू) में आयोजित होंगे। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रोहड़ू एवं मेला समिति के अध्यक्ष धर्मेश रामोत्रा ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्रीय युवतियों को मंच देने के साथ-साथ हिमाचल की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और पर्वतीय जीवन शैली को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा 10 और 11 अप्रैल को ऑनलाइन ऑडिशन भी रखे गए हैं, जिससे अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आयु सीमा 16 से 25 वर्ष तथा न्यूनतम लंबाई 5 फीट 2 इंच निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों का चयन परिचय और रैंप वॉक के आधार पर किया जाएगा, जबकि ड्रेस कोड के तहत सफेद या काला टॉप, नीली जींस और कम से कम 4 इंच हील्स अनिवार्य रखी गई हैं। प्रतियोगिता केवल जिला शिमला की बालिकाओं के लिए खुली है और पंजीकरण शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। विजेताओं को क्रमशः 31 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपए के आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

# हिमाचल में मेहमाननवाजी पर करोड़ों रुपए खर्च

## विधानसभा में खुली परतें, वीवीआईपी दौरों ने बढ़ाया सरकारी बोझ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मेहमान है, भगवान, की परंपरा इस बार सरकारी खजाने पर भारी पड़ती नजर आई है। विधानसभा सत्र के दौरान सामने आए आंकड़ों ने वीवीआईपी दौरों पर हुए खर्च की पूरी तस्वीर साफ कर दी। राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों में आए स्टेट गेस्ट्स की आवभगत पर साढ़े छह करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए, जिसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कई बड़े राजनीतिक नेताओं के दौरे शामिल हैं। यह जानकारी भाजपा विधायक लोकेंद्र कुमार द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में सरकार की ओर से दी गई, जिसे सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने सदन में प्रस्तुत किया।

**◆ विपक्ष के सवाल पर सरकार ने दिए आंकड़ों सहित जवाब**

प्रधानमंत्री मोदी के अप्रैल 2024 के सिरमौर दौरे पर होटल बिल के रूप में 6.10 लाख रुपए और टैक्सी सेवाओं पर 9.76 लाख रुपए खर्च हुए। वहीं सितंबर 2025 में कांगड़ा दौरे के दौरान 10.67 लाख रुपए ठहरने और खानपान पर तथा 2.48 लाख रुपए परिवहन पर खर्च किए गए। इसी तरह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीप धनखड़ के हमीरपुर दौरे पर 5.62 लाख रुपए खर्च हुए, जबकि अशोक गहलोत के शिमला दौरे पर 1.68 लाख रुपए से अधिक खर्च दर्ज हुआ, साथ ही परिवहन पर 79,626 रुपए अतिरिक्त खर्च किए गए।

राज्यसभा चुनाव के दौरान उत्पन्न राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस के शीर्ष नेता डीके शिवकुमार, भूपेंद्र हुड्डा, भूपेश बघेल और राजीव शुक्ला जैसे नेताओं के शिमला दौरों पर 6.39 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए। इसके अलावा विभिन्न कांग्रेस नेताओं के 2024 और 2025 के दौरों पर कुल मिलाकर 5.65 लाख रुपए से अधिक के बिल चुकाए गए, जबकि नवजोत सिंह सिद्धू के कांगड़ा दौरे पर 56 हजार रुपए खर्च हुए।

### प्रियंका वाड्रा के स्टाफ का खर्च भी सरकारी खाते से

**प्रियंका** गांधी वाड्रा के 2023 के शिमला दौरे के दौरान उनके स्टाफ को सर्किट हाउस में ठहराया गया, जिस पर 36,910 रुपए खर्च किए गए। यह खर्च भी स्टेट गेस्ट की श्रेणी में शामिल किया गया, जो राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### फिजूलखर्ची पर उठे सवाल

**इन** आंकड़ों के सामने आने के बाद अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या राज्य की आर्थिक स्थिति के बीच इस तरह के खर्च जायज हैं या नहीं। जहां एक ओर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार इसे परंपरा और प्रोटोकॉल का हिस्सा बता रही है, वहीं विपक्ष इसे फिजूलखर्ची करार दे रहा है।

# सीएम सुक्खू बोले-गग्गल एयरपोर्ट 77 साल बाद हो रहा विस्तार

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भूमि अधिग्रहण से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा को टूरिस्ट कैपिटल घोषित किया है और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गग्गल एयरपोर्ट के विस्तार का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विस्तार कार्य प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि लगभग 77 वर्षों के बाद एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि गग्गल एयरपोर्ट की रनवे लंबाई 1377 मीटर से बढ़ाकर 3010 मीटर की जा रही है, जिससे बड़े विमानों की आवाजाही संभव हो सकेगी। इस परियोजना के तहत जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित की गई है, उन्हें सरकार द्वारा करीब 1960 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुआवजा केवल वैध भूमि मालिकों को ही दिया गया है। उन्होंने यह भी साफ किया कि जिन लोगों के पास जमीन का मालिकाना हक नहीं है, उन्हें मुआवजा देने का कोई प्रावधान नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नियमों के तहत ही कार्य कर रही है और विकास परियोजनाओं को पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि प्रदेश में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिल सके।

**◆ 1960 करोड़ मुआवजा वितरित, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कांगड़ा को बनाया टूरिस्ट कैपिटल**

# सड़क निर्माण की सुस्ती पर अपनी ही सरकार पर बरसे कांग्रेस विधायक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को सत्ता पक्ष के भीतर ही असंतोष खुलकर सामने आया, जब कांग्रेस विधायकों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों की धीमी गति को लेकर अपनी ही सरकार को घेर लिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मौजूदगी में प्रश्नकाल के दौरान देहरा और ज्वालामुखी क्षेत्रों में सड़क निर्माण में हो रही देरी, लापरवाही और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर तीखी बहस हुई, जिससे सदन का माहौल कुछ समय के लिए गरमा गया।

देहरा से विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि जुलाई 2024 में जिन पांच सड़कों के उन्नयन का कार्य शुरू हुआ था, वह अब तक केवल आधा ही पूरा हो पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार मनमाने तरीके से काम कर रहा है और तय समयसीमा का पालन नहीं किया जा रहा। निर्माण कार्य के कारण उड़ रही धूल और रासायनिक प्रयोग से स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र में असंतोष बढ़ रहा है।

वहीं, ज्वालामुखी क्षेत्र से विधायक संजय रतन ने ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी को कार्य सौंपा गया है, उसे अन्य राज्य में काली सूची में डाला जा चुका है, बावजूद इसके उसे प्रदेश में कई परियोजनाएं दी गई हैं। उन्होंने मांग की कि कंपनी को दिए गए सभी कार्य तुरंत वापस लेकर किसी जिम्मेदार एजेंसी को सौंपे जाएं।

**◆ प्रश्नकाल में उठा पीएम ग्रामीण सड़क योजना का मुद्दा, ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

इस पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए विभागीय सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें उच्च अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाई गई तो संबंधित ठेकेदार का अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी पर पहले भी जुर्माना लगाया जा चुका है और उसे कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित समयसीमा दी गई है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को समझे बिना बाहरी ठेकेदारों को कार्य देने से समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने संकेत दिया कि भविष्य में ठेकेदारों की क्षमता के अनुसार ही सीमित संख्या में कार्य दिए जाएंगे, ताकि गुणवत्ता और समयसीमा दोनों सुनिश्चित हो सकें।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जानकारी दी कि ऊना जिले के हरोली में बन रहे बल्क ड्रग पार्क के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा करोड़ों रुपये जारी किए जा चुके हैं, जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। वहीं स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में दवाइयों और सर्जिकल सामग्री की खरीद पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से की जा रही है।

### डिप्टी सीएम ने कर व्यवस्था पर डाला प्रकाश

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने अंतरराज्यीय कर व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों में कर दरें उनकी नीतियों और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित होती हैं, इसलिए उनमें अंतर स्वाभाविक है।

# सदन में शिक्षा मंत्री-एनटीटी के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दे पर चर्चा करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग (एनटीटी) को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद की गाइडलाइन के अनुसार एनटीटी के लिए दो वर्ष का डिप्लोमा अनिवार्य किया गया है, जिसका पालन प्रदेश में भी किया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस नियम के कारण प्रदेश में नर्सरी शिक्षकों की भर्ती में कठिनाई आ रही है, क्योंकि दो वर्षीय डिप्लोमा धारकों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस स्थिति से अवगत है और अभ्यर्थियों की कमी को देखते हुए केंद्र सरकार के समक्ष इस विषय को उठाया जाएगा, ताकि गाइडलाइन में आवश्यक संशोधन किया जा सके और भर्ती प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके।

**◆ नियमों में बदलाव के लिए केंद्र से होगी बात**

**◆ प्रदेश में नर्सरी शिक्षकों की भर्ती में आ रही कमी**

इसके अलावा उन्होंने सदन को अवगत कराया कि प्रदेश में आंगनबाड़ी और शिक्षा विभाग से जुड़े सहायक कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है। सरकार का प्रयास है कि प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए और बच्चों को बेहतर आधारभूत शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

# विधानसभा में गूंजे छात्रों के सवाल

## अध्यक्ष पठानिया ने दिया लोकतंत्र का जीवंत पाठ

अनंत ज्ञान


कुलदीप सिंह पठानिया से संवाद करते छात्र। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से गुरुवार को जेसीबी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला न्यू शिमला के छात्र-छात्राओं ने विधानसभा सचिवालय में शिष्टाचार भेंट कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने संसदीय प्रणाली, विधानसभा की कार्यप्रणाली और स्पीकर के चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कई जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका अध्यक्ष ने सहज और क्रमबद्ध ढंग से उत्तर दिया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से भी संविधान, लोकतंत्र और हिमाचल विधानसभा के इतिहास से जुड़े सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब देने का प्रयास किया।

**◆ न्यू शिमला के विद्यार्थियों ने संसदीय प्रणाली को करीब से समझा**

अध्यक्ष पठानियां ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि देश की संसदीय व्यवस्था संघीय ढांचे पर आधारित है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बहुदलीय प्रणाली, जनमत से सरकार के गठन और विधानसभा में 68 सीटों के प्रावधान की जानकारी देते हुए कहा कि 35 या उससे अधिक सीटें प्राप्त करने वाला दल सरकार बनाता है। उन्होंने स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया और बताया कि यह प्रक्रिया अत्यंत रोचक होती है, जिसमें प्रोटेम स्पीकर की भूमिका अहम होती है। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सदन की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# जयराम बोले-अधिकारियों की खींचतान में सीएम 'बेबस'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा सत्र के समापन के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में सीएम सुक्खू मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी विफलताओं का ठीकरा लगातार केंद्र पर फोड़ रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि केंद्र से हिमाचल को पहले की तुलना में अधिक आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्होंने बजट को दूरदर्शिता और विकास से कोसों दूर बताते हुए इसे निराशाजनक करार दिया।

**◆ केंद्र से भरपूर सहयोग के बावजूद सरकार पर नाकामी का आरोप**



नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश में बिगड़ती प्रशासनिक व्यवस्था पर भी चिंता जताई। उनका कहना था कि अधिकारियों के बीच आपसी खींचतान चरम पर है और मुख्यमंत्री स्थिति संभालने में बेबस नजर आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संदिग्ध अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया जा रहा है, जबकि शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। साथ ही, शूलिनी विश्वविद्यालय प्रकरण को लेकर भी उन्होंने सरकार की चुप्पी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

जयराम ठाकुर ने सहारा पेंशन योजना में अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर पेंशन रोकी जा रही है, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने आंकड़ों के आधार पर दावा किया कि केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी अधिक रही है, इसके बावजूद राज्य सरकार जनता को गुमराह कर रही है।

# राशन व्यवस्था हो रही पूरी तरह पारदर्शी और सशक्त : अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में फेयर प्राइस सिस्टम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किए जा रहे सुधारों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'राइटफुल टार्गेटिंग' अभियान के तहत देशभर में 8.51 करोड़ संदिग्ध या अपात्र लाभार्थियों की पहचान की गई, जिनमें आयकर दायरे में आने वाले, मृतक, डुप्लीकेट और लंबे समय से राशन न लेने वाले लाभार्थी शामिल थे। राज्यों द्वारा जमीनी सत्यापन के बाद 2.21 करोड़ अपात्र लाभार्थियों को सूची से हटाया गया, जबकि 2.64 करोड़ को पात्र पाया गया। हिमाचल प्रदेश में 5,32,435 लाभार्थियों में से 25,357 को हटाया गया और 55,324 को सत्यापन के बाद बरकरार रखा गया।



**◆ लोकसभा में फेयर प्राइस सिस्टम सुधारों को किया रेखांकित**

उन्होंने बताया कि राशन कार्डों का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण और लगभग सभी लाभार्थियों का आधार से लिंक करना पूरा हो चुका है। ई-प्वॉइंट ऑफ सेल मशीनों के जरिए हर वितरण बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के साथ दर्ज हो रहा है। शिकायत निवारण प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन, 'अन्ना सहायता', 'मेरा राशन' ऐप और अन्य एआई प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराए गए हैं।

अनुराग ने फेयर प्राइस शॉप्स की आर्थिक स्थिति सुधारने पर भी जोर दिया। डीलरों के मार्जिन में वृद्धि की गई है और उन्हें गैर-खाद्य वस्तुओं, बैंकिंग सेवाओं और पोस्ट पेमेंट बैंक जैसी सेवाओं की बिक्री की अनुमति दी गई है। जन पोषण केंद्र जैसी पहल के माध्यम से दुकानों को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे पोषण, स्वास्थ्य और आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपात्र लाभार्थियों को हटाकर प्रणाली को स्वच्छ और पारदर्शी बना रही है, साथ ही वितरण तंत्र को आधुनिक, मजबूत और आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। यह बहुआयामी सुधार देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेंगे और हर जरूरतमंद तक समय पर लाभ सुनिश्चित करेंगे।

# अयोग्य विधायकों की पेंशन पर रोक का विधेयक पारित

## मुख्यमंत्री बोले, यह संशोधन वर्तमान के साथ भविष्य पर भी समान रूप से होगा लागू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में तीखी बहस और विरोध के बीच हिमाचल प्रदेश विधानसभा सदस्यों के भत्ते एवं पेंशन संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया गया। इस विधेयक का उद्देश्य अयोग्य घोषित किए गए विधायकों की पेंशन पर रोक लगाना है, जिसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार टकराव देखने को मिला। विपक्ष ने इस संशोधन को पूर्व प्रभाव से लागू करने पर कड़ा विरोध जताया और इसे संवैधानिक परंपराओं के विरुद्ध बताया।

विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में सभी जनप्रतिनिधियों की भावना का सम्मान होना चाहिए और इस तरह के संशोधन भविष्य के लिए होने चाहिए, न कि पहले से घटित घटनाओं पर लागू किए जाएं। वहीं, भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार इस संशोधन के माध्यम से कुछ चुनिंदा विधायकों को लक्षित कर रही है, जो कि जनहित के बजाय राजनीतिक बदले की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पहले भी इस प्रकार के संशोधन लाए गए, लेकिन इस बार इसका उद्देश्य स्पष्ट रूप से कुछ विधायकों को पेंशन लाभ से वंचित करना है। बहस के दौरान बिलासपुर से विधायक त्रिलोक जम्वाल ने भी कहा कि किसी भी विधेयक में संशोधन भविष्य के लिए होना चाहिए, जबकि यहां पहले से घटित मामलों को आधार बनाया गया है, जो विधायी परंपराओं के अनुरूप नहीं है। विपक्ष ने यह भी चेतावनी दी कि यदि यह मामला न्यायालय में गया और निर्णय विपरीत आया, तो सदन की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लग सकता है।


सीएम सुक्खू सदन में अपनी बात रखते हुए। अनंत ज्ञान

वहीं सत्ता पक्ष की ओर से उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने स्पष्ट किया कि यह संशोधन दल-बदल की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए लाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विधायक पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर बाद में दल-बदल करते हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने विपक्ष पर भी पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष हमेशा से चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश करता रहा है और इस तरह की राजनीति को रोकने के लिए यह कदम जरूरी है।

सदन में बढ़ती नोकझोंक के बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने हस्तक्षेप करते हुए स्पष्ट किया कि यह संशोधन 14वीं विधानसभा के संदर्भ में लागू होगा। उन्होंने सदन को शांत करते हुए कहा कि विधायी प्रक्रिया के तहत इस संशोधन को पारित किया जा रहा है और सभी सदस्यों को नियमों का पालन करना चाहिए। अंत में मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यह संशोधन किसी एक दल या व्यक्ति के खिलाफ नहीं है, बल्कि भविष्य में दल-बदल की प्रवृत्ति को रोकने के लिए एक व्यापक कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियम केवल वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी सभी विधायकों, चाहे वे किसी भी दल से हों, पर समान रूप से लागू होगा।

**जयंती विशेष**

## लाल चंद प्रार्थी ने रखी थी हिमाचल में भाषा विभाग और अकादमी की नींव

# हिमाचल के 'मिर्जा गालिब' ने प्रदेश में लिखी है विकास की इबारत

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** प्रदेश में कला की बात की जाए तो महान विभूतियों में से एक लाल चंद प्रार्थी का नाम सबसे ऊपर आता है। राजनीति के साथ प्रार्थी साहित्यकार, संगीतकार और कवि भी थे। इनकी बोए हुए बीज ने ही आज कुल्लवी नाटी को नई पहचान दी है।

शेर-ए-कुल्लू, चांद कुल्लवी, हिमाचल का मिर्जा गालिब के नाम से अलंकृत स्व. लाल चंद प्रार्थी का जन्म कुल्लू जिला की प्राचीन राजधानी नग्गर गांव में 3 अप्रैल, 1916 को हुआ था। महिलाओं को नाटी में स्थान दिलाने में इनका अहम योगदान रहा, जिसकी बदौलत आज कुल्लवी नाटी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है। हिमाचल में भाषा विभाग और अकादमी की नींव रखने वाले स्व. लाल चंद प्रार्थी का नाम आज भी पूरे शिद्दत के साथ लिया जाता है और यहां के लोगों के जेहन में आज भी लाल चंद प्रार्थी द्वारा हर क्षेत्र में किए हुए काम याद है। यही कारण है कि प्रार्थी का नाम आज भी कुल्लू जिला के सिर पर मुकुट की तरह चमक रहा है। प्रार्थी सिर्फ राजनीति के क्षेत्र में कुशल नहीं बल्कि उनके अंदर साहित्यकार, कवि और गीत-संगीत का हुनर भी भरा हुआ था। उनकी जयंती भले ही वक्त के साथ साथ आज सरकार और भाषा विभाग व अकादमी की ओर से मात्र औपचारिता के रूप में मनाया जाता है लेकिन कुल्लू जिला के लोग उनके किए कार्यों को कभी नहीं भूले हैं और उनके बराबर कार्य आज तक कुल्लू जिले से सरकार में रहे मंत्री और विधायक नहीं कर पाए हैं। प्रार्थी पांच भाषाएं हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, फारसी और उर्दू जानते थे। खासकर वे उर्दू भाषा का इस्तेमाल अपने राजनीतिक और अन्य सभाओं के भाषणों में भी करते थे। जिससे वे श्रोताओं को कई घंटों तक बांधे रखते थे। इसके अलावा वे एक अच्छे संगीतज्ञ भी थे। परंपरागत संगीत को संजाए रखने में भी उन्होंने काफी महत्वपूर्ण भमिका निभाई। सुलझे और ईमानदार राजनीतिज्ञ के साथ साथ प्रार्थी एक रचनाकार भी थी। उन्होंने उर्दू भाषाओं में कई गजलें और कविताओं की भी रचनाएं की।



अनंत ज्ञान स्पैशल

**◆ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया कुल्लू दशहरा**

प्रार्थी ने 1967 में सरकार में मंत्री बनने के बाद हिमाचल प्रदेश में भाषा-संस्कृति विभाग और अकादमी की स्थापना की थी। उसके बाद प्रदेश में भाषाओं के संरक्षण पर अभूतपूर्व कार्य हुआ। इतना ही नहीं उस दौरान उन्हें भाषा एवं संस्कृति मंत्रालय के साथ साथ आयुर्वेद मंत्री का कार्यभार भी सौंपा गया था। प्रार्थी को भारत सरकार की ओर से मंत्री नियुक्त किया गया था और अपने मंत्री रहते हुए प्रार्थी ने प्रदेश में कटराई के साथ-साथ प्रदेश में दो आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र खोले थे। उसके बाद प्रदेश

### कुल्लू देश की कहानी

**लाल** चंद प्रार्थी ने कुल्लू जिला के इतिहास को कुल्लू देश की कहानी नामक पुस्तक में लिखकर संजोए रखने का प्रयास किया है। इस पुस्तक में कुल्लू की राजनीति, राजाओं के शासन, संस्कृति और वेषभूषा के साथ साथ भौगोलिक परिस्थितियों का भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा उन्होंने और भी कई पुस्तकों का लेखन किया है जो कुल्लू के इतिहास को लेकर काफी महत्व रखते हैं।

### 1982 में दुनिया से हुए रुखसत

**काव्य** रचनाओं और साहित्यिक रचनाओं के लिए लाल चंद्र प्रार्थी को चांद कुल्लवी की संज्ञा दी गई। लेकिन 11 दिसंबर, 1982 को कुल्लू का यह चमकता सितारा सदा के लिए खो गया। प्रार्थी ने मैट्रिक के बाद लाहौल में जाकर आयुर्वेदाचार्य की उपाधि प्राप्त की और उसके बाद वापस आकर अपना राजनीतिक करियर शुरू किया। 1940 के दशक में उन्होंने अपनी पहली पुस्तक ग्राम्य सुधार लिखी थी।

### 3 बार पहुंचे विधानसभा

**लाल** चंद प्रार्थी तीन बार विधानसभा सदस्य रहे हैं। सबसे पहले 1952 में उन्हें विधानसभा सदस्य नियुक्त किया गया। 1962 में के बाद 1967 में भी उन्हें विधानसभा सदस्य चुना गया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम जैसे आंदोलन में भी भाग लिया और राजनीति के क्षेत्र में उन्होंने एक अलग से पहचान बनाई। प्रार्थी ने कुल्लू से पंचायत अधिकारी की नौकरी छोड़ कर कुल्लू से अर्द्धवार्षिक पत्रिका 'देवभूमि' शुरू की। इसमें उनके दो स्तम्भ उर्दू में 'लूहरी से लिंघटी तक' तथा कुल्लुवी में 'प्रार्थी के खड़्के' नियमित प्रकाशित होते थे, जो पाठकों में अत्यधिक लोकप्रिय थे। दुर्भाग्यवश पत्रिका का संग्रह न होने के कारण वे आज उपलब्ध नहीं हैं।

# 90 घंटे चली हिमाचल विधानसभा के 11वें सत्र की कार्यवाही : पठानिया

अनंत ज्ञान


विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सत्र की जानकारी देते हुए। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के 11वें सत्र की कार्यवाही लगभग 90 घंटे तक चली और इसकी कुल उत्पादकता 103 प्रतिशत दर्ज की गई। यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सत्र की समाप्ति के बाद मीडिया से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि 14वीं विधानसभा का यह सत्र अपेक्षानुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और इसमें विधायी तथा जनहित से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि सत्र दो चरणों में आयोजित किया गया। सत्र की शुरुआत 16 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ हुई। कुल 16 बैठकों में सदन की कार्यवाही संचालित हुई। पहले दिन पूर्व विधायक स्वर्गीय भगत राम चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिससे सत्र की शुरुआत भावनात्मक माहौल में हुई। सत्र के दौरान कुल 617 प्रश्नों, 471 तारांकित और 146 अतारांकित, के उत्तर सरकार द्वारा दिए गए। विभिन्न नियमों के तहत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, जिनमें नियम 61 के अंतर्गत 4, नियम 62 के तहत 2, नियम 67 के तहत 1 और अन्य नियमों के तहत भी विषय शामिल रहे। शून्यकाल के दौरान 94 मुद्दों को उठाया गया, जो जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और जनता के मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि सत्र में 9 सरकारी विधेयक प्रस्तुत कर पारित किए गए तथा समितियों के 60 प्रतिवेदन भी सदन में रखे गए। इसके अतिरिक्त 649 विद्यार्थियों ने सदन की कार्यवाही को प्रत्यक्ष देखा, जो युवाओं में लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति बढ़ती रुचि का संकेत है। उन्होंने सत्र को सौहार्दपूर्ण ढंग से संचालित करने में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की।

अंत में उन्होंने सदन के सभी सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से यह सत्र समयबद्ध और सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया। लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए इस प्रकार की सक्रिय और सकारात्मक कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है।

# छह को सड़कों पर नहीं दिखेंगी पीली नंबर प्लेट वाली गाड़ियां

## जिलेभर के चालक धर्मशाला में करेंगे हड़ताल, कमर्शियल व्हीकल ऑपरेटर्स यूनियन का अल्टीमेटम

◆ **एटीएस के बजाय पूर्व की तरह 21 जगहों पर उपलब्ध हो वाहन पासिंग सुविधा**

अनंत ज्ञान



जिलाधीश से संतोषजनक जवाब न देने पर बिफरे चालक। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में छह अप्रैल को पीली नंबर प्लेट वाली गाड़ियां यानी कमर्शियल व्हीकल सड़कों पर नहीं दिखेंगे।

जिलेभर के कमर्शियल व्हीकल ऑपरेटर, जिनमें टैक्सी, ऑटो, बस ऑपरेटर शामिल हैं, धर्मशाला में हड़ताल करेंगे। कमर्शियल व्हीकल ऑपरेटर महात्मा गांधी स्मृति वाटिका में एकत्रित होंगे तथा दिनभर हड़ताल की जाएगी। जिलेभर की टैक्सी यूनियनों के प्रतिनिधियों ने सरकार व प्रशासन को छह अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया है, साथ ही चेताया कि छह अप्रैल की हड़ताल से जनता को होने वाली परेशानी के लिए सरकार जिम्मेवार होगी। वीरवार को जिलेभर के टैक्सी यूनियनों के प्रतिनिधि डीसी कार्यालय पहुंचे थे। वाहन पासिंग की सुविधा रानीताल के गाहलियां के अलावा अन्य स्थानों पर उपलब्ध करवाने की मांग पर डीसी कांगड़ा द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने के विरोध में टैक्सी ऑपरेटर्स डीसी कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। मैक्लोडगंज टैक्सी यूनियन के प्रधान अशोक शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से टैक्सी ऑपरेटर्स की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। एटीएस गाहलियां में वाहन पासिंग के लिए जाना पड़ रहा है, जहां सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उनका कहना है कि जैसे पहले विभिन्न 21 स्थानों पर वाहन पासिंग की जाती थी, उसी व्यवस्था को बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के समक्ष 19 मार्च से लगातार मांग को उठाया जा रहा है, इसके बावजूद अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया है। इसके चलते सभी टैक्सी ऑपरेटर्स को हड़ताल जैसा कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि ऑटो का परमिट 20 किलोमीटर का होता है, ऐसे में ऑटो चालक कैसे अपने वाहनों की पासिंग के लिए गाहलियां पहुंच सकते हैं। इसके अलावा जो कमर्शियल वाहन चालक गाहलियां में वाहन पासिंग के लिए पहुंच रहे हैं, उन्हें भी प्रॉपर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में सरकार को 6 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया कि इस दिन जिलेभर के कमर्शियल व्हीकल ऑपरेटर धर्मशाला में एकत्रित होकर हड़ताल करेंगे। इसके बावजूद बात नहीं बनती है तो आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

## सिविल अस्पताल थुरल में 4 और 5 को किशोरियों को लगेगी एचपीवी वैक्सीन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सिविल अस्पताल थुरल में 4 और 5 अप्रैल को किशोरियों के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान आयोजित किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा ने बताया कि यह वैक्सीन महिलाओं में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के संक्रमण से बचाव में सहायक है, जो आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह टीकाकरण महिलाओं में होने वाले गंभीर सर्वाइकल कैंसर को रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से इस प्रकार के कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अभियान के दौरान उनकी टीम घर-घर जाकर लोगों को वैक्सीनेशन के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही गलत जानकारी के कारण किशोरियों और उनके अभिभावकों में अनावश्यक शंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। स्वास्थ्य विभाग लगातार इन भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास कर रहा है। डॉ. शर्मा ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं और उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखें।

# युवा संगम-एक भारत श्रेष्ठ भारत में समन्वयक की भूमिका निभाएगा केंद्रीय विवि : प्रो. बंसल

## प्रदेश के एक हजार युवाओं में से 50 का होगा सांस्कृतिक यात्रा के लिए चयन

अनंत ज्ञान



प्रेसवार्ता करते सीयू के कुलपति प्रो. बसंल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार की प्रमुख पहल युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत इस वर्ष भी हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय को समन्वयक के रूप में दायित्व प्रदान किया गया है।

कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने प्रेसवार्ता में बताया कि हिमाचल प्रदेश का पेअर स्टेट इस वर्ष पुडुचेरी निर्धारित किया गया है, जहां एनआईटी पुडुचेरी के साथ शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से 1,000 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण किया, जिनमें से चयन समिति द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर 50 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयन के प्रमुख मापदंडों में हिमाचल प्रदेश का डोमिसाइल, एनएसएस/एनसीसी और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी शामिल है। यह कार्यक्रम परंपरा, पर्यटन, प्रौद्योगिकी, संवाद और प्रगति पर आधारित है, जिससे प्रतिभागी विभिन्न राज्यों की संस्कृति और सामाजिक जीवन को समझते हैं। चयनित प्रतिभागियों के लिए भव्य फ्लैग आफ समारोह आयोजित होगा, जिसमें राज्यपाल, पद्म पुरस्कार विजेता और खेल जगत की हस्तियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। यात्रा आईआरसीटीसी के सहयोग से पठानकोट से शुरू होगी। यह कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय एवं नेतृत्व क्षमता के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## डाडासीबा अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ की तैनाती से मिली बड़ी राहत

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** आदर्श स्वास्थ्य संस्थान सिविल अस्पताल डाडासीबा में बुधवार को महिला रोग विशेषज्ञ की तैनाती होने से क्षेत्र की महिलाओं को बड़ी राहत मिली है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार ने अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। वे पहले नाहन मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट रह चुके हैं। अब महिलाओं को गर्भावस्था, प्रसव और अन्य स्त्री रोगों के इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों जैसे देहरा अस्पताल और मेडिकल कॉलेज टांडा नहीं जाना पड़ेगा।



अस्पताल में गर्भाशय, अंडाशय, मासिक धर्म, हार्मोनल असंतुलन और संक्रमण जैसी समस्याओं का इलाज उपलब्ध होगा। साथ ही गर्भावस्था जांच, सुरक्षित प्रसव और नवजात शिशु की देखभाल भी स्थानीय स्तर पर संभव होगी। इस सुविधा के शुरू होने से जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आएगा और लोगों का समय व खर्च बचेगा। क्षेत्रवासियों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का आभार जताया है।

### क्विड प्रो क्वो के आरोपों पर 'आप' के राज्य प्रवक्ता का सरकार पर हमला

# देवभूमि में डील की सरकार : क्या मुख्य सचिव की कुर्सी के नीचे दबी है भ्रष्टाचार की फाइलें?

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की पावन धरा को आज क्विड प्रो क्वो अर्थात लेन-देन की राजनीति ने शर्मसार कर दिया है। आम आदमी पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने प्रदेश सरकार और नौकरशाही के बीच चल रहे कथित जमीन के बदले संरक्षण के खेल पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे राज्य के इतिहास का सबसे संगठित भ्रष्टाचार करार दिया है। भंडारी ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को कटघरे में खड़ा करते हुए पूछा कि 25 करोड़ की जमीन, 1.38 करोड़ में कैसे? क्या यह बाजार भाव का अंतर है या किसी फाइल को पास करने की रिश्वत का एडवांस भुगतान?



जब राज्य का सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा हो, तो मुख्यमंत्री की अनभिज्ञता क्या उनकी विफलता नहीं है? या फिर यह चुप्पी किसी बड़े राज को दबाने की कीमत है? मुख्य सचिव अपने ही सहयोगियों पर साजिश का आरोप लगा रहे हैं। आज सचिवालय सेवा का केंद्र नहीं, बल्कि म्युचुअल बेनिफिट क्लब बन चुका है। जहां फाइलें नहीं, रसूख बोलता है। नियमों को ताक पर रखकर चहेते बिल्डरों और रसूखदारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। सोलन का चर्चित चेस्टर हिल प्रोजेक्ट इस भ्रष्टाचार के हिमशैल यानी आइसबर्ग की महज एक नोक है। आदमी पार्टी हिमाचल की अस्मत और जमीन से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी मांग करती है कि जांच को प्रभावित होने से बचाने के लिए मुख्य सचिव को उनके पद से तुरंत हटाया जाए। हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में समयबद्ध स्वतंत्र जांच हो। चेस्टर हिल प्रोजेक्ट समेत मुख्य सचिव के कार्यकाल की सभी संदिग्ध फाइलों को सार्वजनिक किया जाए। कल्याण भंडारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने ठोस कार्रवाई नहीं की, तो आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में जनजागरण अभियान के तहत गांव-गांव जाकर इस अफसरशाही-माफिया गठजोड़ का चेहरा बेनकाब करेंगे।

## कल मनाया जाएगा आपदा जागरूकता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला प्रशासन कांगड़ा द्वारा 4 अप्रैल को 1905 के कांगड़ा भूकंप की 121वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपदा जागरुकता दिवस मनाया जाएगा। एडीएम शिल्पी बेक्टा ने बताया कि इस अवसर पर जिला मुख्यालय धर्मशाला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य आम जनता को आपदा प्रबंधन और भूकंप सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। 4 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर से पुलिस ग्राउंड धर्मशाला तक सिटीजन सॉलिडेरिटी मार्च (आपदा जागरुकता रैली) का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद जागरुकता कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। एडीएम ने आम जनता से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में सक्रिय भाग लें, ताकि सही जानकारी और तैयारी के माध्यम से आपदा के समय जन-धन की हानि को कम किया जा सके।

# समग्र शिक्षा अभियान में नहीं मिले कई अनुदान

## राजकीय टीजीटी कला संघ की मांग, सभी लंबित अनुदान जल्द जारी हों

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सत्र 2025-26 में प्रदेश के करीब 13500 स्कूलों को समग्र शिक्षा अभियान में कम अनुदान मिले हैं। अधिकांश प्राथमिक स्कूलों को 19500 रुपए, मिडल स्कूलों को 9500 रुपए, हाई स्कूलों को 24335 और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को नामांकन अनुसार 25000 से 37500 रुपए कम्पोजिट ग्रांट,12 हजार रुपए आईसीटी और 50 हजार वोकेशनल शिक्षा अनुदान मिला है। इस तरह कम्पोजिट ग्रांट पहले से आधी ही मिल पाई है।

सत्र 2025-26 में स्कूलों को ईको क्लब ग्रांट भी नहीं है और खेल अनुदान भी स्कूलों तक नहीं पंहुचा है। ऐसे में स्कूलों को बिजली, इंटरनेट, स्टेशनरी, परीक्षा सामग्री खरीद आदि जैसे मूल खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। सबसे बुरी हालत में मिडल स्कूल हैं, जिनमें अधिकांश स्कूलों को कम्पोजिट अनुदान के नाम पर मात्र 5000 रुपए मिले हैं। ऐसे में सभी लंबित अनुदान एसएसए जल्दी जारी करे। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य समग्र शिक्षा अभियान निदेशक से उठाई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि केंद्र से समग्र शिक्षा अभियान बजट में कटौती घोषित नहीं हुई, मगर स्कूलों को समय पर अनुदान नहीं मिले और वित्तीय सत्र समाप्त हो गया। एक तरफ सीबीएसई स्कूलों के मापदंड पूरा करने के लिए सरकार 100 करोड़ रुपए स्वीकृत कर रही है और दूसरी तरफ सरकारी स्कूलों को मिल रहे सामान्य एसएसए अनुदान भी आधे रह गए हैं और स्मार्ट मीटर्स के बिल ज्यादा आने से स्कूल वित्तीय संकट में हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान का विस्तृत बजट 2 मई 2025 को अनुमोदित हो चुका है। समग्र अब तक स्कूलों को एसएसए ग्रांट्स नहीं मिली हैं। सत्र 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने कुल 853.51 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। केंद्र स्कूल शिक्षा विभाग ने इस पर 780.25 करोड़ की राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा दी थी। यह बजट 12 प्रमुख घटकों में बांटा गया है, जिनमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए लगभग 388.93 करोड़ बजट तय किया गया है। कौशल शिक्षा के लिए 150.38 करोड़, शिक्षक प्रशिक्षण के लिए 38.93 करोड़, आरटीई एंटाइटलमेंट्स के लिए 38.51 करोड़, कार्यक्रम प्रबंधन के लिए 37.15 करोड़ तथा शिक्षकों को आर्थिक सहायता देने के लिए 75.70 करोड़, एक्सेस एंड रिटेंशन मद के तहत 12.88 करोड़, लिंग समता के लिए 16.78 करोड़, योजना की मॉनिटरिंग के लिए 6.23 करोड़ तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा के लिए 13.79 करोड़ , समावेशी शिक्षा के लिए 4.95 करोड़ स्वीकृत हुए थे। इसके बावजूद स्कूल अनुदान को तरसते रहे। समग्र शिक्षा अभियान बीआरसीसी नियुक्ति प्रक्रिया भी पूरी नहीं कर सका, जिसके लिए इंटरव्यू जून 2025 में हो चुके थे।

# हारमनी डे केयर सेंटर दाडनू में बच्चों का किया मेडिकल चेकअप



कैंप में बच्चों का ब्लड ग्रुप भी चेक किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हारमनी डे केयर सेंटर दाडनू धर्मशाला में जोनल अस्पताल धर्मशाला के सहयोग से मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए सेवानिवृत्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय दत्ता भी मौजूद रहे।

डॉ. अजय शिशु विशेषज्ञ हैं और उन्होंने बच्चों का ब्लड ग्रुप चेक किया। कैंप में लगभग चालीस दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. अजय दत्ता ने बच्चों को मल्टीविटामिन और कैल्शियम की गोलियां वितरित कीं। इसके साथ ही बच्चों का जनरल चेकअप किया गया और स्वास्थ्य सुधार के लिए उपयोगी सुझाव दिए गए। हारमनी सेंटर में समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल में सुधार हो सके। इस अवसर पर हारमनी सेंटर की टीम ने मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अनुराधा शर्मा और उनकी टीम के सदस्यों सलिल वख्शी और किरण ठाकुर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सेंटर के अध्यक्ष प्रशांत भसीन, उपाध्यक्ष प्रोफेसर आरपी चोपड़ा और कोषाध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप बंटा भी उपस्थित रहे।

## शारीरिक शिक्षकों की मांगों को लेकर मुखर हुआ राष्ट्रीय फिटनेस कोर शिक्षक संघ

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश में शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर राष्ट्रीय फिटनेस कोर शिक्षक संघ ने सरकार के समक्ष अपनी आवाज बुलंद की है। संघ की ओर से जारी पत्र में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को उजागर करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को लंबे समय से उनके कार्य के अनुरूप उचित वेतनमान और अन्य सुविधाएं प्रदान नहीं की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, सेवा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मामलों में स्पष्ट नीति के अभाव के कारण शिक्षकों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर पूर्व में भी कई बार संबंधित विभाग और सरकार को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मजबूर होकर अब संघ इन विषयों पर कानूनी राय लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुका है, ताकि शिक्षकों को उनका अधिकार दिलाया जा सके। संघ ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो शिक्षकों को आंदोलन का मार्ग अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अंत में, राष्ट्रीय फिटनेस कोर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि सरकार इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय करेगी और शिक्षकों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

# अंडर-19 युवा स्टेट चैंपियनशिप स्पर्धा में सकड़ी स्कूल के अमन ने जीता सिल्वर मेडल



स्कूल पहुंचने पर अमन को प्रधानाचार्य डॉ. संदीप आचार्य ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सकड़ी के जमा दो के छात्र अमन कुमार ने अंडर-19 युवा स्टेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया है। अमन ने कांगड़ा जिले की टीम से 50 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया था। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हमीरपुर जिले के गांधी चौक में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित हुई।

अमन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने प्रशिक्षक एवं प्रवक्ता शारीरिक शिक्षक नवीन राणा, अभिभावकों और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। स्कूल पहुंचने पर अमन का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संदीप आचार्य ने उन्हें मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महाराजनगर में कल से शुरू होगा आशापुरी मेला

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के तहत महाराजनगर (द्रवाटा) में 4 से 7 अप्रैल तक आशापुरी मेला आयोजित किया जाएगा। मेला कमेटी के प्रधान कुलवंत शर्मा ने बताया कि मेले में आने वाले दुकानदारों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेले में बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मेले के आकर्षणों में दंगल भी शामिल है, जिसमें विजेता को 15,000 रुपए और उपविजेता को 11,000 रुपए पुरस्कार राशि दी जाएगी। यह मेला क्षेत्र में परंपरा और मनोरंजन का प्रमुख आयोजन माना जाता है।

## नवोदय विद्यालय पपरोला में करवाई मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांगड़ा जिले में 4 अप्रैल 1905 को आए विनाशकारी भूकंप की 121वीं वर्षगांठ के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में भूकंप जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरुकता बढ़ाना और उन्हें विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करना था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को भूकंप के दौरान हुए जानी एवं मालीय नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आपदा के समय सुरक्षित रहने के उपाय और बचाव के तरीके भी समझाए गए। अग्निशमन विभाग बैजनाथ के प्रभारी विजय कुमार एवं उनकी टीम ने मॉकड्रिल का संचालन किया। मॉकड्रिल में विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने, स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जरूरतमंदों की सहायता करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। इस कार्यक्रम में लगभग 550 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षक और आयोजन समिति ने बच्चों को आपदा के दौरान सतर्क रहने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह पहल विद्यार्थियों को भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने के लिए आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने में सहायक साबित हुई। इससे युवा पीढ़ी में सुरक्षा, सतर्कता और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरुकता बढ़ेगी।

## वाहन चालकों से किया ट्रैफिक नियमों का पालन करने का आग्रह

**अनंत ज्ञान, जवाली।** रोड सेफ्टी पुलिस स्टेशन जवाली की ओर से ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी कुलभूषण वर्मा ने की, जबकि रोड सेफ्टी क्लब के प्रधान साहिल गुलेरिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जवाली के लब में वाहन चालकों को डीएसपी वीरी सिंह और थाना प्रभारी देवराज शर्मा ने ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान चालकों की आंखों की जांच भी की गई। एसपी कुलभूषण वर्मा ने कहा कि हर टू-व्हीलर चालक हेलमेट का उपयोग करें और जीवन की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने सभी बस चालकों और ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर सतर्क रहने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और लोगों में सुरक्षा के प्रति चेतना बढ़ाना था।

# छन्नी गांव में घर से 9.04 ग्राम चिट्टा किया बरामद, 1 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नूरपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा के निर्देश पर की गई कार्रवाई में एक व्यक्ति को 9.04 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया है। सीआईए टीम के प्रभारी सतेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ गुप्त सूचना के आधार पर छन्नी गांव, तहसील इंदौरा में दबिश दी।

इस दौरान आरोपी राज कुमार उर्फ राजू (46) के घर की तलाशी ली गई, जिसमें 9.04 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना डमटाल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है, ताकि नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## नई रोस्टर नीति पर सियासी घमासान तेज सरकार पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पंचायत चुनावों से पहले नई रोस्टर नीति को लेकर सियासी माहौल गर्म हो गया है। चौली पंचायत के पूर्व प्रधान दलीप सिंह वर्मा ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इस नीति को लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ बताया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पंचायतों को स्थायी रूप से आरक्षित करने की तैयारी की जा रही है। वर्मा ने कहा कि यदि रोस्टर का आधार केवल जनसंख्या को बनाया गया, तो कई पंचायतों में एक ही वर्ग का लंबे समय तक वर्चस्व कायम हो सकता है, जिससे अन्य वर्गों के लोगों के चुनाव लड़ने के अवसर सीमित हो जाएंगे। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि इससे सामाजिक संतुलन बिगड़ सकता है और पंचायत व्यवस्था की मूल भावना प्रभावित हो सकती है। उन्होंने सरकार से इस नीति पर तुरंत पुनर्विचार करने की मांग की है और चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो जनता में आक्रोश बढ़ेगा। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस मुद्दे को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अभाव में यह नीति भ्रम और असंतोष पैदा कर रही है।



◆ **लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ है नई रोस्टर नीति : दलीप**

## पूर्व सैनिक के मोटरसाइकिल एकता अभियान का शहीद स्मारक धर्मशाला से कल होगा आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एकता का संदेश फैलाने के लिए पूर्व सैनिक कर्नल जीत बहादुर ने हिमाचल दिवस एकल मोटरसाइकिल एकता अभियान शुरू किया है। इस एकता अभियान को 4 अप्रैल को युद्ध स्मारक धर्मशाला से मुख्य अतिथि डीसी कांगड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह अभियान हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों से होकर गुजरेगा, जिसमें मैदानी इलाकों, पहाड़ों, जंगलों और लगभग 11,000 फीट ऊंचे दर्रों से होते हुए लगभग 2000 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। राइडर द्वारा हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों से मिट्टी एकत्र की जाएगी, जिसका उपयोग 15 अप्रैल को युद्ध स्मारक धर्मशाला में एकता उपवन/यूनिटी पार्क लगाने के लिए किया जाएगा, यह दिन हिमाचल दिवस के शुभ अवसर के साथ मेल खाता है। पूर्व सैनिक कर्नल जीत बहादुर ने कहा कि एकता ही किसी देश की ताकत होती है और यह सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देती है। इस पूर्व सैनिक ने एकता के विचार को बढ़ावा देने के लिए पहले भी इस तरह की एकता यात्राएं की हैं। उन्होंने भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में सेवा दी है। उन्होंने इस एकता अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन और प्रदेश राज्य युद्ध स्मारक विकास समिति का आभार व्यक्त किया। समिति की गवर्निंग काउंसिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कार्यवाहक अध्यक्ष, पूर्व सैनिक कर्नल जय गणेश सिंह ने कहा कि एकता समाज में आपसी सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देती है।



◆ **अभियान के तहत 12 जिलों से एकत्रित की जाएगी मिट्टी**

◆ **धर्मशाला शहीद स्मारक में एकता उपवन/यूनिटी पार्क में होगा मिट्टी का प्रयोग**

### 13.59 लाख ऑनलाइन ठगी मामला

# हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के एक निवासी को नौसरबाजों ने स्टॉक मार्केट में रोबोटिक्स तरीके से पैसे लगाने का लालच देकर 13.59 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। यह घटना मार्च 2023 में हुई थी, जब ठगों ने पीड़ित को मुनाफा कमाने का झांसा देकर विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए फुसलाया। पीड़ित ने विश्वास कर 13.59 लाख रुपये ठगों के बताए गए खातों में जमा कर दिए। जब उसे कोई मुनाफा नहीं हुआ और पैसे वापस मांगे, तो ठगों ने अपने फोन नंबर बंद कर दिए। इससे पीड़ित को एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद, पीड़ित ने अदालत का सहारा लिया और तीन साल बाद हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सोहन सिंह, जो इस ठगी का शिकार हुए, ने पुलिस को बताया कि मार्च 2023 में राजीव साहू नामक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और कहा कि वह स्टॉक मार्केट में रोबोटिक्स तरीके से पैसे लगाते हैं और इसमें कोई जोखिम नहीं है। ठग ने यह भी कहा कि इसमें अच्छा मुनाफा होगा, जिसके बाद पीड़ित ने विभिन्न खातों में पैसे ट्रांसफर कर दिए। अब पुलिस ने मामले में साइबर क्राइम थाना में केस दर्ज कर लिया है और ठगों के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस ऑनलाइन फ्रॉड के आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयासरत है।

# बोर्ड परीक्षाओं में नकल के मामलों में आई कमी

## बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश बोले– उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन केंद्रों के लिए बोर्ड ने गठित की निगरानी कमेटियां

◆ जमा दो पेपर चेकिंग को 2130, 10वीं के लिए 2900 शिक्षक नियुक्त

अनंत ज्ञान



प्रेसवार्ता करते स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के दौरान इस बार नकल के मामलों में कमी आई है।

दसवीं व बारहवीं की परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए बोर्ड की ओर से निगरानी कमेटियां गठित की गई हैं। जमा दो पेपर चेकिंग को 2130, जबकि दसवीं की पेपर चेकिंग के लिए 2900 शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने वीरवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में नकल के 282 मामले सामने आए थे, जबकि इस बार केवल 59 मामले ही सामने आए हैं। बोर्ड के नकल के खिलाफ अभियान के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने सुचारु रूप से बोर्ड परीक्षाओं का संचालन पूरा करवाया है, अब हमारा ध्येय 30 अप्रैल से पहले परिणाम घोषित करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड अब बच्चों की करियर काउंसिलिंग भी करेगा। उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल से बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पहले चरण का मूल्यांकन कार्य आरंभ हो गया है, जिसके लिए 41 केंद्र बनाए गए हैं, जबकि दूसरा चरण 16 अप्रैल से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में जमा दो की संस्कृत, अंग्रेजी, इकोनोमिक्स, फिजिक्स, हिंदी, अकाउंटेंसी व बायोलॉजी विषयों, जबकि दसवीं की अंग्रेजी, हिंदी, गणित और साइंस विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं की चेकिंग होगी। हमारा प्रयास रहेगा कि दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल से पहले घोषित किया जा सके।

# शिक्षा बोर्ड ने जारी किया डीएलएड एंट्रेंस टेस्ट और री-अपीयर परीक्षाओं का शेड्यूल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के युवाओं के लिए प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (डीएलएड) के माध्यम से शिक्षण क्षेत्र में करियर बनाने का शानदार अवसर आ गया है। शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर दिए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर निर्धारित समयसीमा के भीतर अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। यह प्रवेश परीक्षा न केवल नए अभ्यर्थियों के लिए है, बल्कि बोर्ड ने उन परीक्षार्थियों के लिए भी आवेदन की खिड़की खोल दी है जो डीएलएड पार्ट-1 और पार्ट-2 की री-अपीयर परीक्षाओं में बैठने के पात्र हैं। डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 4 अप्रैल से शुरू होगी और 26 अप्रैल तक जारी रहेगी। यदि कोई अभ्यर्थी इस अवधि में आवेदन करने से चूक जाता है, तो वह 27 से 29 अप्रैल तक 500 रुपए के विलंब शुल्क के साथ अपना फॉर्म भर सकता है। बोर्ड ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 30 अप्रैल से 2 मई तक त्रुटि सुधार का समय भी दिया है। इस पूरी प्रक्रिया के बाद, बहुप्रतीक्षित प्रवेश परीक्षा का आयोजन 31 मई 2026 (रविवार) को किया जाएगा, जिसके लिए रोल नंबर परीक्षा से ठीक चार दिन पहले डाउनलोड किए जा सकेंगे। डॉ. राजेश ने बताया कि आवेदन शुल्क की बात करें तो सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 900 रुपए, जबकि एससी/एसटी, ओबीसी, पीएचएच और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 600 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। भुगतान की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। विशेष रूप से श्रेणी या उप-श्रेणी में किसी भी बदलाव के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं बोर्ड कार्यालय धर्मशाला जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा, क्योंकि अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

### री-अपीयर परीक्षाओं के लिए भी आवेदन प्रक्रिया शुरू

**एंट्रेंस** टेस्ट के साथ-साथ बोर्ड ने डीएलएड पार्ट-1 और पार्ट-2 के री-अपीयर छात्रों के लिए भी जून में होने वाली परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके लिए पात्र छात्र 2 अप्रैल से 16 अप्रैल के बीच अपने संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। री-अपीयर परीक्षा के लिए प्रति छात्र 1350 रुपए शुल्क तय किया गया है। बोर्ड ने सभी शिक्षण संस्थानों और छात्रों को सलाह दी है कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें, क्योंकि अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### निजी बस ने खड़ी गाड़ी को मारी टक्कर, लगा जाम

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल-धर्मशाला रोड पर सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी को एक निजी बस ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैफिक जाम लग गया। मौके पर पहुंचकर यातायात प्रभारी ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया। यातायात प्रभारी ने बताया कि धर्मशाला रोड पर ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का मुख्य कारण पंजाब नेशनल बैंक के पास लोगों द्वारा सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी करना है, जिससे अन्य वाहनों को परेशानी में समस्या होती है और कभी-कभी दुर्घटनाएं या घंटों लंबा जाम लग जाता है।

### शांति हवन, श्री हनुमान चालीसा पाठ किया

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल इंदौरा के दायित्ववान कार्यकर्ता विकास राणा अखाड़ा प्रमुख, कुशल गौरक्षा प्रमुख द्वारा बनाए गए हनुमान मंदिर में शांति हवन का पाठ, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साथ ही प्रसाद के रूप में भोजन वितरण किया गया। इस पावन पर्व पर राहुल चौहान विभाग संयोजक, रोहन चौहान गौरक्षा प्रमुख, कुनाल शर्मा जिला सह संयोजक एवं सभी आस पास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नशे के खिलाफ एकजुट होने का दिया संदेश

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के फतेहपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए अंतरपीढ़ीगत जुड़ाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप-मंडलाधिकारी (ना0) फतेहपुर विश्रुत भारती ने बुजुर्गों और युवाओं के बीच मजबूत संबंधों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इसे सामाजिक सामंजस्य बढ़ाने और बच्चों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया। कार्यक्रम में ग्लोबल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया, जिससे भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा मिला।

### 9 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला व सत्र न्यायाधीश चिराग भानू सिंह ने जानकारी दी कि 9 मई, 2026 को हिमाचल प्रदेश के सभी जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें बैंक से संबंधित, श्रम विवाद, बिजली-पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंसिंग, और लंबित मामले सुने जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति संबंधित कोर्ट में आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभिन्न उपमंडलीय विधिक सेवा समितियों के संपर्क नंबर पर या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है।

### महाराणा प्रताप स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, गगल।** महाराणा प्रताप स्कूल सिहंवा में वीरवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हवन समारोह के साथ की गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, विद्यार्थी और अभिभावकों ने श्रद्धा और उत्साह से भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक हो गया। विद्यार्थियों ने आहुतियां दी और अपने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक कर्नल एस एस राणा ने बताया कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देते हैं। अंत में भोजन प्रसाद वितरण किया गया।

सिविल अस्पताल भवारना में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

### एचपीवी वैक्सीन बेटियों के लिए जरूरी : डॉ. राणा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सिविल अस्पताल भवारना के बीएमओ डॉ. नवीन राणा ने बताया कि एचपीवी टीका गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर और जननांगों पर होने वाले मुंहासों से सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका 150 देशों में उपयोग हो रहा है और भारत में भी निजी क्षेत्र में इसका प्रयोग जारी है। स्वास्थ्य विभाग 14-15 साल की किशोरियों के लिए 29 मार्च से विशेष टीकाकरण अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत 4 और 5 अप्रैल को टीकाकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अफवाहों से बचने की अपील की।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली झांकी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव में श्री हनुमान जन्मोत्सव बाबा कोडगीर मंदिर लंबागांव में मनाया गया। हनुमान अभिषेक व प्रभात फेरी के साथ 51 किलो लड्डुओं भोग प्रसाद लगाया गया तथा भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी की झांकी निकाली गई। इस अवसर पर हर्षित कौंडल, कमल जमवाल, कोमल प्राची, तास्वी, विशाल विकाश राणा के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ग्राउंड में आयुष्मान आरोग्य शिविर 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में 7 अप्रैल को आयोजित होने वाले रेडक्रॉस मेले के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक करोल ने शिविर बारे जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

# वारंटी के बावजूद उपभोक्ता से वसूले 1.10 लाख रुपए

## जिला उपभोक्ता आयोग कांगड़ा ने कंपनी को दिया पैसे लौटाने का आदेश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला उपभोक्ता आयोग कांगड़ा ने एक अहम फैसले में वाहन डीलर और कंपनी को उपभोक्ता से वसूली गई मरम्मत राशि वापस करने का आदेश दिया है। आयोग ने डीलर और कंपनी को संयुक्त रूप से निर्देश दिए हैं कि शिकायतकर्ता को 1,10,521 की राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाई जाए।

इसके अलावा मानसिक परेशानी के लिए 15 हजार मुआवजा दिया जाए और साथ ही 10 हजार वाद खर्च के रूप में अदा किए जाने के भी आदेश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य नारायण ठाकुर व आरती सूद ने इसे सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार मानते हुए यह फैसला सुनाया है। जानकारी के अनुसार कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां निवासी सरूप चंद ने 18 जून 2024 को एक नई ब्रेजा कार खरीदी थी। उन्होंने वाहन के साथ 16,484 की एक्सटेंडेड वारंटी भी ली थी, जो 17 जून 2029 या 1 लाख किलोमीटर तक मान्य थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 22 सितंबर 2025 को उनकी गाड़ी गोपालपुर के पास खराब हो गई, जिसके बाद उसे डीलर के पास ले जाया गया। जांच में इंजन चैंबर में खराबी बताई गई। वारंटी के बावजूद वाहन को 45 दिनों तक रोके रखा गया और बाद में मरम्मत के नाम पर 1,10,521 की मांग की गई। मजबूरी में उपभोक्ता ने यह राशि जमा कर दी, लेकिन बाद में इसे सेवा में कमी बताते हुए आयोग में शिकायत दर्ज कराई। सुनवाई के दौरान विपक्षी पक्ष (डीलर और कंपनी) की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ, जिसके चलते मामला एकतरफा (एक्स-पार्टी) चला। आयोग ने शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और साक्ष्यों को सही मानते हुए पाया कि वारंटी के तहत आने वाली मरम्मत के लिए शुल्क लेना गलत है। उपभोक्ता आयोग ने अपने आदेश में कहा कि इतनी बड़ी कंपनी के वाहन के पार्ट्स उपलब्ध न होना और गाड़ी को 45 दिन तक रोके रखना भी सेवा में कमी है। इसके चलते उक्त आदेश जारी किए गए।

### भवारना स्थित बाल आश्रम से लापता बच्चा 24 घंटे में बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला कांगड़ा के भवारना क्षेत्र स्थित एक बाल आश्रम से एक नेपाली मूल के बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। बुधवार को बाल आश्रम के प्रभारी ने पुलिस को सूचना दी कि चार बच्चों को घुमाने के दौरान एक बालक खेतों में खेलते-खेलते काफी आगे निकल गया। काफी समय तक उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो टीमों का गठन किया और बच्चे की तलाश शुरू की। वीरवार दोपहर पुलिस ने शिवनगर से बालक को बरामद किया और उसे बाल आश्रम प्रबंधन के हवाले कर दिया। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने पुष्टि करते हुए कहा कि बालक को सुरक्षित रूप से ढूंढ़ लिया गया और बाल आश्रम के प्रबंधन को सौंप दिया गया है।

# पंचरुखी में बस अड्डा बनाने के लिए सरकार करेगी प्रयास : मुकेश

◆ राज्यस्तरीय सल्याणा छिंज मेले में की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पंचरुखी में बस अड्डा बनाने के लिए प्रदेश सरकार गंभीरता से प्रयास करेगी। इस संबंध में भूमि उपलब्ध होने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पंचरुखी के राज्यस्तरीय सल्याणा छिंज मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि पंचरुखी क्षेत्र की जल शक्ति विभाग की सभी योजनाओं के स्तरोन्नत, अतिरिक्त निर्माण सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। मुकेश अगिनहोत्री ने छिंज में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय छिंज मेले की एक संध्या अगले साल 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का यह मेला अपनी संस्कृति को संजोए हुए है। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन को बधाई भी दी। उपमुख्यमंत्री ने मंत्री यादविंद्र गोमा की सराहना करते हुए कहा कि वह जयसिंहपुर क्षेत्र की जनता की सशक्त आवाज बनकर उभरे हैं। इस अवसर पर एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा, एडीसी विनय कुमार, एएसपी राजिंद्र जसवाल, ईएनसी जल शक्ति विभाग दीपक गर्ग, बीसीसी के अध्यक्ष जसवंत डडवाल, एसडीएम पालमपुर एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष डॉ. ओपी यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### छिंज मेले की स्मारिका का किया विमोचन

**उपमुख्यमंत्री** ने छिंज मेले की स्मारिका का विमोचन भी किया। गोमा ने उनको मेले में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री के प्रयासों के कारण जयसिंहपुर में बस अड्डा, बस डिपो, जल शक्ति विभाग के विभिन्न निरीक्षण कुटीर और करीब 32 करोड़ रुपए की पेयजल योजनाएं सिरे चढ़ रही है। उन्होंने करीब 4 करोड़ रुपए लागत की अन्य योजनाओं को पूरा करने की मांग भी उपमुख्यमंत्री के समक्ष उठाई। मेला कमेटी की ओर से मंत्री यादविंद्र गोमा ने उपमुख्यमंत्री को शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## लोक संस्कृति संवर्धन के लिए सरस्वती स्वर संगम धर्मशाला को 'हिमाचल गौरव सम्मान'



अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में प्रदान किया सम्मान। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में सरस्वती स्वर संगम को लोक संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'हिमाचल गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिमाचल मित्रमंडल सभा दिल्ली एवं अनुराग ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरस्वती स्वर संगम की संस्थापक पूनम वर्मा जो लंबे समय से पारंपरिक लोक सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और उनके प्रसार के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोडने् में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। हिमाचल मित्रमंडल सभा दिल्ली के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह सम्मान प्रदान किया जाता है। सम्मान प्राप्त करने के बाद सरस्वती स्वर संगम की संस्थापक पूनम वर्मा ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें संस्कृति के संरक्षण के लिए और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

## टोल, टैक्स और ट्रांसपोर्ट फैसलों ने बढ़ाई जनता की परेशानी : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री



सुखविंद्र सिंह सुक्खू हर मोर्चे पर नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर जनता से झूठ बोलकर सत्ता में बने रहने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार ने एंट्री टैक्स बढ़ाने के बाद विरोध के दबाव में इसे वापस लिया, लेकिन हकीकत में टोल शुल्क बढ़ा दिया। चक्षु ने यह भी सवाल उठाया कि सुक्खू सरकार ने आरटीओ और एमवीआई द्वारा संचालित 21 केंद्रों को बंद कर दिया और केवल एक ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर (लंज) स्थापित किया है, जिससे वाहन पासिंग के लिए वाहन मालिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र से हिमाचल को मिलने वाली मदद के बारे में मुख्यमंत्री के झूठ का पर्दाफाश सदन में हो चुका है, जहां यूपीए शासन के मुकाबले मोदी सरकार ने प्रदेश को 97,000 करोड़ की मदद दी है।

## सोमनाथ की प्रथम ज्योतिर्लिंग यात्रा का गजरेड़ा कैलाश आश्रम में स्वागत



ज्योतिर्लिंग अवशेषों के इतिहास से करवाया अवगत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** सोमनाथ के प्रथम ज्योतिर्लिंग यात्रा का वीरवार को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के गोपालपुर गांव गजरेड़ा में स्थित कैलाश आश्रम में पहुंचने पर स्वागत किया गया।

लगभग 1000 वर्ष पूर्व सोमनाथ के प्रथम ज्योतिर्लिंग पर हो रहे विदेशी आक्रमणों के बीच दिव्या अवशेषों को अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने अपने प्राणों की रक्षा किए बिना संघर्ष करते हुए सुरक्षित रखा था। दर्शन के लिए पालमपुर, ठाकुरद्वारा, भवारना, धर्मशाला, कांगड़ा और दूर दराज के क्षेत्र से श्रद्धालु पहुंचे थे। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के वैदिक धर्म संस्थान की ओर से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ वीरवार शाम वेद पंडितों द्वारा उच्चरित वेद मंत्रों की गूंज के साथ हुआ। इसके पश्चात विशेष वृत्त चित्र द्वारा श्रद्धालुओं को ज्योतिर्लिंग अवशेषों के इतिहास और उनके संरक्षण के लिए किए गए संघर्षों से अवगत कराया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर रूद्र पूजा एवं भव्य सत्संग का आयोजन किया गया था। जिले के लोगों के लिए यह दिन ऐतिहासिक एवं गौरवशाली पूर्ण रहा।

## सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों के पुनर्नियोजन के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सेटलमेंट ऑफिसर, कांगड़ा डिवीजन, धर्मशाला ने जानकारी दी कि नायब तहसीलदार और पटवारी के रिक्त पदों को भरने के लिए सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन नियुक्तियों के लिए केवल हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त वे अधिकारी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा की हो और जिनके खिलाफ कोई विभागीय जांच लंबित न हो। नायब तहसीलदार के 8 और पटवारी के 6 पदों पर पुनर्नियोजन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को क्रमशः 60,000 रुपए और 40,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 9 अप्रैल 2026 तक अपने आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाणपत्रों सहित कार्यालय सेटलमेंट ऑफिसर, कांगड़ा डिवीजन, धर्मशाला में जमा कर सकते हैं। यह नियुक्ति अस्थायी होगी, जो 3 माह की अवधि के लिए की जाएगी और कार्य प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाई जा सकती है।

# पुलिस ने चिट्टा और चरस के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो मामलों में चिट्टा और चरस बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बुधवार को पुलिस थाना धर्मशाला की टीम ने नियमित गश्त के दौरान फतेहपुर-सुक्कड़ रोड स्थित त्रिनेत्र देव मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति, राज कुमार उर्फ गोपी (42), निवासी गांव चमूंडा देवी, जिला अमृतसर (पंजाब) को पकड़ा। आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया और एक नीले रंग के बैग को झाड़ियों में फेंक दिया, जिसमें से 6.04 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर पुलिस थाना धर्मशाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में पुलिस थाना पालमपुर को विश्वसनीय सूचना मिली कि समीर चंद उर्फ रजू (40), निवासी वार्ड 9, चौकी खलेट, पालमपुर, अवैध रूप से चिट्टा और चरस बेच रहा है। पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी, जहां से 5.84 ग्राम चिट्टा/हेरोइन, 5.69 ग्राम चरस और 95,000 रुपए नकद बरामद हुए। जिस पर उपरोक्त आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार किया है तथा उसके खिलाफ पुलिस थाना पालमपुर में धारा 20, 21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही नियमानुसार प्रगति पर है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि जांच में पाया गया कि आरोपी समीर चंद उर्फ रजू एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत पहले भी दो अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने जिला पुलिस का नशे के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। नशे और अन्य अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**कार्यक्रम** महाविद्यालय सांस्कृतिक संगम 2025–26 का सफल आयोजन

# एकल नृत्य में ऋषिका ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान



विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित सांस्कृतिक संगम कार्यक्रम ने अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. युवराज सिंह पठानिया ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की।

सांस्कृतिक संगम के तहत एकल गायन, एकल नृत्य, लघु नाटिका, समूह नृत्य और चित्रकला जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से समूह नृत्य और लघु नाटिकाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लघु नाटिका में प्रथम स्थान राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला, द्वितीय द्रोणाचार्य महाविद्यालय रैत, तृतीय ज्ञान ज्योति महाविद्यालय, लिखणु प्रतियोगिता में प्रथम ज्ञान ज्योति महाविद्यालय, द्वितीय शरण महाविद्यालय, तृतीय राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला रहा। एकल नृत्य में प्रथम ऋषिका (शरण महाविद्यालय, कांगड़ा), द्वितीय श्रेया राणा (द्रोणाचार्य महाविद्यालय), तृतीय निशांत (राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला) रहा। एकल गायन में प्रथम हर्ष कुमार (राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला), द्वितीय काजल कुमारी (ज्ञान ज्योति महाविद्यालय, रजोल), तृतीय मुस्कान कपूर (शरण महाविद्यालय), समूह नृत्य में प्रथम द्रोणाचार्य महाविद्यालय, द्वितीय राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला, तृतीय शरण महाविद्यालय, कांगड़ा रहा। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षण और गैर-शिक्षण वर्ग उपस्थित था।

# कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रोहन ने राष्ट्रीय बॉडी लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान



60 किलोग्राम पुरुष जूनियर वर्ग में जीता प्रदक। अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के कुलपति ने कॉलेज ऑफ बेसिक साइंसेज के 19 वर्षीय छात्र रोहन को ओपन नेशनल बॉडी लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम करने पर बधाई दी है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इंडियन बॉडी लिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में जालंधर में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। रोहन ने 60 किलोग्राम पुरुष जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और सीएसकेएचपीकेवी, पालमपुर, प्रदेश तथा अपने परिवार का गौरव बढ़ाया। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में गर्व और हर्ष का वातावरण बना है तथा यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. देशराज चौधरी तथा आधाभूत महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजन कटोच ने रोहन की सराहना करते हुए उनके समर्पण, अनुशासन एवं कड़ी मेहनत की प्रशंसा की और कहा कि उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। रोहन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच निखिल गौतम, अपने माता-पिता तथा विश्विद्यालय प्रशासन के निरंतर सहयोग को दिया। विश्वविद्यालय परिवार, जिसमें शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं खेल प्रेमी शामिल हैं, ने रोहन को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सीएसकेएचपीकेवी पालमपुर के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों एवं राष्ट्रीय मंचों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# कोहली-मट्टनसिद्ध एनएच 10 दिन में होगा 'चकाचक'

## काम ने पकड़ी रफ्तार, ड्रेनेज और दूसरी सहूलियतें भी मिलेंगी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे कोहली से मट्टनसिद्ध तक 10 दिन के भीतर अब 'चकाचक' हो जाएगा। पिछले कई सालों से सड़क की हालत बेहद खराब रही है। अब क्योंकि एनएचएआई ने इसे राज्य सरकार के हवाले कर दिया है।

टेंडर करके पीडब्ल्यूडी ने इसका काम भी शुरू कर दिया है, लेकिन 'बिचुमन' की शॉर्टेज के कारण काम में थोड़ी देरी भी हुई है। मगर असल बात यह है कि सबसे खराब जितना पैच इस सड़क मार्ग का है, उसे सबसे पहले दुरुस्त किया जाएगा। यही खराब सड़क वाहन चालकों को खूब अखर रही है। कोहली से आगे घुमारवीं तक सारा सड़क मार्ग ठीक है, इस पर कुछ महीने पहले 'टारिंग' हो चुकी है। लेकिन कोहली से भंगवार तक टू-लेन का जो काम चल रहा है, उसकी वजह से हमीरपुर से होकर गुजरने वाला बाईपास रोड एनएचएआई के पास ही था। अब इसे पीडब्ल्यूडी विभाग को दे दिया गया है। सारे रोड की हालत सुधारने के लिए केंद्र से ही पैसा आया है, जो पीडब्ल्यूडी विभाग के सुपुर्द होने के बाद अब इसके टेंडर हो चुके हैं। काम शुरू हो गया है। उम्मीद यही है कि अगले कुछ समय में इस सड़क की हालत सुधर जाएगी।

**कोहली में बरसात में हुआ था काफी नुकसान:** कोहली में बरसात में काफी नुकसान हुआ था। दुकानदारों की दुकानों के भीतर पानी भर गया था। कारण यह था कि सड़क के दोनों तरफ बरसाती पानी की निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी और अब उसकी व्यवस्था इस मौजूदा काम में की गई है। मट्टनसिद्ध में हनुमान मंदिर से थोड़ा नीचे हमीरपुर की तरफ भी एक स्थान ऐसा था जहां सड़क पर पानी जमा होता था। उसे अब फिलिंग करके ऊंचा किया जा रहा है। बाईपास रोड के चौक तक अगले 10 दिन में इस सारी सड़क के चकाचक होने की उम्मीद है।






सड़क के निर्माण में लगे मजदूर और नालियां बनाने का काम जारी है। अनंत ज्ञान

> कोहली से पक्का भरो तक सड़क को पक्का करने का काम शुरू कर दिया गया है। उम्मीद यही है कि यह रोड़ एक-डेढ़ महीने में बहुत बढ़िया हो जाएगा।
> -दीपक कपिल, एक्सईएन।

# सरवन चौहान फिर बने टौणी देवी माता मंदिर कमेटी के प्रधान



टौणी देवी माता मंदिर कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** हमीरपुर जिला के प्रसिद्ध टौणी देवी माता मंदिर में कमेटी चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सरवन चौहान को प्रधान नियुक्त किया गया।

बैठक में बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही। चुनाव की अध्यक्षता अमरनाथ चौहान और कश्मीर सिंह चौहान ने की। बैठक में कमेटी के विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। महासचिव पद पर सुरेश शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान कश्मीर सिंह और उपप्रधान जगदीश चंद (टपरे), अमरनाथ चौहान (छत्रैल), हरनाम सिंह (दरकोटी) और रमेश चंद (गाहरा) नियुक्त किए गए। कोषाध्यक्ष के रूप में कैप्टन जगदीश चंद, मुख्य सलाहकार अमरनाथ (महाड़े) प्रताप सिंह (बसंतपुर) और सलाहकार सीता राम (टपरे) व जगदीश सड़ियल (छत्रैल) नियुक्त किए गए। संगठन सचिव के पद पर विधि चंद (स्वालहवा), संयुक्त सचिव रमेश रांगड़ा और विचित्र सिंह तथा प्रेस सचिव रजनीश शर्मा बनाए गए। लेखा परीक्षक के रूप में मास्टर रमेश चंद और कैप्टन विजय मलकानिया चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पाल टेलर, पवन कुमार (दरकोटी), अनिल वेल्डर, विपन टौणी देवी और रणजीत सिंह (टपरे) शामिल हुए। विशेष आमंत्रित सदस्यों में मनजीत सिंह, सुनील चौहान, विजय बहल, राज बहल, पवन सोनी, संसार चंद सोनी और डॉ. प्यारे लाल रहे। बैठक के समापन पर सभी सदस्यों ने नवनियुक्त प्रधान सरवन चौहान को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा भूकंप की वर्षगांठ पर निकाली जाएगी रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** वर्ष 1905 में आए कांगड़ा भूकंप 1905 की 121वीं वर्षगांठ पर जिला हमीरपुर में 4 अप्रैल को जागरुकता कार्यक्रम और मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। एसडीएम संजीत सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल 1905 का यह भूकंप भारत की सबसे विनाशकारी आपदाओं में से एक था, जिसमें करीब 20,000 लोगों की जान गई और भारी तबाही हुई। इस अवसर पर सुबह 9:30 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर से सॉलिडैरिटी मार्च निकाला जाएगा। साथ ही मॉक ड्रिल में भूकंप के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा, ताकि भविष्य में नुकसान को कम किया जा सके।

### सिक्योरिटी गार्ड पदों के लिए साक्षात्कार 10 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि 19 से 40 वर्ष आयु के पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। दसवीं फेल, पास या अधिक शिक्षित अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम लंबाई 168 सेमी और वजन 54 से 95 किलोग्राम निर्धारित है। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर दिए जाएंगे। उम्मीदवारों को 17,500 से 23,000 रुपये तक मासिक वेतन व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र और हिमाचली प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### धर्माणी करेंगे अंतर-बहुतकनीकी कॉलेज स्पर्धा का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** बहुतकनीकी महाविद्यालयों की 27वीं राज्य स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 7 से 9 अप्रैल तक बड़ू स्थित राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 17 बहुतकनीकी महाविद्यालयों के लगभग 650 विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में भंडारे लगाए



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में भंडारे आयोजित किए गए। मुख्य बस स्टैंड तथा डोली में भंडारों का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुजानपुर बस स्टैंड पर आयोजित भंडारे से पहले हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

### बाबा बिलकेश्वर महादेव मंदिर में रामकथा कल से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाबा बिलकेश्वर महादेव मंदिर चमनेड में 4 अप्रैल से रामकथा का आयोजन शुरू हो रहा है। इस कथा का प्रवचन आचार्य डॉ. अभिषेक शर्मा मंडी जिला से करेंगे, जो 12 अप्रैल तक प्रत्येक दिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक होगा। कथा के बाद रोजाना भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। मंदिर कमेटी के मुख्य सलाहकार दुर्गा दास शर्मा ने बताया कि यह कथा 1980 से हर वर्ष आयोजित की जा रही है और इसमें दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में शिवलिंग, भगवान शिव की भव्य प्रतिमा और बाबा बालक नाथ की गुफा आकर्षण का केंद्र हैं। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान सुरेश कुमार, उपप्रधान अमी चंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### ऑटिज्म से जुड़े बच्चे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस के अवसर पर पहचान स्पेशल स्कूल में इस वर्ष की थीम 'ऑटिज्म और मानवता: हर जीवन का महत्व' के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या चेतना शर्मा ने कहा कि मानवता का असली अर्थ तभी समझ में आता है जब हम हर व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर दें। ऑटिज्म से जुड़े बच्चे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और हमें उनकी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। शिक्षकों ने भी विशेष बच्चों के विकास में प्रेम और धैर्य की अहमियत पर जोर दिया और अभिभावकों से बच्चों की विशेषताओं को स्वीकारने की अपील की। अंत में विद्यालय परिवार ने समाज से एक समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

### ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** जोल पंचायत स्थित विनोद मेमोरियल गौशाला समौना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा ने शिरकत की और कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के बारे में जागरूक किया, जो कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। डॉ. डोगरा ने धार्मिक मंच से समाज की भलाई के लिए जागरूकता और सही जानकारी की अहमियत पर भी जोर दिया।

### प्रो. एसएस डोगरा को 'हिमाचल गौरव सम्मान'



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** साई गार्डन, नजफगढ़ में आयोजित हिमाचल मित्र मंडल दिल्ली के 20वें वार्षिक समारोह में पत्रकार, लेखक एवं मीडिया शिक्षाविद प्रो. एसएस डोगरा को 'हिमाचल गौरव सम्मान' से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए दिया गया। भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने उन्हें सम्मानित किया। प्रो. डोगरा का तीन दशकों का अनुभव और मीडिया साक्षरता में योगदान सराहनीय है।

# सुजानपुर होली मेला: गड्ढों को भरने गंदगी को साफ करने में लगेगा समय

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला अब समाप्ति की ओर है, लेकिन मेले के बाद सुजानपुर के चौगान की स्थिति ने स्थानीय लोगों को चिंता में डाल दिया है। हर वर्ष होली मेला के दौरान चौगान में लगभग 600 दुकानें, डोम और झूले लगाए जाते हैं, जिससे चौगान में गड्ढे और गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है।

चौगान की सड़कें वाहनों के दबाव से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, और पार्किंग की व्यवस्था भी वहीं की जाती है, जिससे जगह-जगह गड्ऐ पड़ जाते हैं। ये गड्ढे भरने में महीनों लग जाते हैं और तब तक नया होली त्यौहार भी आ जाता है, लेकिन चौगान की बदहाली जस की तस बनी रहती है। इस वर्ष प्रशासन को होली मेला से करीब तीन करोड़ की आमदनी हुई है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस राशि का एक हिस्सा चौगान के रखरखाव पर खर्च किया जाना चाहिए, ताकि हर वर्ष मेले के बाद चौगान की स्थिति में सुधार हो सके। सुजानपुर का होली मेला आधिकारिक रूप से 4 दिन तक मनाया जाता है, लेकिन दुकानें और झूले एक महीने से ज्यादा समय तक लगे रहते हैं। इस वर्ष प्रशासन ने एक ही व्यक्ति को ठेका देकर चौगान आवंटित किया था, जिसके तहत दुकानों को किराए पर दिया गया। स्थानीय बुद्धिजीवियों ने प्रशासन से मांग की है कि होली मेला समाप्त होने के बाद चौगान की स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। गंदगी और कूड़े के ढेर को हटाया जाए और चौगान को उसके पहले स्वरूप में लाया जाए। होली मेले से दुकानदारों को दुकानें हटाने के लिए 4 अप्रैल तक का समय दिया है। इस मुद्दे पर सुजानपुर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने भी कहा कि प्रशासन से उचित रखरखाव की मांग की जाएगी, क्योंकि चौगान सुजानपुर की अमूल्य धरोहर है और इसे बेहतर बनाने के लिए और प्रयास किए जाएंगे।



सुजानपुर के चौगान मैदान में बिखरी गंदगी और पड़े गड्ढे। अनंत ज्ञान

# उपायुक्त ने किया निर्माणाधीन पेयजल परियोजना का निरीक्षण

## बड़सर क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से ली जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने वीरवार को बड़सर क्षेत्र का दौरा कर वहां जारी विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने गोबिंदसागर झील के पास निर्माणाधीन जल शक्ति विभाग की सबसे बड़ी पेयजल योजना के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और विभाग के अधिकारियों से इसके कार्य की प्रगति की जानकारी ली। एनडीबी की मदद से बनाई जा रही इस पेयजल योजना पर लगभग 137 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

डीसी ने कहा कि इस पेयजल योजना का कार्य युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है। इससे बड़सर क्षेत्र की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। इसके बाद उपायुक्त ने दियोटसिद्ध की पेयजल योजना का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा दियोटसिद्ध मंदिर परिसर और इसके आसपास के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय निवासियों और प्रतिदिन बाबा बालक नाथ मंदिर में बाहर से बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता हर्ष शर्मा, सहायक अभियंता रविंद्र सिंह और अन्य अधिकारियों ने उपायुक्त को गोबिंदसागर से निर्माणाधीन पेयजल योजना और दियोटसिद्ध की पेयजल योजना के बारे में विस्तृत रिपोर्ट दी।



### आईएचएम हमीरपुर का 14वां वार्षिक समारोह 'उड़ान-2026' संपन्न

# एसपी ने मेधावी स्टूडेंट्स को बांटे पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** सलासी स्थित होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर का 14वां वार्षिक समारोह 'उड़ान-2026' वीरवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसपी बलवीर सिंह ने समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजय ठाकुर और एडीसी हमीरपुर एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग भी उपस्थित रहे। एसपी बलवीर सिंह ने कहा कि आईएचएम हमीरपुर ने कम समय में बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि होटल प्रबंधन और आतिथ्य के क्षेत्र में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं और विद्यार्थियों को इनका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। एडीसी एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग ने कहा कि यह समारोह केवल विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का सम्मान करने का दिन है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। आईएचएम हमीरपुर के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संस्थान की प्लेसमेंट का आंकड़ा इस वर्ष भी 100 प्रतिशत रहा। 15 वर्षों में लगभग 950 विद्यार्थियों ने तीन वर्षीय डिग्री, 441 ने क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन और 263 ने डिप्लोमा फूड एंड बेवरीज कोर्स किया है। वहीं, सागर वीका को बीएससी एचएंडएचए के 2023-26 बैच से सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार मिला। अन्य पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में प्रियांशु शर्मा, रणवीर, माहुल राणा और कनिका बनियाल शामिल रहे।



समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

# महिलाएं सशक्त होंगी तो समाज सशक्त बनेगा: अभिषेक राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** भगवान हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कक्कड़ पंचायत में सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा महिला मंडल सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडलों को सम्मानित किया गया तथा उनके योगदान की सराहना की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि 'नारी शक्ति से ही समाज की नींव मजबूत होती है और जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट नारी शक्ति, समाज मजबूत की विचारधारा पर कार्य करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि महिला मंडलों को सम्मानित करना उनके योगदान को पहचान देने का एक सशक्त माध्यम है और ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट वर्षों से समाज भलाई और जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ट्रस्ट लगातार महिला मंडलों को सम्मानित कर रहा है और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि ट्रस्ट आगे भी जनसेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखेगा। कार्यक्रम में महिलाओं के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर उनके विचार भी सुने गए, जिससे यह आयोजन और अधिक सार्थक बन गया।

# हमीरपुर के गांधी चौक में आज होंगे 1000 वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के गांधी चौक में 3 अप्रैल को सायं 4:30 बजे 1000 वर्ष से अधिक प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान के तत्वावधान में किया जा रहा है, जो प्रदेशभर में चल रही 10 दिवसीय 'सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा' का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आर्ट ऑफ लिविंग के जिला मीडिया प्रभारी निर्मल ठाकुर ने बताया कि इस पावन यात्रा का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने को शिवमय बनाना तथा लोगों में आध्यात्मिक चेतना का संचार करना है। यह यात्रा स्वामी वीरुपक्ष जी की देखरेख में संपन्न हो रही है। बताया गया कि 1000 वर्षों से अधिक प्राचीन सोमनाथ महादेव के दिव्य अवशेषों को पीढ़ी दर पीढ़ी अग्निहोत्री ब्राह्मणों द्वारा अत्यंत गोपनीयता और विधि-विधान के साथ संरक्षित रखा गया था। हाल ही में इन पवित्र शिवलिंगों को उन ब्राह्मणों द्वारा पूज्य गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर को सौंपा गया है। उनके मार्गदर्शन में अब इन शिवलिंगों को देश के विभिन्न स्थानों पर दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में गांधी चौक, हमीरपुर पहुंचकर इस दुर्लभ अवसर का लाभ उठाएं और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें।



# हमीरपुर में गूंजी प्रधानमंत्री के 'मन की बात' 'ढटवाल की आवाज' बना संवाद का माध्यम

◆ **ढटवाल फिलिंग स्टेशन पर भी की थी खास व्यवस्था, ग्राहक हुए लाभान्वित**

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार जहां अमेरिका-इसराइल और ईरान युद्ध से उपजे हालातों पर गहरी चिंता जताई तो वहीं, गल्फ देशों का पेट्रोल-डीजल और गैस की निर्बाध आपूर्ति के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने बहुमूल्य पांडुलिपियों की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्र निर्माण में लगी देश के युवाओं की ताकत को प्रोत्साहित किया। इतना ही नहीं, उन्होंने और भी कई ज्वलंत मसलों पर सार्थक चर्चा की। यह एपिसोड हिमाचल प्रदेश के लिए भी कई मायनों में यादगर रहा।

दरअसल, प्रधानमंत्री के 'मन की बात' के इस एपिसोड का प्रसारण हमीरपुर जिले के ढटवाल स्थित महारल में खुले 88.4 एफएम सामुदायिक रेडियो 'ढटवाल की आवाज' पर भी लोगों ने बड़े चाव से सुना। वहीं, ढटवाल फिलिंग स्टेशन (भारत पेट्रोलियम कॉपरिशन लिमिटेड पेट्रोल पंप) पर भी इस एपिसोड का प्रसारण सुनने की व्यवस्था खास तौर पर की गई थी, जिसके जरिए पेट्रोल-डीजल भरवाने आने वाले ग्राहक भी लाभान्वित हुए। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय के सेवानिवृत्त प्रधान महानिदेशक, तथा सामुदायिक रेडियो स्टेशन एवं फिलिंग स्टेशन के मालिक, कुलदीप सिंह ढटवालिया ने कहा कि 'ढटवाल की आवाज' आज लोगों का पसंदीदा सामुदायिक रेडियो बन गया है। उन्होंने साथ ही श्रोताओं और इलाके की प्रबुद्ध जनता से अपील की है कि वह हर बार प्रधानमंत्री के 'मन की बात' के कार्यक्रम का प्रसारण हमारे सामुदायिक रेडियो पर जरूर सुनें। जैसा कि पीएम मोदी ने भी एपिसोड के दौरान कहा कि उन्हें दूरदराज से आए लोगों के संदेशों से पता चलता है कि लोग रेडियो पर कितने चाव से इस कार्यक्रम को सुनते हैं। पीएम की यह बात 'ढटवाल की आवाज' पर सुने गए 'मन की बात' कार्यक्रम से और भी पुख्ता हो गई है। रेडियो वाकई आम लोगों को एक साझा संवाद बन गया है। यही तो रेडियो की असली ताकत है।



# हिमाचल में गांधी परिवार का 'पर्सनल एटीएम' बनकर रह गई सुक्खू सरकार : राकेश ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार हिमाचल प्रदेश को गांधी परिवार का 'पर्सनल एटीएम' बनाकर चला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही, कर्मचारियों के वेतन और बकाया एरियर लंबित हैं तथा ठेकेदारों के भुगतान भी लंबे समय से रुके हुए हैं।

राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आपसी गुटबाजी में उलझे हैं और एक-दूसरे पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने इसे प्रदेश के इतिहास की अभूतपूर्व स्थिति बताते हुए कहा कि पहली बार एक मौजूदा मुख्य सचिव अपने पूर्व अधिकारियों पर इस तरह के आरोप लगा रहा है, जबकि सरकार इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि जब सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों के भुगतान में असमर्थ है, तब प्रशासनिक अधिकारियों के बीच चल रही बयानबाजी यह दर्शाती है कि सरकार का ध्यान जनहित से भटक चुका है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता से वसूली कर धन कांग्रेस हाईकमान और गांधी परिवार तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं, जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन में लिप्त है। यदि कोई व्यक्ति इन अनियमितताओं को उजागर करने का प्रयास करता है, तो सरकार और कांग्रेस नेता उसे झूठे मामलों में फंसाने के लिए पुलिस और प्रशासन का दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी ऐसे हर मामले के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाती रहेगी।



◆ **प्रदेश सरकार हर स्तर पर भ्रष्टाचार में लिप्तः विक्रम बन्याल**

# भरमौर-खड़ामुख मार्ग पर युवक ने मचाया उत्पात, दर्जनभर वाहनों के तोड़े शीशे

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** भरमौर से खड़ामुख मार्ग पर बीती रात एक युवक द्वारा अचानक उत्पात मचाने का मामला सामने आया है।

युवक ने सड़क किनारे खड़े लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े वाहनों के शीशे तोड़ दिए, जबकि करीब 10 मोटरसाइकिलों को सड़क पर गिरा दिया, जिससे क्षेत्र में रातभर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार, युवक रात करीब 10 बजे भरमौर से पैदल खड़ामुख की ओर निकला और रास्ते में उसने भरमौर से लेकर खड़ामुख के बीच कई स्थानों पर खड़े वाहनों को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि उसने भरमौर, दिनका, चनणी, परोह, फॉगट, आरा, आरडी और लहाल सहित विभिन्न स्थानों पर सड़क किनारे खड़े वाहनों के शीशे तोड़े। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही भरमौर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक का पीछा किया और उसे खड़ामुख से आगे चंबा की ओर हाईवे टनल के समीप पकड़ लिया। इसके बाद युवक को थाना भरमौर लाया गया। पुलिस जांच में युवक की पहचान भरमौर की सचूई पंचायत के मालकोता गांव निवासी के रूप में हुई। बताया गया कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है और अत्यंत गरीब परिवार से संबंध रखता है। इस स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए युवक के परिजनों को थाना बुलाया और उसे उनके सुपुर्द कर दिया। इस घटना में जिन लोगों के वाहनों को नुकसान पहुंचा, उन्होंने भी फिलहाल कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। स्थानीय लोगों ने युवक को भविष्य में ऐसी हरकत न करने की चेतावनी देते हुए उसके परिजनों से आग्रह किया कि वे उस पर कड़ी नजर रखें। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भी अपील की है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के उपचार और निगरानी के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# नेपाल में चंबा का परचम, दो धावकों ने गोल्ड मेडल जीतकर रचा इतिहास

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** सीमित संसाधनों व कठिन परिस्थितियों के बावजूद चंबा के खिलाड़ियों ने वो कर दिखाया, जिसे अक्सर बड़े शहरों की सुविधाओं से जोड़ा जाता है।

नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सलूणी के पंकज बसंत ने 3 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर विरोधियों को पीछे छोड़ दिया, वहीं योगराज ने 5000 मीटर में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड अपने नाम किया। इन दोनों की जीत ने न केवल तिरंगे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। चंबा के इन खिलाड़ियों की सफलता जितनी प्रेरणादायक है, उतनी ही यह सिस्टम पर सवाल भी खड़े करती है, जिन खिलाड़ियों के पास न आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं हैं, न पर्याप्त आर्थिक सहयोग वही खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर इन्हें सही संसाधन मिलें, तो ये कितनी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं? इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भाजयुमो, जिला चंबा द्वारा सर्किट हाउस में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष मिलाप ठाकुर की अगुवाई में खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पंकज सिंह ठाकुर, त्रिलोचन महादेव मंडल अध्यक्ष और प्रदेश सचिव नेक राज ठाकुर भी मौजूद रहे। मिलाप ठाकुर ने कहा कि यह जीत चंबा ही नहीं, पूरे हिमाचल के लिए गौरव का क्षण है और यह युवा पीढ़ी के लिए नई दिशा तय करती है। कार्यक्रम में सबसे अहम मुद्दा खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर उठा। नेक राज ठाकुर ने साफ कहा कि जो खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं, उनके लिए प्रदेश सरकार को ठोस जॉब पॉलिसी लानी होगी। उन्होंने आगे कहा कि भरे लहजे में कहा कि अगर खिलाड़ियों को समय रहते आर्थिक सुरक्षा और रोजगार नहीं मिला, तो प्रतिभाएं या तो दम तोड़ देंगी या फिर खेलों से दूर हो जाएंगी। अधिकांश खिलाड़ी गरीब परिवारों से आते हैं, जहां खेल को करियर बनाना एक जोखिम भरा फैसला होता है, ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह इन खिलाड़ियों को न केवल सम्मान दे, बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करे। पंकज बसंत और योगराज की यह जीत सिर्फ दो गोल्ड मेडल तक सीमित नहीं है। यह उस जज्बे की कहानी है, जो संसाधनों की कमी के बावजूद हार नहीं मानता। यह उस सच्चाई को भी उजागर करती है कि अगर नीति और समर्थन सही दिशा में मिले, तो चंबा जैसे दूरदराज क्षेत्र भी देश को खेलों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

# नो पार्किंग जोन को सख्ती से किया लागू

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** यातायात को सुचारू बनाने के लिए जीपीओ-पंजपुला सड़क मार्ग पर पुलिस प्रशासन ने विशेष कार्रवाई की। डीएसपी मयंक शर्मा के निर्देशानुसार यातायात प्रभारी विषंभर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क किनारे ट्रैफिक कोन लगाकर नो पार्किंग जोन को सख्ती से लागू किया। इस दौरान वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने के लिए जागरूक किया गया और नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस ने बताया कि यह मार्ग संकरा है व वाहनों का दबाव अधिक रहता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान शहर में वाहनों की संख्या बढ़ जाती है, इसलिए जनता के सहयोग से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आम लोगों से अपील की गई है कि वे नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने से बचें, ताकि सभी को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सके।

# भरमौर-पांगी के हक की लड़ाई विधानसभा में गूंजी

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भरमौर-पांगी की वर्षों पुरानी उपेक्षा व प्रभावित परिवारों की अनदेखी आखिरकार विधानसभा में जोरदार तरीके से गूंज उठी।

विधायक डॉ. जनक राज ने हालिया सत्र में उस मुद्दे को केंद्र में ला खड़ा किया, जिसे लंबे समय से फाइलों में दबाकर रखा गया था। लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड की वह 1 प्रतिशत राशि, जो परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों का अधिकार है, लेकिन वर्षों से उन्हें नहीं मिली। सदन में विधायक के तीखे तेवर व लगातार दबाव के आगे आखिरकार व्यवस्था को झुकना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने आश्वासन दिया है कि अब जल्द ही यह लंबित राशि सीधे प्रभावित परिवारों के खातों में डाली जाएगी। राकेश कुमार जो कि बतौर आईटी संयोजक, त्रिलोचन महादेव मंडल, भाजपा के पद पर हैं उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक मुद्दा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के हक और सम्मान की लड़ाई थी, जिसे डॉ. जनक राज ने पूरी मजबूती से लड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि विधायक ने पहले भी कई बार इस विषय को उठाया, लेकिन इस बार उनकी आक्रामक पैरवी ने निर्णायक मोड़ ला दिया। स्थानीय लोगों में इस कदम को लेकर नई उम्मीद जगी है। उनका कहना है कि भरमौर-पांगी जैसे दुर्गम क्षेत्र की आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है, लेकिन विधायक डॉ. जनक राज ने यह साबित किया है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो सत्ता के गलियारों में भी आम लोगों की गूंज सुनाई देती है। डॉ. जनक राज की छवि अब एक ऐसे जन नेता के रूप में उभर रही है, जो न केवल मुद्दे उठाते हैं, बल्कि उन्हें अंजाम तक पहुंचाने का साहस भी रखते हैं। कठिन से कठिन हालात में भी संघर्ष करने की उनकी यह शैली क्षेत्र की राजनीति में एक अलग पहचान बना रही है। भरमौर-पांगी के लोग अब यह उम्मीद कर रहे हैं कि यह सिर्फ शुरुआत है और आने वाले समय में उनके बाकी लंबित मुद्दे भी इसी तरह मजबूती से उठाए जाएंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट प्रतियोगिता में पैलेस व विलेजर की जीत

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के सौजन्य से आयोजित राजा हरी सेन स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में डगआउट डिमन्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 110 रन बनाए, जिसमें सुदेश ठाकुर ने 43 और संजय ने 20 रन बनाए। पैलेस इलेवन की ओर से दिव्या ने 3 विकेट, जबकि राहुल, गौरव, प्रणव व मन्ना ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में पैलेस इलेवन ने 5 विकेट खोकर 112 रन बनाते हुए मैच जीत लिया, जिसमें वृंदस आर्यन ने 53 रन बनाए। दूसरे मैच में एमआर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाए, जिसमें रिशु ने 41 रन बनाए। विलेजर इलेवन की ओर से तनु ने 4 और शिवम ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए विलेजर इलेवन ने 6 विकेट खोकर 102 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिसमें विक्की ठाकुर ने 32 व गौरव ने 31 रन बनाए। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में खेल विभाग एमएलएसएम कॉलेज के विभागाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### एचपीवी टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर पर प्रहार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा स्वास्थ्य विभाग ने 4, 5, 12, 19 और 26 अप्रैल को 28 स्वास्थ्य केंद्रों में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर आयोजित करने की योजना बनाई है। इस अभियान के तहत 14-15 वर्ष आयु वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है, जिसे समय रहते रोका जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण निर्धारित तिथियों पर अवश्य करवाएं। सभी शिविर प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में आयोजित होंगे। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले की हर पात्र बालिका इस अभियान से लाभान्वित हो और भविष्य में गंभीर बीमारी से सुरक्षित रहे।

### भलेई माता नेत्र अस्पताल का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने वीरवार को सरोल स्थित भलेई माता नेत्र अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को आधुनिक नेत्र उपचार सुविधाएं मिलेंगी, जिससे दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि यह प्रदेश का पांचवां नेत्र अस्पताल है, जहां फेको व लेजर तकनीक से काला और सफेद मोतिया का उपचार किया जाएगा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम नियमित जांच, परामर्श और सर्जरी की सुविधा प्रदान करेगी। उपायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन को भविष्य में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं जारी रखने की शुभकामनाएं दी।

### भाजपा ने उम्मीदवार न उतारने का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा सदर के पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने पंचायत चुनाव में हो रही देरी और बार-बार रोस्टर बदलने को लेकर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की संभावित जीत से भयभीत होकर चुनाव प्रक्रिया प्रभावित कर रही है। भाजपा समर्थित प्रधानों और उपप्रधानों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार पार्टी अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। नैय्यर ने उपायुक्त को 5 प्रतिशत विशेष अधिकार देने की आलोचना की और कहा कि चुनाव छह महीने तक टाले जाने और रोस्टर में फेरबदल से जनता और प्रतिनिधि असमंजस में हैं। बैठक में कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिसके बाद क्षेत्र में सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

### स्कूल परिसर की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परिहार की प्रबंधन समिति ने स्कूल परिसर की सुरक्षा और बुनियादी ढांचे की बदहाली पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर खेल के मैदान के क्षतिग्रस्त डंगे और चारदीवारी की मरम्मत के लिए बजट जारी करने की मांग की। समिति ने बताया कि डंगा और चारदीवारी गिरने से स्कूल असुरक्षित हो गया है और बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है और मरम्मत कार्य के लिए समाधान किया जाएगा, ताकि छात्रों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# 35 विद्यार्थियों का जांचा स्वास्थ्य

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति व जनकल्याण परिषद डलहौजी शाखा ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए राजकीय प्राथमिक पाठशाला सदर बाजार व राजकीय प्राथमिक पाठशाला बस स्टैंड के बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया।

शिविर में 35 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के तहत बच्चों का ईएनटी (नाक, कान, गला) व दंत परीक्षण नागरिक अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अयान सिन्हा, दंत चिकित्सक डॉ. श्रेया महाजन तथा चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. ओइसी चक्रवर्ती ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया। इस दौरान अस्पताल की ओर से एसएमओ सीमा अत्री, डॉ. सुमित अत्री, डॉ. अवनीश, डॉ. देवेश सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। इस अवसर पर परिषद द्वारा बच्चों को निशुल्क आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं, जिससे अभिभावकों में खुशी देखी गई।

# छतराड़ी-गिंयूरा वाया मरौर सड़क का काम ठप, ग्रामीणों ने डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** छतराड़ी-गिंयूरा वाया मरौर सड़क का काम लंबे समय से बंद होने को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। सड़क की बदहाल स्थिति व पिछले करीब 6 महीने से अधिक समय से कार्य ठप रहने के विरोध में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या का जल्द समाधान करने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत व बहाली न होने के कारण आम जनता को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने से आवागमन, मरीजों की आवाजाही, बच्चों की पढ़ाई, किसानों-बागवानों की उपज ढुलाई और जरूरी सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल में शामिल पंडित राजेश शर्मा, दीप सिंह व ओमकार ठाकुर ने बताया कि स्थानीय लोगों ने प्रशासन व संबंधित विभागों के सहयोग के लिए अपनी ओर से पूरा सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने राजस्व विभाग व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सड़क निर्माण/मरम्मत के लिए आवश्यक जमीन भी गिफ्ट करवा दी, लेकिन इसके बावजूद अब तक काम दोबारा शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए जाएं, ताकि सड़क का लंबित कार्य जल्द शुरू हो और लोगों को राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो क्षेत्र की जनता आगे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन जनहित को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग की बहाली के लिए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करेगा।

# चंबा में बिना नोटिस बिजली मीटर काटने पर भड़के उपभोक्ता

अनंत ज्ञान



◆ नियमित बिल भुगतान के बावजूद बिजली बोर्ड पर मनमानी के आरोप

**चंबा।** चंबा में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक उपभोक्ता ने विभाग पर बिना नोटिस, बिना पूर्व सूचना और बिना तथ्यों की जांच किए बिजली मीटर काटने का आरोप लगाया है। मामले के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर विभाग की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ गई है।

चंबा निवासी जितेंद्र ठाकुर ने आरोप लगाया कि उन्होंने वर्ष 2012 में अपना सेंटर शुरू किया था, जिसे 2019 में बंद कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार बिजली विभाग के साथ संपर्क में रहे और समय-समय पर बिजली बिल का भुगतान भी करते रहे। उनका दावा है कि उनके पास पिछले एक साल की ऑनलाइन भुगतान रसीदें मोबाइल फोन में सुरक्षित हैं, जो इस बात का प्रमाण हैं कि वे अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। उपभोक्ता के अनुसार, 31 मार्च को बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बिना किसी पूर्व नोटिस या लिखित सूचना के उनका बिजली मीटर काट गए। इतना ही नहीं, जब उन्होंने इस कार्रवाई को लेकर विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की, तो उनके साथ कथित तौर पर असभ्य व्यवहार किया गया। उपभोक्ता का कहना है कि वह विभाग के अधिकारियों के साथ ई-मेल के माध्यम से लगातार संवाद करता रहा है, फिर भी उसकी बात को नजरअंदाज कर सीधे कार्रवाई कर दी गई। इस घटना के बाद उपभोक्ता ने बिजली विभाग पर लापरवाही, रिकॉर्ड प्रबंधन में गड़बड़ी व मनमानीपूर्ण कार्रवाई के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विभाग पहले अपने रिकॉर्ड दुरुस्त करे, लंबित मामलों की जांच करे व उसके बाद कार्रवाई करे। समय पर बिल भरने वाले उपभोक्ताओं को परेशान करना व बिना जांच मीटर काटना सीधे तौर पर उपभोक्ता अधिकारों का हनन है। स्थानीय लोगों ने भी इस मामले पर रोष जताते हुए कहा कि यदि ईमानदार व नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के साथ भी ऐसा व्यवहार होगा, तो विभाग पर जनता का भरोसा टूटना तय है। लोगों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई और उपभोक्ता हितों की रक्षा की मांग उठाई है।

### नवंबर के बाद बिजली बिल नहीं करवाया जमा

**उधर,** इस मामले में सहायक अभियंता, बिजली बोर्ड मंडल चंबा, तेजू राम ठाकुर ने कहा कि नवंबर के बाद उपभोक्ता ने बिजली बिल जमा नहीं करवाया है, इसी कारण नियमों के तहत बिजली मीटर काटा गया है, अब सवाल यह है कि यदि उपभोक्ता के पास भुगतान की रसीदें मौजूद हैं, तो विभागीय रिकॉर्ड में यह अंतर क्यों है? क्या यह रिकॉर्ड अपडेट न होने की लापरवाही है या फिर जमीनी स्तर पर बिना जांच की गई जल्दबाजी भरी कार्रवाई? यह मामला सिर्फ एक उपभोक्ता का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की जवाबदेही पर बड़ा सवाल बनकर खड़ा हो गया है।

# गैर-निर्वाचित व्यक्ति ने पीएचसी भवन चंदैश का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** चंदैश क्षेत्र में प्रस्तावित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के शिलान्यास को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएचसी चंदैश का शिलान्यास कांग्रेस पार्टी के एक ऐसे पदाधिकारी द्वारा किया गया, जो न तो निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और न ही किसी संवैधानिक पद पर हैं। स्थानीय लोगों ने इस घटनाक्रम को लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जनता द्वारा हारे नकारे व्यक्तियों द्वारा सरकारी योजनाओं का शिलान्यास करना, सीधे तौर पर जनादेश का अपमान है। विरोध कर रहे नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि इस कार्यक्रम में किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि जैसे पंचायत प्रधान, बीडीसी सदस्य या जिला परिषद सदस्य को न तो आमंत्रित किया गया और न ही उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई। इसे उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की खुली अवहेलना बताया है। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि आगामी पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि राजनीतिक लाभ प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त, स्थानीय नागरिकों ने यह मुद्दा भी उठाया कि ढलवान पंचायत के पीएचसी के लिए 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत लगभग 50 लाख रुपये की राशि को स्थानांतरित कर दिया गया है, जो क्षेत्र के साथ अन्याय है। इस मामले को लेकर ढलवान पंचायत के प्रधान लाल सिंह, उपप्रधान सुनील कुमार (बीटू), कैप्टन जसवंत सिंह, प्रताप सिंह, वार्ड सदस्य मीनाक्षी देवी, सेवानिवृत्त जे.ई. मनोहर लाल, बूथ अध्यक्ष चमन लाल, डॉक्टर शमलाल, कैप्टन राजेंद्र कुमार, कैप्टन बेसर सिंह तथा दिलीप सिंह सहित कई स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध दर्ज किया है।

# स्थानीय जड़ी-बूटियों की लगाई आकर्षक प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ में आयुष विभाग द्वारा 'आयुष ग्राम' कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्देश्य आम जनमानस को आयुष पद्धतियों के प्रति जागरूक करना तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देना है। मेले के दौरान स्थानीय जड़ी-बूटियों (हर्ब्स) की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें क्षेत्र में उपलब्ध औषधीय पौधों की उपयोगिता एवं उनके औषधीय गुणों की जानकारी दी गई। लोगों ने प्रदर्शनी में विशेष रुचि दिखाई और पारंपरिक उपचार पद्धतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आम लोगों को निशुल्क अश्वगंधा का वितरण भी किया गया, जिससे आयुर्वेदिक औषधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। मेले के तहत एक निशुल्क चिकित्सा शिविर (मेडिकल कैंप) का भी आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श और दवाइयां प्रदान की गईं। इसके अलावा विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संतुलित आहार, दिनचर्या और आयुर्वेदिक उपायों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। आयुष विभाग के इस प्रयास की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गई और ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# आपदा से मुकाबले की तैयारी: छात्रों को दिया 'जीवन रक्षा' का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आपदा के बढ़ते खतरों के बीच जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चंबा ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई, चंबा में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को आपदा से निपटने के लिए तैयार करने की पहल की।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संकट की घड़ी में सही निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में डीडीएमए चंबा के प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपदा के समय 'हर सेकेंड कीमती होता है' और लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन तंत्र की कार्यप्रणाली, समन्वय व्यवस्था और त्वरित प्रतिक्रिया की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। वहीं, जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र (डीईओसी), चंबा के भार्गव शर्मा ने बताया कि किसी भी आपदा के दौरान डीईओसी एक 'नर्व सेंटर' की तरह काम करता है, जहां से हर सूचना, हर गतिविधि और हर राहत अभियान की निगरानी की जाती है।

# भरमौर की पंचायतों की लंबित 'लाडा' राशि पर ललित ठाकुर ने उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** बिजली जल परियोजना चरण-3 से प्रभावित विधानसभा क्षेत्र भरमौर की विभिन्न पंचायतों को मिलने वाली 'लाडा' के तहत 1% धनराशि जो पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ी है।



एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी से मुलाकात कर मांग को एक बार फिर से जोरदार तरीके से उठाया है। ललित ठाकुर ने विभिन्न प्रभावित पंचायतों की 'लाडा' के तहत मिलने वाली लंबित पड़ी धनराशि की मांग विकास मंत्री जगत सिंह नेगी से की जिस पर विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डायरेक्टर एनर्जी (ऊर्जा निदेशक) को लाड़ा के तहत पिछले कई वर्षों से लंबित धनराशि पर ठोस व प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने बताया कि ऊर्जा निदेशक द्वारा आश्वस्त किया है कि लंबित धनराशि के भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर धनराशि प्रभावित पंचायत के लोगों तक पहुंचा दी जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों अमरू राम, बोधराज ,लक्ष्मी ,पूर्ण सिंह, सोनू ,सुरेश शर्मा, गुड्डू राम, अमरजीत, बालकृष्ण ,प्रहलाद, गुतला देवी, निक्कू, सपना देवी, मनीषा, निशा, कृष्णा ,फूलो देवी, इत्यादि लोगों का कहना है कि बिजली जल परियोजनाओं के कारण स्थानीय लोगों को पुनर्वास ,रोजगार और लाड़ा के तहत मिलने वाला एक 1% फंड को लेकर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# जरूरतमंदों की सेवा करना ही सेवा भारती लक्ष्य : पवन मिन्हास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सेवा भारती जिला मंडी जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी हुई है। क्षेत्रीय चिकित्सालय मंडी के नेत्र रोग विभाग को शल्य चिकित्सा उपकरण भेंट करने के बाद सेवा भारती मंडी के अध्यक्ष पवन मिन्हास ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि सेवा भारती मंडी अस्पताल में गरीब मरीज को इलाज करवाने में जहां निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाती है, तो वहीं जरूरतमंद लोगों को अन्य प्रकार के उपकरण भी दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल मंडी के नेत्र रोग विभाग में शल्य उपकरण की अति आवश्यकता थी जो काफी महंगा था। क्षेत्रीय अस्पताल मंडी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर और नेत्र रोग विभाग के प्रमुख डॉ. भूप सिंह ठाकुर ने सेवा भारती मंडी को एक पत्र लिखकर शल्य उपकरण दान में देने की आवश्यकता जताई थी। सेवा भारती मंडी की कार्यकारिणी ने इस मांग को उचित समझा और शल्य उपकरण खरीद कर क्षेत्रीय अस्पताल मंडी के एसएमएस डॉक्टर दिनेश ठाकुर यह कीमती शल्य उपकरण भेंट किया। इस अवसर पर सेवा भारती मंडी के सचिव डॉक्टर देवेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष अमरचंद ठाकुर, सदस्य राजकुमार गुप्ता सहित अन्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# हड़सर में पहलवानों ने दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान



**हड़सर।** जिला चंबा के हड़सर में आयोजित पारंपरिक वार्षिक कुश्ती दंगल मेले ने इस बार भी क्षेत्र में उत्साह व रोमांच का नया रंग भर दिया। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने अखाड़े में दमखम दिखाया, तो वहीं खेल प्रेमियों की भारी भीड़ ने हर दांव-पेच पर जमकर तालियां बजाईं।

पूरा मैदान दिनभर जोश, परंपरा और प्रतिस्पर्धा के रंग में डूबा रहा। मेले के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। अपने पैतृक गांव पहुंचे भरमौरी ने दंगल का विधिवत शुभारंभ करते हुए पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करने का सशक्त माध्यम भी हैं। अपने संबोधन में भरमौरी ने एक अहम मुद्दा उठाते हुए मणिमहेश यात्रा को अंतरराष्ट्रीय स्तर की यात्रा घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर मणिमहेश यात्रा को केदारनाथ और वैष्णो देवी की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय पहचान और सुविधाएं मिलें, तो इससे न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं मिलेंगी, बल्कि चंबा जिले में पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। दंगल में विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए भरमौरी ने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों की निरंतरता क्षेत्र की पहचान को मजबूत करती है। मेले के दौरान स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पारंपरिक दंगल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पहाड़ों की मिट्टी में खेल, संस्कृति और सामुदायिक एकता की जड़ें कितनी गहरी हैं।


**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, कृष धीमान** पुत्र श्री राज कुमार निवासी गांव भडोलियां खुर्द, डाकघर, तहसील एवं जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मैं अपना नाम कृष से बदलकर कृष धीमान करना चाहता हूं। सभी संबंधित नोट करें।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नायब तहसीलदार, रे, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**
**विषय** - राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधार के लिए आवेदन
मैं उषा देवी पत्नी इंदर देव, वीपीओ रे, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.
...प्रार्थी
प्रार्थिया श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री इन्द्र देव निवासी महाल रे व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश (हि.प्र.) ने निवेदन किया है कि प्रार्थिया का नाम राजस्व अभिलेख में उषा रानी दर्ज है जो कि गलत दर्ज है। जबकि प्रार्थिया के आधार कार्ड व अन्य रिकार्ड में प्रार्थिया र्थि का नाम उषा देवी दर्ज है। प्रार्थिया अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों अनसार राजस्व अभिलेख में अपना नाम उषा देवी दरुस्त करवाना चाहती है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी के नाम दरुस्ती करने बारे काई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 28/04/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या बकालतन हाजिर होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थिया के नाम दरुस्ती बारे आदेश पारित कर दिए जाएंगे। उसके उपरान्त काई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नायब तहसीलदार, रे, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**
**विषय** - राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधार के लिए आवेदन
मैं कुलवीर सिंह पुत्र धर्म सिंह, वीपीओ रियाली, तहसील रे, जिला कांगड़ा, हि.प्र.
...प्रार्थी
प्रार्थी श्री कुलवीर सिंह आयु 54 साल पुत्र स्वर्गीय श्री धर्म सिंह निवासी महाल रियाली व जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ने निवेदन किया है कि प्रार्थी के पिता का नाम उसके आधार कार्ड इत्यादि में धर्म सिंह दर्ज है परन्तु राजस्व रिकॉर्ड रियाली मैं धर्मू व राजस्व रिकॉर्ड नंगल मैं धर्मो दर्ज है। जो कि गलत दर्ज है। प्रार्थी अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों अनुसार राजस्व अभिलेख में नाम दरुस्त करवाना चाहता है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी उक्त के पिता के नाम दरुस्ती करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 30/04/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या बकालतन हाजिर होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थी के पिता के नाम को दरुस्त करने बारे आदेश पारित कर दिए जाएंगे। उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**
क्रमांक 170 रीडर-1
दिनांक 31/03/2006
मुकदमा न.1308/T/2025
किस्म मुकदमा -तकसीम
तारीख पेशी 08/04/2026
**शीर्षक- रक्षा देवी, बनाम, मेहर चन्द आदि**
**नोटिस बनामः-** 1. मेहर चन्द पुत्र नौधा 2. अजय कुमार पुत्र राम सिंह 3. सचिन कुमार पुत्र राम सिंह 4. अर्चना देवी पुत्री राम सिंह 5. दर्शना देवी विध्वा राम सिंह 6. आशा देवी पुत्री धनिया 7. अजय कुमार पुत्र किशन 8. विपन कुमार पुत्र किशन जिला कांगड़ा हि. प्र. । 9. विजय कुमार पुत्र किशन 10. राज कुमार पुत्र होशियार सिंह निवासी महाल व मौजा चाहडी तहसील नगरोटा बगवां भूमि खाता न. 44 मिन, खतौनी न. 61 ता. 65 खसरा किता 7, रक्वा तदादी 00-63-91, है., महाल व, मौजा चाहडी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.
**अखवारी ईस्तहार-** उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामील कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार बाहर रहते हैं। प्रार्थी ने पता देने में असमर्थता व्यक्त की तथा अनुरोध किया कि अखवारी ईस्तहार जारी कर तलव किया जाए। अतः अब अखवारी ईस्तहार द्वारा उपरोक्त प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 08-04-2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 20/03/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

**व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी फतेहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**
बिषय- इन्तकाल न. 74 वरास्त वजरिया वसीयत महाल घ्याडी तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ...प्रतिवादीगण
1 गुरदयाल, 2 किरपाल सिंह, 3 यशपाल, 4 गोबिन्द पुत्रान व, 5 नरेश कुमारी, 6 सोभा पुत्रीयां श्रीमति सोम देवी पुत्री श्रीमति चमेली देवी पत्नी किहरू, 7 रामो उर्फ राज, 8 कलो 9 इच्छा देवी, 10 कृष्णा देवी, 11 तारा उर्फ कमलेश पुत्रीयां श्रीमति चमेली देवी विध्वा किहरू निवासीगण महाल ध्याडी तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।
उपरोक्त वारसान हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम 1956 के तहत मृतक श्रीमति चमेली देवी विध्वा किहरू के उतराधिकारी बने हैं, जिन्हें इत्लाह साधारण तरीके से नहीं हो पा रही है। अतः उपरोक्त प्रतिवादीगण को वजरिया ईश्तेहार प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त इन्तकाल मुताबिक वसीयत 1 सुरिन्द्र कुमार 2 रजिन्द्र कुमार पुत्रान श्री रासो उपनाम राये सिंह पुत्र श्रीमति चमेली देवी के पक्ष में दर्ज होकर पेश हुआ है। अतः आप उपरोक्त इन्तकाल वारे दिनांक 30-04-2026 को असालतन व वकालतन तहसील कार्यालय फतेहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. हाजिर हो कर अपना पक्ष रखें। अन्यथा नियमानुसार एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 31-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर व सहित मोहर अदालत जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी फतेहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**

**कांच** का कटोरा, नेत्रों का जन, मोती और मन यह, एक बार टूटने पर पहले जैसी स्थिति नहीं होती, अत: पहले से ही सावधानी बरतनी चाहिए। -लोकोक्ति

## संपादकीय

# चिट्टे के खिलाफ जंग

हिमाचल प्रदेश में नशे, विशेषकर 'चिट्टा' (हेरोइन) के बढ़ते प्रचलन ने पिछले कुछ वर्षों में गंभीर सामाजिक संकट का रूप ले लिया है। यह समस्या केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने अनेक परिवारों को तोड़ा है, युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाया है और समाज की बुनियादी संरचना को कमजोर किया है। ऐसे में राज्य सरकार की ओर से चिट्टे के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान न केवल आवश्यक है, बल्कि समय की मांग भी है।

सुक्खू सरकार की ओर से बजट सत्र के अंतिम दिन लिया गया यह निर्णय कि चिट्टा तस्करी में संलिप्त व्यक्ति पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकेंगे, एक महत्वपूर्ण और साहसिक कदम है। यह काबिलेतारीफ फैसला स्पष्ट संकेत देता है कि सरकार अब केवल कानून के स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर भी इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायतें ग्रामीण लोकतंत्र की नींव होती हैं, और यदि इन संस्थाओं में स्वच्छ छवि के प्रतिनिधि आएंगे, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की संभावना और अधिक प्रबल होगी।

हालांकि, इस पूरे अभियान की सबसे बड़ी चुनौती व्यवस्था के भीतर मौजूद कमजोर कड़ियां हैं। यह एक कटु सत्य है कि कुछ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी इस अवैध धंधे में संलिप्त पाए गए हैं। जब कानून लागू करने वाली एजेंसियों के भीतर ही भ्रष्टाचार घर कर ले, तो किसी भी अभियान की सफलता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। इसलिए सरकार के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वह ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करे। केवल निलंबन या स्थानांतरण से काम नहीं चलेगा, बल्कि उन्हें सेवा से बर्खास्त कर कानूनी दायरे में लाना होगा, ताकि एक सख्त संदेश जाए कि इस लड़ाई में कोई भी अछूता नहीं है।

सरकार की ओर से चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वॉकथॉन, रैलियां और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह सराहनीय है कि अब प्रदेश की जनता, विशेषकर महिलाएं, खुलकर इस अभियान का हिस्सा बन रही हैं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी किसी भी सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला होती है, क्योंकि वे परिवार और समाज दोनों स्तरों पर प्रभाव डालने की क्षमता रखती हैं।

फिर भी, यह समझना होगा कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। यह एक सामाजिक समस्या है, जिसका समाधान भी सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। परिवारों को अपने बच्चों पर ध्यान देना होगा, स्कूलों और कॉलेजों को नशा विरोधी शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी, और समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आकर युवाओं का मार्गदर्शन करना होगा।

इसके साथ ही, पुनर्वास की व्यवस्था को भी मजबूत करना जरूरी है। जो युवा इस जाल में फंस चुके हैं, उन्हें केवल अपराधी के रूप में देखने के बजाय मरीज के रूप में समझना होगा। उनके उपचार, काउंसलिंग और पुनर्वास के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि हम उन्हें मुख्यधारा में वापस लाने में सफल होते हैं, तभी इस अभियान को वास्तविक सफलता मिल पाएगी।

पंचायत चुनावों में चिट्टा तस्करों पर प्रतिबंध लगाना सरकार का एक दूरदर्शी और साहसिक कदम है। यह निर्णय न केवल राजनीति को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि समाज का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथ में आए, जो नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हों।

हालांकि, चिट्टे के खिलाफ यह लड़ाई केवल हिमाचल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज का साझा अभियान होना चाहिए। प्रशासनिक सख्ती, सामाजिक जागरूकता और नैतिक जिम्मेदारी- इन तीनों का समन्वय ही इसे सफल बना सकता है। जब यह समन्वय स्थापित होगा, तब देवभूमि हिमाचल न केवल नशे की इस समस्या से मुक्त होगी, बल्कि एक स्वस्थ, सशक्त और जागरूक समाज के रूप में उभरेगी। यह समय है समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर इस बुराई के खिलाफ खड़ा होने का। केवल तभी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित, नशामुक्त और समृद्ध भविष्य दिया जा सकता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# प्रथम फील्ड मार्शल 'सैम बहादुर'

**सैम** मानेकशॉ, जिनका पूरा नाम सैम होर्मूसजी फ्रेमजी जमशेदजी मानेकशॉ था, भारतीय सेना के इतिहास के सबसे महान और चर्चित सैन्य अफसरों में गिने जाते हैं। उनका जन्म 3 अप्रैल 1914 को अमृतसर में एक पारसी परिवार में हुआ था। करीब 40 वर्षों के शानदार सैन्य करियर में उन्होंने World War II सहित भारत के चीन और पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 में भारत को मिली ऐतिहासिक जीत रही, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का जन्म हुआ। 1969 में वे भारतीय सेना के प्रमुख बने और 1973 में उन्हें देश का पहला फील्ड मार्शल बनाया गया। अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और स्पष्टवादिता के कारण उन्हें प्यार से 'सैम बहादुर' कहा जाता था।



सैम मानेकशॉ
जन्म : 3 अप्रैल, 1914
मृत्यु : 27 जून, 2008

युद्ध के मैदान में उनकी बहादुरी के कई किस्से प्रसिद्ध हैं—द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उनका हास्य और साहस डॉक्टरों को भी प्रेरित कर गया। 1971 के युद्ध में उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को करारी हार दी और हजारों सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। इस जीत ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और आत्मविश्वास दिया।

उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण (1968) और पद्म विभूषण (1972) से सम्मानित किया गया। 27 जून 2008 को उनका निधन हुआ, लेकिन वे आज भी भारत के सैन्य इतिहास में एक प्रेरणादायक महानायक के रूप में याद किए जाते हैं। ■



कविता

## बजरंगबली करिए ऐसी कृपा...!

संजय एम तराणेकर

**चैत्र** की पूर्णिमा का पावन उजियारा, ये हर दिल में गूंजे जयकारा तुम्हारा।
हे अंजनी के लाल ओ पवनसुत वीर, तुम संकट हरने वाले, भक्तों के धीर।
लाल सिंदूर में सज रहा तुम्हारा रूप,भक्ति में डूबा हर जन व स्वर अनूप।
ईश्वर तुमसे ही साहस, तुमसे ही बल, हर मुश्किल में हमारा बनते हैं संबल।
आओं 'राम' नाम की ज्योति जलाए, वे सभी को अंधकार में राह दिखाए।
तुमरी कृपा से मिटे हर पीड़ा हर भय, हमारे जीवन में भर जाती है नई लय।
ये मंगलकारी, संकट मोचन कहलाए, सब भक्तों के कष्ट क्षणभर में मिटाए।
हे प्रभु तेरी भक्ति में जो मन रम जाए, उन सबका जीवन भी सफल हो जाए।
हे बजरंगबली करिए हमपे ऐसी कृपा, हृदय में बस जाए छवि सदा स्वरूपा।
लीला जय हनुमान की गूंजती हर द्वार, भक्तिमय हो के भर जाए सारा संसार।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# चांद कुल्लवी यानी 'शेर-ए-कुल्लू' लाल चंद प्रार्थी



राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार, हिमाचल प्रदेश
मोबाइल. 7018903315

चांद कुल्लवी, लाल चंद प्रार्थी और शेर-ए-कुल्लू वह शख्सियत है जिसने कुल्लू ही नहीं, बल्कि पंजाब के साथ-साथ देश के बाकी प्रांतों में भी राजनैतिक और साहित्यिक क्षेत्र में अपने नाम का डंका बजवाया था । 3 अप्रैल सन् 1916 को कुल्लू के नग्गर स्थान पर जन्मे प्रार्थी साहब साहित्य, कला और संस्कृति के पैरोकार और मोहतवर यानी मुखिया माने जाते हैं कुल्लू जनपद में। और यही हकीकत भी है।

चांद कुल्लवी जी को उर्दू , हिंदी या पहाड़ी में ही नहीं, बल्कि पंजाबी, संस्कृत, फारसी और अंग्रेजी में भी महारत हासिल थी। बेबाक और आजाद ख्यालों के मालिक प्रार्थी साहब का शायराना अंदाज कई मंचों पर मैंने खुद देखा है। स्वर,ताल,सुर और तलाफ्फुज यानी हर जुबान के उच्चारण पर उनकी खूबसूरत और मजबूत पकड़ थी। हर आम और खास से बह गर्मजोशी से मिलते थे। प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय पाठशाला नग्गर में ही हुई प्रार्थी जी की। तत्पश्चात लाहौर से आयुर्वेदाचार्य की उपाधि प्राप्त कर 'डोगरा संदेश' और 'कांगड़ा समाचार' के लिए लिखते रहे। वर्ष 1940 में इनकी लिखी किताब का एक गीत 'हे भगवान दो वरदान,काम देश के आएं हम' मैंने अपने समय में, स्वयं सरकारी स्कूलों की हिंदी पाठ्य् पुस्तक में पढ़ाया है बच्चों को। यही नहीं 1940-41 में ही कुल्लू से प्रकाशित समाचार पत्र में दो लेख स्तंभ 'प्रार्थी के खड़प्पे' और 'लूहरी से लिफ्टी' तक पाठकों में अत्यंत लोकप्रिय हुए थे उस वक्त । यहां अपने साथ घटी एक घटना का अक्सर मैं जिक्र करता हूं । एक मुशायरे में जिसकी सदारत प्रार्थी जी कर रहे थे। मुझे मंच पर नहीं बुलाया जा रहा था, क्योंकि मैं नया-नया आया था साहित्यिक क्षेत्र में अपना वजूद तलाश रहा था। किसी तरह मैंने अपने नाम की एक पर्ची जब प्रार्थी साहब के पास पहुंचाई तो अपनी गजल कहने के तुरंत बाद ही उन्होंने मेरा नाम मंच से खुद एनाउंस कर दिया। मंच पर जाकर मैंने अपनी रचना पढ़ी,जो बाद में लगभग 34-35 साल बाद शिमला से प्रकाशित गिरिराज साप्ताहिक में छपी। ऐसी थी प्रार्थी साहब की पारखी नजर। मैं जनाब चंद कुल्लवी को कभी नहीं भूलता, क्योंकि नवोदितों के लिए उनके दिल में जो जगह थी वह शायद आज के बहुत बड़े-बड़े दिग्गजों में भी देखनेभर को नहीं मिलती। इसके साथ ही हिमाचल निर्माता डॉ. वाईएस परमार साहब भी उनके राजनैतिक व्यक्तित्व और साहित्यिक पकड़ से खासे प्रभावित थे।

वर्ष 1952,1962 और 1967 से राजनीति में आकर वह विधायक होने के साथ ही मंत्री पद पर भी आसीन रहे। लाल चंद प्रार्थी जी 1975 तक हिमाचल प्रदेश के मंत्रिमंडल में सदैव विशेष रहे। राजनीति में होते हुए भी साहित्य और संगीत के प्रति उनका रुझान देखते ही बनता था। कहीं भी खुशी के माहौल में नाटी डालने से गुरेज नहीं करते थे। सबके साथ मिलकर नाचना-गाना उनके जीवन का हिस्सा रहा। इनके आने के बाद से ही हिमाचल की साहित्यिक गतिविधियों में चार चांद लगे तो कहना गलत नहीं होगा।



पहाड़ी दिवस मनाए जाने की परंपरा के आगाज में भी प्रार्थी जी का बहुत योगदान रहा है, बल्कि हिमाचल प्रदेश अकादमी भी उन्हीं की देन है। इनकी लिखी प्रमुख पुस्तकों में कुलूत देश की कहानी,पहाड़ी हिंदी डिक्शनरी (अप्रकाशित) बाल रामायण, हिडिंबा देवी और उर्दू काव्य संग्रह 'वजूद-ओ-अदम' को हिमाचल प्रदेश कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी ने वर्ष 1983 में प्रार्थी जी के निधन के बाद प्रकाशित किया। यही नहीं, लाहौर पाकिस्तान में बनी एक फिल्म 'कारवां' में उन्होंने अपनी अदाकारी के जलवे भी बिखेरे। देवप्रस्थ साहित्य संगम कुल्लू से प्रकाशित पुस्तक 'प्रार्थी के बिखरे फूल' में प्रार्थी साहब के व्यक्तित्व और विविध पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। लाल चंद प्रार्थी ने हिमाचल के राजनैतिक, साहित्य और संस्कृति की उन्नति और विकास के लिए अहम भूमिका अदा की है जो कभी नहीं भुलाई जा सकती है। अपनी भाषा,बोली, कला संस्कृति और सभ्यता के प्रति चांद कुल्लवी साहब हमेशा सजग रहे यह उनके व्यक्तित्व की विशेषता रही और सदैव रहेगी। शायरी में चांद साहब ने हुस्न-ओ-इश्क, शराब-ओ-शबाव, मादर-ए-वतन, और फर्ज-ए-वतन जैसे मौजूं (विषय) के साथ-साथ और दूसरे विषयों पर भी खूब लिखा। लीजिए उन्हीं की एक गजल यहां आपकी नजर कर रहा हूं, जिसका जिक्र, पहले ही कर चुका हूं -

खुशी की बात मुकद्दर से दूर है बाबा,
कहीं निजाम में कोई फितूर है बाबा।।
जो सो रहा है लिपट कर अना के दामन से,
जगा के देख यह मेरा शऊर है बाबा ।।
घटाएं पी के भी सहरा की प्यास रखता हूं,
न जाने प्यास में कैसा सरूर है बाबा ।।
भरी बहार में बैठे हैं हम अलम-बकनार,
जरा बता कि ये किसका कसूर है बाबा ।।
तेरी निगाह में जो एक जलवा देख लिया,
मेरे लिये वही असरारे-तूर है बाबा।।
मये-निशात में देखा है झूमकर बरसों,
मये-अलम में भी देख अब सरूर है बाबा।।
गुमान सुबहे - बदन है , यकीन शामे-नजर,
ढला हुआ तेरे सांचे में नूर है बाबा ।।
कभी कोई तो उसे जोड़ पाएगा शायद,
अभी तो शीशा-ए-दिल चूर-चूर है बाबा ।।
नमूदे-नौ में तेरे ही तस्सुवुराते हसीं,
तेरा ख्याल बिना-ए-शऊर है बाबा।।
मेरा वजूद तेरे शौक का नतीजा है,
इसीलिए तो ये साए से दूर है बाबा ।।
छुपा-छुपा के मैं रखूं कहां इसे ऐ 'चांद'
मताए-जिस्त ये तेरे हुजूर है बाबा !!

और फिर यह चांद 11 दिसंबर 1982 को हमेशा के लिए अपनी ही चमक लिए कहीं खो गया, कहीं छुप गया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में आपदा प्रबंधन : नई चुनौतियां और बदलती रणनीति



राजन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक, हमीरपुर
मोबाइल. 94597 79314

देवभूमि हिमाचल प्रदेश, जो कभी अपनी शांत वादियों और सुहावने मौसम के लिए जाना जाता था, आज जलवायु परिवर्तन और अनियोजित विकास के दोहरे प्रहार झेल रहा है। वर्ष 2025-26 के आंकड़े बताते हैं कि राज्य में बादलों का फटना, भूस्खलन और अचानक आने वाली बाढ़ (Flash Floods) अब कोई अपवाद नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई बन चुके हैं। ऐसे में प्रश्न यह है कि क्या हमारा आपदा प्रबंधन इन उभरती चुनौतियों के लिए तैयार है?

**मानसून का नया चेहरा :** हालिया रिपोर्टों के अनुसार, हिमाचल में वर्षा का पैटर्न पूरी तरह बदल गया है। अब महीने भर की बारिश चंद घंटों में हो रही है, जिससे मिट्टी की पकड़ कमजोर हो रही है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मंडी के विशेषज्ञों के अनुसार, 'एंटीसिडेंट रेनफॉल' (लगातार होने वाली बारिश) के बजाय अब 'इंटेंस स्पेल' (अत्यधिक तीव्र बारिश) भूस्खलन का मुख्य कारण बन रही है। इसके अतिरिक्त, हिमालयी क्षेत्रों में 'ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड' का खतरा भी गहराया है, क्योंकि सतलुज और चिनाब बेसिन में हिमनद झीलों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई है।

**सरकार की नई पहल :** इन आपदाओं से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने 'हिमाचल प्रदेश-विकास और आपदा-पुनर्प्राप्ति के लिए सुदृढ़' कार्रवाई जैसे कार्यक्रमों से अपनी रणनीति में बड़े बदलाव किए हैं।

**पंचायतों में आपातकालीन केंद्र :** राज्य सरकार अब आपदा प्रबंधन का विकेंद्रीकरण कर रही है। प्रत्येक पंचायत स्तर पर 'इमरजेंसी रिस्पॉन्स सेंटर' स्थापित किए जा रहे हैं ताकि आपदा के शुरुआती 'गोल्डन ऑवर' में स्थानीय लोग ही त्वरित राहत पहुंचा सकें।



**अर्ली वार्निंग सिस्टम:** विश्व बैंक की सहायता से राज्य में आधुनिक मौसम पूर्वानुमान और चेतावनी प्रणालियां स्थापित की जा रही हैं, जो 23 लाख से अधिक लोगों को समय पर जानकारी देने में सक्षम होंगी।

**स्ट्रक्चरल रेट्रोफिटिंग:** पुराने और महत्वपूर्ण भवनों, विशेषकर स्कूलों और अस्पतालों को भूकंप व अन्य आपदाओं के प्रति सुरक्षित बनाने के लिए 'रेट्रोफिटिंग' (सुदृढ़ीकरण) का कार्य तेज कर दिया गया है।

**आपदा बीमा मॉडल :** सरकार अब सार्वजनिक और निजी संपत्तियों के लिए बीमा कवरेज की योजना पर काम कर रही है, ताकि आपदा के बाद होने वाले भारी वित्तीय बोझ को कम किया जा सके।

**चुनौतियां बरकरार :** तकनीकी सुधारों के बावजूद, पहाड़ी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का निर्माण (जैसे फोरलेन और टनल) एक बड़ी चुनौती है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैज्ञानिक अध्ययन के बिना पहाड़ों की कटाई और नदियों के किनारे अतिक्रमण आपदाओं को निमंत्रण दे रहा है। इसके अलावा, राज्य को केंद्र से मिलने वाले आपदा राहत पैकेज और विशेष वित्तीय सहायता की भी तत्काल आवश्यकता है ताकि पुनर्वास कार्यों को गति मिल सके।

सजगता ही सुरक्षा है, आपदा प्रबंधन केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें 'कम्युनिटी रेजिलिएंस' (सामुदायिक लचीलापन) की अहम भूमिका है। हमें पारिस्थितिकी और विकास के बीच संतुलन बनाना होगा। यदि हम प्रकृति के संकेतों को समझकर अपनी निर्माण शैली और जीवनशैली में बदलाव नहीं करते, तो आने वाले समय में चुनौतियां और भी विकराल हो सकती हैं। 'हिमाचल की भौगोलिक स्थिति हमें निरंतर सतर्क रहने की चेतावनी देती है। आधुनिक तकनीक और पारंपरिक ज्ञान का संगम ही भविष्य की आपदाओं से बचने का एकमात्र मार्ग है।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अतुलनीय बल के स्वामी और प्रभु श्री राम के अनन्य उपासक श्री हनुमान जी



आचार्य दीप चंद भारद्वाज
(आध्यात्मिक चिंतक)
मोबाइल. 9992698780

अंजनी पुत्र हनुमान को कलयुग का सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है।

मान्यता है की मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सेवा के लिए महादेव जी ने एकादशी रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था।

सनातन संस्कृति के उपासकों के लिए हनुमान जयंती का विशेष रूप से महत्व है। भगवान हनुमान के दिव्य गुण इस उत्सव का मुख्य आकर्षण है। हनुमान जी निस्वार्थ भक्ति, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक हैं। हनुमान जी का दैवी गुणों से परिपूर्ण आध्यात्मिक उदात्त चरित्र हमें जीवन के संघर्षों और चुनौतियों पर विजय पाने और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने के लिए भक्ति, विनम्रता और समर्पण का पाठ पढ़ाता है। पवनसुत, मंगल मूर्ति, संकट मोचन आदि कहे जाने वाले श्री हनुमान के नाम के स्मरण मात्र से ही भक्तों के समस्त दुखों का नाश हो जाता है। हनुमान जी के दिव्य गुणों का वर्णन करते हुए हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'मनोजवं मारुततुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।' अर्थात भगवान हनुमान जी मन से भी अधिक भगवान, वायु के समान तीव्र वेग वाले, इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने वाले, बुद्धिमानों में वरिष्ठ, वायु पुत्र, वानर समूह के मुख्य नेता, भगवान श्री राम के अन्य दूत हनुमान का सान्निध्य प्राप्त हो।

तुलसीदास जी ने हनुमान जी को गुणों का भंडार माना है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हनुमान जी अन्य सेवक एवं उपासक थे। वे मानसा, वाचा, कर्मणा प्रभु श्री राम को समर्पित थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, रावण का वध करने और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लौटे तब उन्होंने युद्ध में साथ देने वाले सभी वीरों को उपहार दिया जब हनुमान जी की बारी आई तो उन्होंने याचना करते हुए प्रभु राम से कहा हे राम इस लोक पर जब तक राम कथा प्रचलित रहे तब तक मेरे प्राण शरीर में बसे रहे। हनुमान की याचना पर श्री राम ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि है कि 'हे कपि श्रेष्ठ इस संसार में जब तक राम कथा प्रचलित रहेगी। तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी।' सात्विक अंतकरण एवं एकाग्रता के साथ की गई हनुमान की उपासना से हमारे जीवन में व्याप्त समस्त नकारात्मक आसुरी शक्तियों का विनाश हो जाता है। शरीर तथा मन में व्याप्त रोगों का हनुमान जी के स्मरण से विनाश हो जाता है। हनुमान जी आध्यात्मिक विभूतियों से परिपूर्ण महान पराक्रमी योद्धा हैं।



हनुमान जी की भक्ति मनुष्य को पराक्रम शारीरिक तथा मानसिक बल प्रदान करने वाली मानी गई है। हनुमान जी मनुष्य और देवता के बीच वह सेतु हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि यदि चेतना जागृत हो जाती है तो शारीरिक सीमाएं अर्थहीन हो जाती हैं। वह ब्रह्म की साक्षात क्रियात्मक शक्ति हैं हनुमान जी ब्रह्मांड के वह पार्टिकल हैं जिनमें साक्षात परमात्मा की स्पीड और पावर विद्यमान है। उनकी अष्ट सिद्धियां वास्तव में पदार्थ (matter) और ऊर्जा (energy ) पर नियंत्रण की प्रतीक हैं। अणिमा सिद्धि परमाणु स्तर पर संकुचित होने की क्षमता है जबकि महिमा ब्रह्मांडीय विस्तार का विज्ञान है वह क्वांटम फिजिक्स के मास डिसेंटी और स्पेस टाइम के सिद्धांतों को चुनौती देने वाली सर्वोच्च तकनीक है।

वज्र के समान उनका शरीर उनकी कोशिकाओं का घनत्व सामान्य जैविक ढांचे से भिन्न था जो उन्हें वायु की गति से उड़ाने और गुरुत्वाकर्षण को भी बेअसर करने की शक्ति प्रदान करता था। हनुमान जी का पराक्रम किसी सेवा का मोहताज नहीं था वह स्वयं वन मैन आर्मी थे। समुद्र लांघना हनुमान जी की शारीरिक शक्ति नहीं बल्कि उनके संकल्प की विजय थी। वे उत्कृष्ट वाणी के स्वामी और ऋग्वेद के प्रकांड विद्वान थे। हनुमान जी की भक्ति अभय प्रदान करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आधी सच्चाई पर निर्णय : समाज में बढ़ता पूर्वाग्रह और संवाद का संकट



कनुप्रिया
नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
मोबाइल. 94186 06360

मैं अक्सर अपने आसपास के लोगों को देखकर कभी विचलित होती हूं, तो कभी आश्चर्यचकित। यह देखकर हैरानी होती है कि लोग कितनी शीघ्रता से दूसरों के बारे में राय बना लेते हैं- मानो वे स्वयं न्यायाधीश हों, जबकि सत्य तो यह है कि एक सिक्के के सदैव दो पहलू होते हैं। किसी एक पक्ष को देखकर निर्णय लेना दूसरे पक्ष के साथ अन्याय करने जैसा होता है।

बदलते आधुनिक समम में आज समाज में पूर्वाग्रहों के आधार पर मत बनाने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है। लोग वास्तविक परिस्थिति को समझने का प्रयास कम और सुनी-सुनाई बातों पर विश्वास अधिक करते हैं।

बातचीत का उद्देश्य समझना नहीं, बल्कि उसे तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करना बनता जा रहा है। इस प्रक्रिया में अपनी निजी राय या अहंकार भी जोड़ दिया जाता है, जिससे किसी को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति पनपती है। यह संस्कृति हमारे समाज, संस्थानों और पारस्परिक संबंधों की जड़ों को कमजोर कर रही है।

यह आवश्यक नहीं कि हम हर व्यक्ति में अवगुण ही खोजें। क्यों न हम उसके गुणों को ग्रहण करने का प्रयास करें?

किसी के बारे में राय बनाने से पहले हमें यह अवश्य सोचना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति की अपनी एक कहानी होती है- संघर्षों, परिस्थितियों और अनुभवों से भरी हुई। जब तक हम किसी के स्थान पर स्वयं को रखकर उसकी परिस्थिति को नहीं समझते, तब तक उसके निर्णयों और व्यवहार पर टिप्पणी करना अनुचित है। पीठ पीछे निंदा करना, चुगली करना और निराधार आलोचना करना समाज की नींव को हिलाने जैसा है।

इनका प्रभाव सामने वाले व्यक्ति पर गहरा और नकारात्मक पड़ सकता है। सभी लोग मानसिक रूप से समान रूप से सशक्त नहीं होते। कुछ लोग अत्यंत भावनात्मक होते हैं, जिन्हें छोटी-सी बात भी भीतर तक आहत कर सकती है। इसलिए शब्दों का चयन और उनका प्रयोग अत्यंत सावधानी से करना चाहिए।




दोहा-

*देखे आधा रूप जो, दे दे त्वरित विचार। पूरा सच जाने बिना, करता अन्याय अपार।।*

प्रत्येक मनुष्य कुछ जन्मजात गुणों के साथ जन्म लेता है। कुछ ज्ञान और अनुभव से परिपक्व होते हैं, तो कुछ परिस्थितियों के कारण आगे नहीं बढ़ पाते। अनेक लोग अपनी प्रतिष्ठा और पहचान बनाने के लिए वर्षों तक संघर्ष करते हैं। ऐसे में बिना पूरी सच्चाई जाने किसी के चरित्र या व्यक्तित्व पर टिप्पणी करना न केवल अनुचित, बल्कि अमानवीय भी है।

हमारे ऋषि-मुनियों और विद्वानों ने भी जब आलोचना की, तो वह तर्क और प्रमाण के आधार पर की। शब्दों का प्रयोग उन्होंने संयम और विवेक से किया।

अत: हमारा ज्ञान और हमारा व्यवहार तभी उच्च कोटि का माना जाएगा, जब हम निरर्थक चर्चाओं और आलोचनाओं से स्वयं को दूर रखेंगे तथा सहानुभूति, संवेदनशीलता और समझदारी को अपनाएंगे। अंतत:, समाज की सुदृढ़ता हमारे आचरण पर निर्भर करती है। यदि हम निर्णय करने से पहले समझने का प्रयास करें, तो न केवल दूसरों के प्रति न्यायपूर्ण होंगे, बल्कि स्वयं भी एक उच्च और परिपक्व व्यक्तित्व के रूप में विकसित होंगे। परहित में जो मन लगे, वाणी हो संतुलित। सोच-विचार कर बोलिए, मानवता हो विकसित।।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल के नन्हे-मुन्ने नवाजे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट स्थित लॉर्ड्स कान्वेंट पब्लिक स्कूल में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी (दीक्षांत समारोह) हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई। सत्र 2025-26 में नर्सरी से लेकर आठवीं, नौवीं और 11वीं तक का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। स्कूल प्रबंधन कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने यह जानकारी दी, जबकि प्रधानाचार्या सपना ठाकुर ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। समारोह में बच्चों ने ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनकर सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। प्रधानाचार्या ने कहा कि बच्चों की सफलता में शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का अहम योगदान है और स्कूल का लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।



### पधर किसान मेला 15 से, प्लॉट नीलामी 7 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, कविता, पधर।** पधर में पांच दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला 15 से 19 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। उपमंडलाधिकारी एवं मेला कमेटी अध्यक्ष सुरजीत सिंह ने बताया कि मेले में दुकानों के प्लॉट आवंटन के लिए 7 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे खुली बोली के माध्यम से नीलामी होगी। प्लॉट की आरंभिक बोली 4.25 लाख रुपए तय की गई है। इच्छुक बोलीदाताओं को सुबह 11 बजे तक 10 हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करनी होगी। नीलामी में भाग लेने के लिए आधार, पैन कार्ड और जीएसटी नंबर की प्रतियां अनिवार्य हैं। सफल बोलीदाता को 25 प्रतिशत राशि उसी दिन, 50 प्रतिशत एक सप्ताह में और शेष राशि 15 अप्रैल तक जमा करनी होगी।

### नेशनल वॉलीबॉल अकादमी के ट्रायल 5 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर स्थित नेशनल वॉलीबॉल अकादमी में नए सत्र के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु 5 अप्रैल को ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इसमें 11 से 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। अकादमी पिछले दो वर्षों से युवाओं को प्रशिक्षण दे रही है, जहां से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं और कुछ ने सेना में भी स्थान बनाया है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच हेम सिंह ठाकुर यहां निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। अकादमी अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक हैं। वहीं, सचिव सुनील डोगरा के अनुसार चयनित खिलाड़ियों को शिक्षाविद स्कूल में प्रवेश और ट्यूशन फीस में विशेष छूट दी जाएगी।

### मुल्थान कॉलेज के मर्ज होने पर लगी रोक: सीता राम

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीता राम ठाकुर ने बताया कि महाविद्यालय मुल्थान के मर्ज होने का खतरा अब लगभग टल गया है। प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले संस्थानों को मर्ज करने के निर्णय में इस महाविद्यालय का नाम भी शामिल था, जिसके विरोध में एसोसिएशन, स्थानीय लोगों व बुद्धिजीवियों ने लगातार प्रयास किए। मुख्यमंत्री सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व विधायक किशोरी लाल से लिखित व मौखिक रूप से मांग उठाई। शिमला में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने स्पष्ट आश्वासन दिया कि महाविद्यालय को मर्ज नहीं किया जाएगा और अन्य स्थानों से प्रोफेसरों को भेजकर रिक्त पद भरे जाएंगे। सीता राम ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से घाटी की अन्य समस्याओं के समाधान की भी उम्मीद बढ़ी है।



### प्रो. अभिषेक ने 'प्रज्ञा-पुंज' पुस्तक लिख बनाई पहचान

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी स्थित राजकीय महाविद्यालय मुल्थान के इतिहास प्रोफेसर, डॉ. अभिषेक सिंह ने अपनी पुस्तक 'प्रज्ञा-पुंज' प्रकाशित कर शिक्षा जगत में नई पहचान बनाई। लखनऊ निवासी डॉ. सिंह ने शिक्षण के साथ समय निकालकर यह पुस्तक तैयार की, जिसका हाल ही में महाविद्यालय में विमोचन हुआ। उन्होंने पुस्तक की प्रति कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनमोल को भेंट की। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. ऋषभ, गैर-शैक्षणिक स्टाफ और महाविद्यालय कमेटी के सदस्य मौजूद थे। डॉ. सिंह ने बताया कि पुस्तक में भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को प्रस्तुत किया गया है। प्राचार्य और स्टाफ ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।

### धर्मपुर में विकास के मुद्दों से भटक रहे विधायक : वंदना

**अनंत ज्ञान, रितेश चौहान, सरकाघाट।** भाजपा नेत्री, पूर्व महिला मोर्चा महामंत्री और जिला पार्षद वंदना गुलेरिया ने धर्मपुर के विधायक चंदरशेखर के निजी चैनल साक्षात्कार पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विधायक को गोलमोल बातें करने के बजाय क्षेत्र के वास्तविक मुद्दों और विकास पर स्पष्ट रूप से बोलना चाहिए। वंदना ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी परिवार के इर्द-गिर्द संचालित है और उसके वादे अधूरे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए 1500 रुपए की वित्तीय सहायता, चयन आयोग के माध्यम से 25,000 नौकरियों और 300 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी घोषणाएं पूरी नहीं हुई हैं। वंदना ने धर्मपुर में सड़क, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की दयनीय स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा शुरू किए गए कई विकास कार्य आज भी अधूरे हैं और वर्तमान सरकार ने कोई नया कार्य शुरू नहीं किया। उन्होंने सवाल उठाया कि यह कैसा 'व्यवस्था परिवर्तन' है, जब क्षेत्र विकास की बजाय पीछे जा रहा है। वंदना ने जनता से कहा कि वे अपने अधिकार के अनुसार जवाब मांगें और आने वाले समय में इसका उचित उत्तर भी पाएंगे।



### बलहाड़ा में 6120 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बलहाड़ा ब्लॉक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चल रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025-26 में कुल 6120 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अभियान के अंतर्गत गोपालपुर-2 क्षेत्र के 100 सरकारी स्कूलों का साल में एक बार तथा 188 आंगनबाड़ी केंद्रों का दो बार निरीक्षण किया गया। बीएसके टीम-बी, जिसमें डॉ. विशाल कुमार सोनी, डॉ. विमल प्रतिभा, नर्स अनिता शमी और फार्मासिस्ट हेमंत कुमार शामिल हैं, ने जीरो से 6 वर्ष तक के 2950 बच्चों की जांच की, जिनमें से 49 बच्चों को आगे इलाज के लिए रेफर किया गया। वहीं 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 3170 बच्चों की जांच में 284 बच्चों को रेफर किया गया। डॉ. विशाल कुमार सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को हृदय रोग, सुनने और बोलने में समस्या जैसी गंभीर बीमारियों का मुफ्त उपचार उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही बच्चों और अभिभावकों को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जाती है। हिमाचल प्रदेश में यह मिशन पिछले 10 वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### रस्सा कस्सी में महिला मंडल हवाणी मसेरन प्रथम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ में विभिन्न महिला मंडलों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में रस्सा कस्सी, मटकी फोड़ और म्यूजिकल चेयर जैसे रोचक खेल शामिल रहे। कार्यक्रम में सरकाघाट के डीएसपी संजीव गौतम मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां महिलाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करती हैं। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में कुल 7 महिला मंडलों ने भाग लिया। मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें महिला मंडल हवाणी मसेरन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि महिला मण्डल अल्याणा दूसरे स्थान पर रहा। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विभिन्न महिला मण्डलों की 23 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अंजू देवी ने सटीक निशाना लगाते हुए मटकी फोड़कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें प्रोमिला देवी विजेता रही।

### संविदा कर्मियों की लंबित मांग हुई पूरी, संघ ने जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ (एचजीसीटीए) ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री द्वारा संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को पूर्व प्रभाव से लागू करने के निर्णय पर हार्दिक आभार व्यक्त किया है। संघ ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे लंबे समय से लंबित मांग पूरी हुई है और प्रभावित कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। संघ का मानना है कि यह प्रगतिशील कदम न केवल शिक्षकों के मनोबल को सुदृढ़ करेगा, बल्कि उच्च शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। एचजीसीटीए ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री की संवेदनशीलता और समयबद्ध हस्तक्षेप की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया है। संघ ने यह भी उम्मीद जताई कि शिक्षा निदेशालय, जिन महाविद्यालय शिक्षकों के प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं, उन्हें शीघ्र सचिवालय को प्रेषित करेगा, ताकि नियमितीकरण की प्रक्रिया तेजी से पूरी हो सके। एचजीसीटीए ने इस कर्मचारी-हितैषी निर्णय के लिए माननीय मुख्यमंत्री को शीघ्र सम्मानित करने का भी निर्णय लिया है। संघ ने स्पष्ट किया कि वह राज्य में उच्च शिक्षा के समग्र विकास के लिए सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।

# सुकेत में देव बड़ेयोगी की 300 किमी पदयात्रा

## देवलुओं ने कठिन पहाड़ी मार्ग पर सिर ढककर और नंगे पांव उठाया रथ

अनंत ज्ञान

**करसोग।** पश्चिमी हिमाचल के सुकेत क्षेत्र की प्राचीन देव परंपराएं आज भी अपनी अद्भुत आस्था और अनुशासन के कारण जीवंत हैं। बगसाड़ के समीप मड़ीहुणी में प्रतिष्ठित देव बड़ेयोगी, जिन्हें पूर्वी दरैहट और दक्षिणी पांगणा गढ़ का देवाधिपति माना जाता है, इन दिनों सुकेत मेले से वापसी की अपनी कठिन और आस्था से परिपूर्ण पदयात्रा को लेकर चर्चा में हैं।

लगभग 300 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में देवलु नंगे पांव, सिर ढककर और कठोर ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए देव रथ को उठाकर चलते हैं, जो हिमाचल की देव संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। देव बड़ेयोगी का क्षेत्र दक्षिण में तत्तापानी और सतलुज नदी से लेकर पूर्वोत्तर में मरोड़ा, पूर्व में शाकरा तथा पश्चिम में सरौर तक विस्तृत है। उत्तर दिशा में माहूंनाग तक उनकी आध्यात्मिक सत्ता मानी जाती है। सुकेत संस्कृति साहित्य और जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली 'हिम' के अनुसार लोकमान्यता में देव बड़ेयोगी को महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य तथा परशुराम का स्वरूप माना जाता है। उनके तीन प्रमुख मंदिर मड़ीहुणी, साहज और तलैहण सात्विक, राजसी और तामसिक रूपों के प्रतीक हैं। मान्यता है कि देव बड़ेयोगी का प्राकट्य बड़योग क्षेत्र में बाल पशुपालकों के बीच हुआ, जब वे बाघ रूप में प्रकट हुए। आज भी देव व्यवस्था में अनुशासन और परंपरा का कड़ाई से पालन होता है।



सुकेत मेले से लौटते देव बड़ेयोगी। अनंत ज्ञान

चैत्र शुक्ल पंचमी से सुंदरनगर में आरंभ हुए पांच दिवसीय सुकेत मेले में देव बड़ेयोगी रथारूढ़ होकर पहुंचे और अब वापसी यात्रा में भी वही कठिन नियम निभाए जा रहे हैं। जहां आधुनिक समय में अधिकांश देव यात्राएं वाहनों से होने लगी हैं, वहीं मड़ीहुणी के देवलु आज भी कठिन पहाड़ी रास्तों पर नंगे पांव चलकर इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं।

डॉ. हिमेंद्र बाली 'हिम' का कहना है कि यह देव परंपरा आज के बदलते परिवेश में भी अपनी मूल मर्यादाओं पर कायम है। वहीं संस्कृति मर्मज्ञ डॉ. जगदीश शर्मा के अनुसार यह परंपरा तप, त्याग और अनुशासन का प्रतीक है, जिसे नई पीढ़ी को समझकर आगे बढ़ाना चाहिए। देव बड़ेयोगी की यह कठिन और आस्था से भरी 300 किलोमीटर की पदयात्रा न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है, बल्कि हिमाचल की जीवित सांस्कृतिक विरासत का सशक्त प्रमाण भी है।

# बल्ह विधायक की टिप्पणियों से आहत विश्वकर्मा समाज : महंत राम



प्रेस वार्ता करने के दौरान सभा के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश विश्वकर्मी सभा बल्ह मंडी के अध्यक्ष महंत राम भारद्वाज ने विधायक इंद्र सिंह गांधी की भाषा और कार्यशैली को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विधायक के बयानों से न केवल विश्वकर्मा समाज आहत है, बल्कि पूरे प्रदेश में उनकी छवि को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

प्रेस वार्ता में महंत राम ने कहा कि समाज ने दो बार विधायक को विधानसभा भेजा, लेकिन उनके शब्दों और व्यवहार से समाज को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक द्वारा लगातार विवादित और असंतुलित बयान दिए जा रहे हैं, जो एक जनप्रतिनिधि की गरिमा के अनुरूप नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि विधायक का सरकार के साथ टकरावपूर्ण रवैया क्षेत्र के विकास में बाधा बन रहा है। यदि सरकार के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तो बल्ह क्षेत्र के कई लंबित कार्य पूरे हो सकते हैं, लेकिन टकराव की नीति के कारण जनता को ही खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विधायक क्षेत्र के जमीनी मुद्दों से दूरी बनाए हुए हैं। न तो युवाओं के रोजगार पर कोई ठोस पहल दिखती है और न ही किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत अन्य क्षेत्रों में प्रगति के बावजूद बल्ह के कई गांवों में लोग आज भी प्लास्टिक पाइपों से पानी लेने को मजबूर हैं। भारद्वाज ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसे व्यक्ति को पुनः चुनाव मैदान में उतारा गया तो विश्वकर्मा समाज इसका पुरजोर विरोध करेगा।

इस अवसर पर ठाकुर दास महासचिव, देवकीनंदन वित्त सचिव, हरि सिंह उप सलाहकार और राजेंद्र कुमार कानूनी सलाहकार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नागरिक चिकित्सालय करसोग में स्थापित होगी विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई

**◆ आधुनिक उपकरण पहुंचे, 12 बेड की सुविधा से नवजात शिशुओं को मिलेगा बेहतर उपचार**

अनंत ज्ञान

**करसोग।** राज्य सरकार के प्रभावी प्रयासों से नागरिक चिकित्सालय करसोग में स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही हैं। इसी क्रम में अब अस्पताल में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) स्थापित की जा रही है, जिससे क्षेत्र के नवजात शिशुओं को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी। इस इकाई के लिए लगभग 50 लाख रुपए के आधुनिक उपकरण अस्पताल में पहुंच चुके हैं।

प्राप्त उपकरणों में रेडियंट वार्मर (ओपन केयर सिस्टम), फोटोथेरेपी यूनिट, नवजात पुनर्जीवन उपकरण (250 मिली एवं 500 मिली), सिरिंज पंप, ऑक्सीजन हुड (छोटा एवं मध्यम), ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, डिजिटल थर्मामीटर, इलेक्ट्रॉनिक शिशु वजन मशीन, स्टेथोस्कोप, रक्तचाप मापक यंत्र, पोर्टेबल जांच लाइट, मापने की टेप, स्टेनलेस स्टील किडनी ट्रे, ड्रेसिंग ट्रे, इन्फ्यूजन स्टैंड, फोटोथेरेपी हेतु इर्रेडिएंस मीटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मशीन (3 चैनल), शिशु लंबाई मापक (इन्फैंटोमीटर), ट्रांसपोर्ट इनक्यूबेटर तथा 185 लीटर क्षमता का रेफ्रिजरेटर शामिल हैं। ये सभी उपकरण नवजात शिशुओं की निगरानी एवं उपचार में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।

प्रस्तावित एसएनसीयू में 12 बेड की क्षमता होगी, जिससे एक साथ अधिक संख्या में नवजात शिशुओं का उपचार संभव हो सकेगा। इस सुविधा के शुरू होने से गंभीर नवजात शिशुओं को बड़े चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने की आवश्यकता में कमी आएगी, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित होगा तथा शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में सहायता मिलेगी। इस संबंध में बीएमओ करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि वर्तमान में नागरिक चिकित्सालय करसोग में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनी स्पेशलिस्ट) तथा शिशु रोग विशेषज्ञ (पीडियाट्रिशियन) अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### एआई व ऑफिस ऑटोमेशन के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए 10 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं ऑफिस ऑटोमेशन के क्षेत्र में निशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। तहसील कल्याण अधिकारी बल्ह धर्मशीला ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को कौशल विकास के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), शिमला के साथ मिलकर दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आरंभ करने का निर्णय लिया है।

इन पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा ऑफिस ऑटोमेशन, अकाउंटिंग एवं पब्लिशिंग असिस्टेंट शामिल हैं। प्रशिक्षण का संचालन अप्रैल से मंडी स्थित केंद्र में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसील बल्ह के इच्छुक अभ्यर्थी तहसील कल्याण अधिकारी बल्ह अथवा जिला कल्याण अधिकारी मंडी कार्यालय में 10 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि के दौरान अभ्यर्थियों को 2000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा।

# नलवाड़ मेले में 43 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

अनंत ज्ञान



रक्तदान करते रक्तदानी। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से एक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ सरकाघाट के डीएसपी संजीव गौतम ने किया। 41 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिनमें 20 पुलिसकर्मी और 23 आम नागरिक शामिल थे। रक्तदाताओं में 5 महिलाएं और 38 पुरुष थे। डीएसपी संजीव गौतम ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है और युवाओं को इसे नियमित रूप से करने और दूसरों को प्रेरित करने का आह्वान किया। एसएचओ रजनीश ठाकुर और उनकी टीम ने शिविर का संचालन सफलतापूर्वक किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्त संग्रहण और जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन ने न केवल रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

# नलवाड़ मेले की सांस्कृतिक संध्या में झूमे दर्शक



मुख्यातिथि व वशिष्ठ अतिथि को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट की ग्राम पंचायत बरच्छवाड़ में चल रहे सात दिवसीय नलवाड़ मेले की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रंगीला राम राव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर आयोजन की सराहना की।

सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार मोहित गर्ग ने शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया, जिस पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने लोक नृत्य और गीत-संगीत के माध्यम से हिमाचली संस्कृति की झलक पेश की।

कार्यक्रम के दौरान पंडाल खचाखच भरा रहा और लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बीडीओ कार्तिकेय डोगरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### प्रशासन की देख-रेख में हो रसोई गैस की सप्लाई : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट गैस एजेंसी से रसोई गैस सिलेंडरों की सप्लाई उपभोक्ताओं को निर्धारित रूटों और समय पर न होने और वितरण में हो रही हेराफेरी से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कत सामने आ रही है। एक महीना पहले ईरान पर अमेरिका और इसराइल हमले के बाद स्थिति और बिगड़ गई है और अब उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने सरकाघाट आना पड़ रहा है और वहां पर लंबी कतार में लगना पड़ रहा है और कई बार वहां से भी खाली वापस लौटना पड़ रहा है। कई गांवों में तो पिछले तीन महीने से सप्लाई नहीं आ रही है और लोग हररोज इंतजार में रहते हैं।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने गैस सिलेंडरों की सप्लाई सभी क्षेत्रों में नियमित करने की प्रसाशन से मांग की है और सप्लाई चार्ट को लागू करने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने एसडीएम सरकाघाट और धर्मपुर से मांग की है कि वे सप्लाई करने वाले ठेकेदार और खाद्य आपूर्ति विभाग के कर्मचारियों के साथ हर रोज सप्लाई करने बारे प्लान तैयार करवाएं और उसे लागू करवाने के लिए समीक्षा करें तभी सभी क्षेत्रों व गांवों में सप्लाई रेगुलेट और रेगुलर हो सकती है अन्यथा समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर रूप धारण करेगी।

# इतिहास विभाग का दल शैक्षणिक भ्रमण पर ग्वालियर रवाना



कुलपति के साथ स्टूडेंट्स सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग का 31 सदस्यीय दल शैक्षणिक भ्रमण के तहत ग्वालियर के लिए रवाना हुआ। यह भ्रमण समझौता ज्ञापन के अंतर्गत सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थी जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के साथ-साथ मतावली, पडावली, बटेश्वर मंदिर समूह और ग्वालियर किला जैसे ऐतिहासिक स्थलों का अध्ययन करेंगे।

इसके अतिरिक्त छात्र विश्वविद्यालय में आयोजित शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेंगे। विद्यार्थियों ने इस यात्रा को अपने शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण अवसर बताया।

**मनोरंजन** | कुमार साहिल, सुनील राणा और रागिनी की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

# लघु शिवरात्रि मेले की पहली संध्या में झूमा जोगिंद्रनगर

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या संगीत, रंग और उत्साह से भरपूर रही। कार्यक्रम की शुरुआत से ही पंडाल दर्शकों से खचाखच भरा रहा और देर रात तक लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

प्रसिद्ध गायक कुमार साहिल ने अपनी शानदार प्रस्तुति से पूरे माहौल को जीवंत कर दिया। उनके लोकप्रिय गीत 'डायमंड दी झांजर' पर दर्शक झूम उठे और युवाओं ने जमकर नृत्य किया। उनकी प्रस्तुति मेले की पहली संध्या का मुख्य आकर्षण रही।



अनुराग शर्मा व जीवन ठाकुर को सम्मानित करते हुए आयोजक। अनंत ज्ञान

चंबा के लोकगायक सुनील राणा ने पारंपरिक पहाड़ी गीतों के माध्यम से हिमाचली संस्कृति की झलक पेश की। उनके गीतों ने बुजुर्गों को भावुक किया और युवाओं को भी आकर्षित किया। वहीं, गायिका रागिनी ने बॉलीवुड गीतों की दमदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में ऊर्जा बनाए रखी। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने भी मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिससे कार्यक्रम और अधिक रोचक बन गया। आकर्षक मंच सज्जा, रंग-बिरंगी रोशनी और आधुनिक ध्वनि व्यवस्था ने कार्यक्रम की भव्यता को चार चांद लगा दिए।

इस अवसर पर मुख्यातिथि सांसद अनुराग शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने अतिथियों को सम्मानित भी किया। सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजामों के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मेले के चलते स्थानीय बाजारों में भी रौनक रही और व्यापारियों में उत्साह देखने को मिला।

# रस्साकशी प्रतियोगिता में महिला मंडल बढवाहन को प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले के दूसरे दिन खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। महिला मंडलों के लिए आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता में महिला मंडल बढवाहन ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि महिला मंडल कोटरोपी उपविजेता रहा। आयोजन समिति की समन्वयक और नायब तहसीलदार जागृति राठौर ने प्रतिभागियों की सराहना की।

इसी दौरान 1 से 5 अप्रैल तक आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता ने भी खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदेशभर की 10 टीमें इसमें भाग ले रही हैं और खेल में जोश बनाए रखी है। प्रतियोगिता की मुख्य थीम है: 'वॉलीबॉल का मैदान बुलाएं चिट्टे को दूर भगाएं', जिससे युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

एसडीपीओ बैजनाथ संदीप शर्मा मुख्यातिथि और प्रीतिका ऑटो इंडस्ट्री की दिव्यांशी मल्होत्रा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मेलाध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। विजेता टीम को 51,000 रुपए, उपविजेता को 31,000 रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 21,000 रुपए पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

प्रतियोगिता में दर्शकों की भारी भागीदारी और खिलाड़ियों के जोश ने माहौल और रोमांचक बना दिया। प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि आगामी मुकाबले और अधिक उत्साहपूर्ण होंगे और यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने में मदद करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 4.50 तोले सोने की चौरी श्रद्धालु ने की अर्पित

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में भक्तों की अटूट आस्था का एक अनुपम उदाहरण देखने को मिला। मूल रूप से पंजाब के रहने वाले व वर्तमान में यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका में बसे एक अप्रवासी भारतीय परिवार ने मां के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की है। भक्त ने माता रानी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए 4.50 तोले (लगभग 52 ग्राम) सोने की बनी एक भव्य चौरी भेंट की है। इस स्वर्ण चौरी की बाजार में कीमत 5 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। इस बात की पुष्टि मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने की। श्रद्धालु परिवार भले ही सात समंदर पार अमेरिका में बस गया है, लेकिन अपनी पुश्तैनी जड़ों व कुलदेवी मां चिंतपूर्णी के प्रति उनका प्रेम आज भी उतना ही गहरा है। मंदिर न्यास के अधिकारियों ने इस भेंट को स्वीकार करते हुए परिवार को माता की फोटो और सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर और उसके बाद भी देश-विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं और अपनी सामर्थ्य अनुसार बहुमूल्य वस्तुएं दान कर रहे हैं।

### अंकुश कपिल भारतीय नौसेना में बने लेफ्टिनेंट



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के अमरोआ गांव के होनहार युवक अंकुश कपिल ने भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति पा ली है। इस सफलता की खबर सुनते ही पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है। कपिल परिवार के लिए यह गर्व का क्षण है, जबकि गांववासी व क्षेत्र के लोग इस उपलब्धि पर बधाई देते नहीं थक रहे हैं। वर्षों की अथक मेहनत व लगन का फल आज अंकुश कपिल को मिला है। अमरोआ गांव के इस युवक ने न केवल अपने परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे झंडूता उपमंडल व बिलासपुर जिले के लिए एक मिसाल पेश की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंकुश की यह कामयाबी युवाओं को प्रेरित करेगी कि मेहनत और समर्पण से कोई भी सपना हासिल किया जा सकता है। अंकुश कपिल के माता-पिता और भाई इस खुशी के मौके पर भावुक नजर आए। परिवार के सदस्यों ने बताया कि अंकुश ने बचपन से ही नौसेना में जाने का सपना देखा था और इसके लिए उन्होंने लगातार तैयारी की। गांव में आज मिठाइयां बांटी जा रही हैं और लोग एक-दूसरे को इस बड़ी उपलब्धि की बधाई दे रहे हैं।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 10 तक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर ने जानकारी दी कि अग्निवीर भर्ती योजना के तहत विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दी गई है। इससे पहले यह तिथि 1 अप्रैल निर्धारित थी, जबकि आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हुई थी। उन्होंने बताया कि इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं पास) तथा अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस के पदों के लिए योग्य अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

### 'सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा' को लेकर उत्साह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में 'सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा' को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक यात्रा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं व भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन का लाभ उठा रहे हैं। इसी क्रम में जिला बिलासपुर के डियारा सेक्टर स्थित श्रीराम नाटक मंच पर 7 अप्रैल को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन दर्शन करवाए जाएंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं व स्थानीय स्तर पर भी श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना हुआ है। आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर की डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर रचना मेहता ने बताया कि यह यात्रा लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ने व सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न संगठनों तथा आमजन से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पावन अवसर पर पहुंचकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मकता, एकता व आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है। आयोजकों को उम्मीद है कि बिलासपुर में भी इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर इसे सफल बनाएंगे।

### नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा कक्षा छठी प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 (जेएनवीएसटी) का परिणाम जारी कर दिया गया है। प्रभारी सुख राज कौर क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालयों को अपने-अपने विद्यालय का परिणाम पीडीएफ के रूप में उपलब्ध करवा दिया गया है। नवोदय विद्यालय समिति ने स्पष्ट किया है कि कक्षा छठी में प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से ही संपन्न की जाएगी।

### टोल प्लाजा पर विवाद ने लिया हिंसक रूप, चालक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन स्थित गरामोड़ टोल प्लाजा पर एक वाहन चालक व टोल कर्मचारियों के बीच हुआ विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कहासुनी के बाद कुछ कर्मचारियों ने चालक के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह खून से लथपथ हो गया। घटना के दौरान चालक की गाड़ी से नकदी गायब होने के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। इस घटनाक्रम के बाद टोल प्लाजा पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### बच्चों से लिए जाने वाला पीटीए फंड घटाया

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल ने बच्चों से लिया जाने वाला पीटीए फीस फंड 50 रुपए कम करने का निर्णय लिया। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया एसएमसी की सलाह पर बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। राजन शर्मा ने कहा कि उनका व्यक्तिगत मत यह है कि बच्चों से स्कूल में सरकारी फीस के अलावा कोई फंड नहीं लिया जाना चाहिए और पहले से चली आ रही प्रथा बंद होनी चाहिए।

### राविया सिंह को एसडीएम अंब ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धर्मशाला महंता में राविया सिंह ने कॉमर्स में 90 फीसदी अंक हासिल करके प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर एसडीएम अंब पारस अग्रवाल ने उन्हें सम्मानित किया। राविया सिंह गांव बधमाना की निवासी हैं। उनके पिता विजय ठाकुर और माता अधिवक्ता मीना ठाकुर ने इस अवसर पर राविया को शुभकामनाएं दीं। रविया ने कहा कि वह सीए बनने के लिए तैयारी कर रही है। इस मौके पर एसडीएम अंब ने भी रविया को आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया एवं शुभकामनाएं दीं।

### श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह भक्ति-ज्ञान यज्ञ 8 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के समीप स्थित गांव बदौली में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह भक्ति-ज्ञान यज्ञ का आयोजन 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत 8 अप्रैल को प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह कलश यात्रा नजदीकी शिव मंदिर से कथा स्थल तक निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार कथा वाचक संत 108 स्वामी भागवत शरण देवाचार्य (वृंदावन वाले) प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपनी मधुर वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा के उपरांत प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र के लोगों से इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### परिवार रजिस्टर अद्यतन के लिए विशेष सुविधा 20 तक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने जानकारी दी कि निगम क्षेत्र के समस्त स्थायी निवासियों के लिए नगर निगम द्वारा परिवार रजिस्टर को अद्यतन करने की विशेष प्रक्रिया प्रारंभ की है। परिवार रजिस्टर में पंजीकरण, सत्यापन एवं संशोधन के लिए यह विशेष सुविधा 20 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी। निगम क्षेत्र के अंतर्गत संपूर्ण परिवार रजिस्टर तैयार कर लिया गया है। ऐसे में वे सभी नागरिक, जिन्होंने अब तक परिवार सर्वे में पंजीकरण नहीं करवाया है अथवा जिनके परिवार विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है, वे अपने आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, बोनाफाइड प्रमाण-पत्र साथ लेकर नगर निगम कार्यालय में जाकर अपना पंजीकरण या संशोधन करवा सकते हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक असुविधा से बचने के लिए सभी पात्र परिवार निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने परिवार रजिस्टर को अद्यतन अवश्य करवा लें। साथ ही, वे परिवार जिनके सदस्य अब इस क्षेत्र में निवास नहीं कर रहे हैं, वे भी अपने नाम का उचित स्थानांतरण/अद्यतन सुनिश्चित करें।

# राज्यस्तरीय हरोली उत्सव 11 से 14 अप्रैल तक, शोभायात्रा से होगा आगाज

## सोमभद्रा तट पर सजेगा हरोली मैदान, वैसाखी पर्व की खुशियों से सराबोर होगा उत्सव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का आयोजन इस वर्ष 11 से 14 अप्रैल तक हरोली-रामपुर पुल के समीप सोमभद्रा नदी के तट पर स्थित हरोली मैदान, रोड़ा में किया जाएगा। उत्सव का शुभारंभ 11 अप्रैल को जलशक्ति विभाग के विश्राम गृह परिसर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगा।

वैसाखी पर्व (14 अप्रैल) से जुड़ा यह प्रदेश का एकमात्र राज्य स्तरीय मेला माना जाता है। उत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने गति तेज कर दी है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सोमभद्रा नदी के तट नव विकसित हरोली मैदान, रोड़ा में इस बार उत्सव को भव्यता, सुव्यवस्था और व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाए, ताकि वैसाखी की सांस्कृतिक छटा पूरे वैभव के साथ उभर सके। एसडीएम एवं मेला समिति के अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है और सभी समितियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

प्रशासन का प्रयास है कि यह उत्सव क्षेत्र के लिए एक यादगार आयोजन बने। उत्सव में पशु मेला, डॉग शो और बेबी शो का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उत्सव का आगाज भव्य शोभायात्रा से होगा, जो जलशक्ति विभाग के नवनिर्मित विश्राम गृह से हरोली मैदान तक निकाली जाएगी। इसमें महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह, युवक मंडल, स्थानीय जनता तथा प्रदेश व देश की सांस्कृतिक झलक लिए विभिन्न दल भाग लेंगे। 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचल के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ पंजाबी संस्कृति के नामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। दिन के समय स्थानीय शिक्षण संस्थानों, महिला मंडलों और सांस्कृतिक समूहों को मंच प्रदान किया जाएगा।

### स्थानीय कलाकारों के ऑडिशन 6-7 अप्रैल को

**मेला** समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस भव्य आयोजन की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए स्थानीय कलाकारों के ऑडिशन 6 और 7 अप्रैल को लता मंगेशकर कला केंद्र, समूर कलां में पूर्वाह्न 11.30 बजे से रखे गए हैं। कलाकार ईमेल पते स्टेटलेवलहरोलीउत्सव एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर आवेदन भेज सकते हैं। इच्छुक कलाकार ऑडिशन के दिन मौके पर भी आवेदन जमा कर सकते हैं।

### प्रतियोगिताओं से जुड़ेगा युवा वर्ग

**उत्सव** के दौरान कबड्डी सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आंगनबाड़ी, महिला मंडल, युवक मंडल और विभिन्न विभागों के लिए भी प्रतियोगिताएं होंगी। स्कूली बच्चों को भी सांस्कृतिक मंच प्रदान किया जाएगा।

### प्रकाशित होगी बहुरंगी स्मारिका

**एसडीएम** ने बताया कि उत्सव के अवसर पर एक बहुरंगी स्मारिका प्रकाशित की जाएगी, जिसमें हरोली के विकास, सांस्कृतिक विरासत और उत्सव से जुड़े विविध पहलुओं को समाहित किया जाएगा। यह स्मारिका एक संग्रहणीय दस्तावेज के रूप में तैयार की जाएगी।

## मंत्री राजेश धर्माणी ने लोगों संग मनाया 54वां जन्मदिन




मंत्री कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ केक काटते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** प्रदेश सरकार के नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं के गांव चुवाड़ी स्थित बल्ली मंदिर परिसर में आमजन के साथ सादगीपूर्ण ढंग से अपना 54वां जन्मदिन मनाया।

इस दौरान उन्होंने धर्मपत्नी सोनिका धर्माणी संग स्थानीय मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इसके उपरांत मंत्री ने कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ केक भी काटा। कार्यक्रम के दौरान उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। मंत्री राजेश धर्माणी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश भर से मिल रही शुभकामनाओं व बधाइयों के लिए प्रदेशवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे प्रदेश के विकास एवं जनसेवा के लिए निरंतर समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमारवीं ने बल्ली मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 65 लोगों ने रक्तदान किया। मंत्री राजेश धर्माणी ने रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने भी मंत्री राजेश धर्माणी को उनके 54वें जन्मदिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## एम्स में पूर्व सैनिकों व वीर नारियों की सुविधाओं को लेकर बैठक, जल्द समाधान का आश्वासन

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** पूर्व सैनिक व वीर नारियां कल्याण एवं विकास समिति, भराड़ी द्वारा एम्स बिलासपुर में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अहम मुद्दों को उठाया गया। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति व एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर के प्रदेशाध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालकराम शर्मा के नेतृत्व में एम्स प्रशासन से विस्तृत चर्चा की गई।

समिति के अध्यक्ष सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त) संजीव कुमार ने बताया कि बैठक में आपातकालीन सेवाओं से लेकर ओपीडी, ईसीएचएस रेफरल, दवाइयों की उपलब्धता, जांच प्रक्रिया और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। एम्स प्रशासन ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में समिति ने मांग रखी कि 60 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए आपातकालीन स्थिति में फास्ट-ट्रैक व्यवस्था लागू की जाए तथा गोल्डन आवर के दौरान सीटी-स्कैन और एमआरआई जैसी जांच तुरंत उपलब्ध हों। इसके अलावा ईसीएचएस के तहत कैशलेस उपचार की प्रक्रिया को सरल बनाने और अनावश्यक जांचों की पुनरावृत्ति रोकने पर भी जोर दिया गया। समिति ने ओपीडी में अलग काउंटर और प्राथमिकता स्लॉट, अनुभवी डॉक्टरों की तैनाती, वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्राथमिकता जांच, डिजिटल रिपोर्ट उपलब्धता और जरूरतमंद मरीजों के लिए होम सैंपल कलेक्शन जैसी सुविधाओं की भी मांग की। इसके साथ ही अस्पताल में पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित बेड, व्हीलचेयर सुविधा, अटेंडेंट पास, स्पष्ट डिस्चार्ज प्रक्रिया और दवाइयों व इम्प्लांट की पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई।

## स्मार्ट मीटर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का बयान स्वागत योग्य: डॉ. तेज प्रताप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** देशभर में स्मार्ट मीटर को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल द्वारा लोकसभा में दिया गया बयान अब राहत लेकर आया है। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं, बल्कि पूरी तरह से वैकल्पिक व्यवस्था है व इसे केवल वही उपभोक्ता अपनाएगा, जो इसकी सुविधा लेना चाहता है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए विश्व मानव कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने केंद्र सरकार के इस रुख का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस बयान के बाद स्मार्ट मीटर को लेकर जो भ्रम व विवाद बना हुआ था, वह अब काफी हद तक समाप्त हो जाएगा। डॉ. पांडेय ने कहा कि पिछले कुछ समय से मीटर लगाने वाले कर्मियों द्वारा लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिससे आम उपभोक्ताओं में रोष था। ऐसे में केंद्रीय मंत्री का यह स्पष्ट बयान आम जनता को राहत देने वाला है। उन्होंने केंद्र सरकार और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी और लोगों को अपनी सुविधा के अनुसार निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलेगी। डॉ. पांडेय ने कहा कि सरकार को इस फैसले का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करना चाहिए, ताकि आम लोगों तक सही जानकारी पहुंचे और किसी भी प्रकार की भ्रांति या अफवाह की स्थिति पैदा न हो।



## बागा सीमेंट वर्क्स-ओएचसी में 70 लोगों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान



**मलोखर।** बागा सीमेंट वर्क्स-ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर द्वारा इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी), शिमला के सहयोग से सफलतापूर्वक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह आयोजन सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक कल्याण के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शिविर का औपचारिक शुभारंभ यूनिट हेड बीपी सागू व एफएच-एचआर संजीव राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान की भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मानवीय प्रयास अनेक लोगों की जान बचाने और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शिविर को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्लांट के कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 83 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया, जिनमें से 70 लोगों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। यह आंकड़ा समाज में जागरूकता और सेवा भावना का प्रतीक है। आयोजन टीम ने आईजीएमसी शिमला के चिकित्सा विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से शिविर का आयोजन सुचारू और सुरक्षित तरीके से संपन्न हुआ।

## मृतक के परिजनों को मिला 2 लाख का क्लेम

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की लठियाणी शाखा ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत मृतक रुक्मणी देवी के परिजनों को 2 लाख रुपये की बीमा राशि का चेक सौंपा। रुक्मणी देवी का खाता शाखा में था और मात्र 20 वार्षिक प्रीमियम पर उनका बीमा कवर था। उनकी असामयिक मृत्यु के बाद शाखा प्रबंधक छत्रपाल ने क्लेम प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी की। शाखा में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में मृतक के नामित नॉमिनी विपिन कुमार को चेक प्रदान किया गया। शाखा प्रबंधक छत्रपाल एवं सहायक श्वेता शर्मा ने बताया कि योजना के तहत दुर्घटना से मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2 लाख का बीमा कवर मिलता है व सालाना केवल 20 रुपए खाते से स्वत: कटते हैं। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सस्ती व लाभकारी बीमा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने बैंक के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

## नितिन ने नेट जेआरएफ पास कर बढ़ाया मान

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय के मेधावी छात्र नितिन शर्मा ने यूजीसी-नेट परीक्षा में अंग्रेजी विषय से जेआरएफ प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा ने उनकी सफलता को मेहनत व समर्पण का परिणाम बताया। नितिन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों व शिक्षकों को दिया। उनके पिता कमल देव शर्मा दुकानदार हैं और माता गृहिणी हैं। समारोह में उपप्राचार्य, प्राध्यापकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।

## बाड़ू देवता जी की जातर में उमड़ा जनसैलाब

अनंत ज्ञान

**मलोखर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक देवता बाड़ू देवता जी की वार्षिक जातर इस वर्ष भी बड़े धूमधाम, श्रद्धा व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित की गई।

इस धार्मिक आयोजन में लगभग 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया व क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। जातर के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में आना शुरू हो गया था। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों व धार्मिक जयकारों के बीच देवता की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद देवता की आकर्षक पालकी को सजाकर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु नाचते-गाते व जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। लोगों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए व आपसी भाईचारे तथा सामाजिक एकता का परिचय दिया। मेले के रूप में आयोजित इस जातर में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय नजर आया। दी मांगल ट्रक ऑपरेटर यूनियन बागा के प्रधान बलदेव राज चौहान ने बताया कि बाड़ू देवता जी का मूल स्थान जिला मंडी के बाड़ू में स्थित है। उन्होंने कहा कि बाघा क्षेत्र मांगल परगना का हिस्सा है, जिस कारण यहां भी देवता की विशेष आस्था है और हर वर्ष उनकी जातर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने इसे क्षेत्र की पुरानी परंपरा बताते हुए कहा कि इस आयोजन से लोगों की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिलती है। जातर के सफल आयोजन में स्थानीय समिति, ग्रामीणों व युवाओं का विशेष योगदान रहा। सभी ने मिलकर व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। सुरक्षा व व्यवस्थाओं के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी, प्रसाद और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गईं। आयोजन के अंत में देवता से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। यह वार्षिक जातर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और सामाजिक एकता का भी जीवंत उदाहरण है।



## एमथ्रीएम फाउंडेशन और गोविंद सागर बीएलएफ के बीच एमओयू

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** बंगाणा ब्लॉक, जिला ऊना में ग्रामीण महिलाओं व युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एमथ्रीएम फाउंडेशन ने गोविंद सागर ब्लॉक लेवल फेडरेशन (बीएलएफ) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत थानाकलां में ग्रामीण आजीविका केंद्र (आरएलसी) के संचालन के लिए किया गया है।

इस पहल का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण व बेहतर आजीविका के अवसर प्रदान करना है। साथ ही ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देकर उन्हें रोजगारोन्मुखी बनाया जाएगा। इस साझेदारी से 800 से अधिक लाभार्थियों को प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन व कौशल विकास कार्यक्रमों का लाभ मिलने की संभावना है। एमथ्रीएम फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. पायल कनोदिया ने कहा कि यह अभियान महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सम्मान को बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। वहीं, मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. ऐश्वर्या महाजन ने इसे सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने वाली पहल बताया। खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल वर्मा और बीएलएफ अध्यक्ष रजनी देवी ने इस सहयोग को सराहनीय बताया। फाउंडेशन ने अगले तीन वर्षों में 2,500 से अधिक महिलाओं को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है।

**श्रद्धा** स्वामी राजेंद्र महाराज ने सनातन धर्म की विशेषताओं पर दिया संदेश

# हर्षोल्लास से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर नगर के डियारा सेक्टर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में वीरवार को भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी व लोगों ने कतारबद्ध होकर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

हनुमान मंदिर पुनर्निर्माण समिति बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। इस अवसर पर स्वामी राजेंद्र गिरी जी महाराज ने बतौर विशिष्यतिथि शिरकत कर मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा विश्व शांति और सुख-समृद्धि की कामना की। उनके साथ हिंदू रक्षा मंच के प्रदेश संयोजक कमल गौतम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वामी राजेंद्र गिरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन व हनुमान जी की भक्ति, समर्पण व शक्ति के स्वरूप पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता ही सनातन धर्म की सबसे बड़ी विशेषता है। वहीं, कमल गौतम ने समाज को एकजुट रहने और धर्म के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सुबह हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके उपरांत सामूहिक सुंदरकांड पाठ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया। आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर द्वारा एक घंटे का महा सत्संग आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई जिला टीचर को-ऑर्डिनेटर रचना मेहता ने की। भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। सुंदरकांड के उपरांत हवन की पूर्णाहुति के साथ प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ-साथ मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा। समिति के उपाध्यक्ष राज कुमार राय ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



हनुमान मंदिर में सुंदरकांड की प्रस्तुति देती महिलाएं। अनंत ज्ञान

## बढ़ती महंगाई व ईंधन कीमतों पर सरकार घिरी: हीरा पाल सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठने लगे हैं। एक ओर केंद्र सरकार यह कहती है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ रहा, वहीं दूसरी ओर ईंधन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ पड़ रहा है। हीरा पाल सिंह ने कहा कि ईंधन की कीमतों पर नियंत्रण न होना सरकार की कमजोर नीति को दर्शाता है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अलग-अलग टैक्स और सेस लगाए जाने के साथ-साथ तेल कंपनियों को मूल्य निर्धारण की खुली छूट मिलना, महंगाई बढ़ने का प्रमुख कारण है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक व्यवस्था व फंडिंग सिस्टम के कारण सरकारें इन कंपनियों के सामने कमजोर नजर आती हैं, जिससे कंपनियां मनमाने ढंग से कीमतें बढ़ाती हैं। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ता है, जबकि राहत देने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

## खड़ी कार जलकर राख, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के बरमाना स्थित एसीसी स्टाफ कॉलोनी में खड़ी एक कार रहस्यमयी परिस्थितियों में आग की भेंट चढ़ गई। घटना देर रात की बताई जा रही है, जब कॉलोनी में खड़ी वाहन अचानक धू-धू कर जलने लगा। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची व जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आग लगना संदिग्ध है। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाते हुए देखे जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है व उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

## 13 पंचायतों में चलेगा महिला सम्मान अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की पंचायत धार टटोह में 300 से अधिक महिलाओं के साथ महिला सम्मान समारोह आयोजित हुआ। युवा नेता रोहित ठाकुर ने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में कुल 13 पंचायतों में महिला सम्मान अभियान चलाया जाएगा। महिलाओं ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया। इस मौके पर पूर्व प्रधान अमरनाथ, बंत सिंह चंदेल, सुमन महाजन, रमा देवी, रजनी देवी, पूनम देवी, कुबेर सिंह, अभिषेक ठाकुर, जगदीश, देसराज, रामलाल, रमेश, रामलाल सांख्यान, रोहित चौधरी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

## कांगड़ बढ़ेड़ा में 5 को होगा भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के तहत तहसील हरोली के गांव कांगड़ बढ़ेड़ा में पुरी परिवार द्वारा 5 अप्रैल रविवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य वरुण पुरी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें और पुण्य के भागी बनें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारे और श्रद्धा की भावना को बढ़ावा मिलता है।

# अटल टनल के रास्ते खुली पर्यटन की राह, पर्यटकों का लगा तांता

## कोकसर बहाल, पर्यटकों व व्यापारियों के खिले चेहरे, निचले क्षेत्रों में दिनभर छाए रहे बादल, ऊपरी क्षेत्रों में गिरे बर्फ के फाहे

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** पर्यटन नगरी मनाली और लाहौल घाटी के लिए राहत भरी खबर है।

अटल टनल रोहतांग की ओर से वीरवार को प्रशासन ने सभी प्रकार के वाहनों को कोकसर की तरफ जाने की अनुमति दे दी है। दिसंबर महीने से भारी बर्फबारी के कारण बंद पड़ी कोकसर घाटी के दोबारा खुलने से न केवल सैलानी उत्साहित हैं, बल्कि मंदी की मार झेल रहे पर्यटन व्यवसायी भी राहत की सांस ले रहे हैं। सनद रहे कि दिसंबर में हुई भारी बर्फबारी व खराब मौसम के चलते सुरक्षा की दृष्टि से कोकसर मार्ग को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया था। पिछले कई महीनों से सीमा सड़क संगठन और स्थानीय प्रशासन की टीमें सड़क से बर्फ हटाने और मार्ग को सुरक्षित बनाने के कार्य में जुटी थी। सड़क की स्थिति में सुधार होते ही वीरवार सुबह से अटल टनल के साउथ पोर्टल से वाहनों को क्रमवार कोकसर की ओर रवाना किया गया। वीरवार को मनाली और लाहौल घाटी में मौसम के तेवर बदले हुए नजर आए। घाटी में दिन भर बादल छाए रहे। वहीं, ऊपरी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का दौर भी जारी रहा। मौसम की इस करवट के बावजूद पर्यटकों का उत्साह कम नहीं हुआ और वे बर्फ का आनंद लेने के लिए भारी संख्या में कोकसर की ओर रुख कर रहे हैं।



पर्यटन नगरी मनाली पहुंची वॉल्वो बसें। अनंत ज्ञान

### दिसंबर के बाद खुली कोकसर की राह

**दिसंबर** में हुई भारी बर्फबारी के कारण कोकसर का संपर्क शेष दुनिया से कट गया था। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने पिछले कई महीनों से यहां पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगा रखी थी। सीमा सड़क संगठन और स्थानीय प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से बर्फ हटाई गई, जिसके बाद वीरवार सुबह से अटल टनल के साउथ पोर्टल से वाहनों को क्रमवार कोकसर भेजा गया। कोकसर मार्ग के खुलने से केवल सैलानी ही खुश नहीं हैं, बल्कि स्थानीय पर्यटन व्यवसायी, होटल मालिक और टैक्सी चालक भी बेहद राहत महसूस कर रहे हैं। लंबे समय से मंदी झेल रहे कारोबारियों को अब आने वाले दिनों में बेहतर बिजनेस की उम्मीद है।

### मनाली व लाहैल में पर्यटन की 'रफ्तार'

**पर्यटन** नगरी मनाली व लाहौल के विभिन्न पर्यटन स्थलों में इन दिनों पर्यटकों का खूब तांता लगा हुआ है। वहीं, मनाली में पर्यटन की 'रीढ़' मानी जाने वाली लग्जरी वोल्वो बसों के पहिए अब पूरी रफ्तार से घूमने लगे हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ जैसे बाहरी राज्यों से सैलानियों को लेकर बड़ी संख्या में वोल्वो बसें मनाली पहुंच रही हैं। लंबे समय के इंतजार के बाद पर्यटन नगरी में बढ़ी इस हलचल ने स्थानीय कारोबारियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी है।

### वीकेंड के लिए एडवांस बुकिंग में उछाल

**पर्यटन** व्यवसायियों व होटल कारोबारियों का मानना है कि इस बार वीकेंड पर कारोबार में भारी उछाल देखने को मिलेगा। मैदानी इलाकों में बढ़ती गर्मी और सुहावने मौसम की तलाश में पर्यटकों ने पहले ही होटलों और बसों में एडवांस बुकिंग करवा ली है। उधर, होटलियर एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि वोल्वो बसों का मनाली पहुंचना इस बात का संकेत है कि पर्यटन पटरी पर लौट आया है। यदि यही सिलसिला जारी रहा, तो इस वीकेंड पर मनाली के सभी प्रमुख स्थल पर्यटकों से गुलजार रहेंगे।

### मौसम का मिला-जुला मिजाज

**घाटी** में एक ओर पर्यटकों की भीड़ बढ़ रही है, वहीं मौसम अभी भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ऐसे में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान गिरने से सड़कों पर फिसलन बरकरार है। डीएसपी केडी शर्मा ने जानकारी दी कि पर्यटकों को सुरक्षित रूप से कोकसर भेजा जा रहा है, लेकिन सावधानी बरतना अनिवार्य है।

# लाहौल-स्पीति में ग्रांफू-स्पीति मार्ग पर बर्फ हटाने में देरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति में ग्रांफू से स्पीति की ओर स्नो क्लियरन्स कार्य अब तक शुरू न होने से क्षेत्र में चिंता व असमंजस गहराता जा रहा है। लंबे समय से मार्ग बंद होने के कारण आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, आपूर्ति व आपात सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। लोसर वार्ड के जिला परिषद सदस्य छेरिंग संडुप ने इस मुद्दे पर डीडीएमए व धारीवाल कंपनी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, खोकसर से ग्रांफू के बीच करीब 1.5 किलोमीटर सड़क पर अब भी बर्फ हटाने का कार्य लंबित है, जिसे बॉर्डर रोड्स आर्गेनाईजेशन द्वारा पूरा किया जाना है, जब तक यह हिस्सा साफ नहीं होता, तब तक आगे का काम शुरू नहीं हो सकता। धारीवाल कंपनी ने बताया कि उनकी 2 मशीनें मनाली पहुंच चुकी हैं व कुल 4 मशीनें इस कार्य में लगाई जाएंगी। कंपनी का दावा है कि बीआरओ द्वारा शेष मार्ग खोलते ही वे अपने हिस्से का काम लगभग 15 दिनों में पूरा कर देंगे। फिलहाल पूरी प्रक्रिया बीआरओ के अधूरे कार्य पर अटकी हुई है, जिससे स्नो क्लियरन्स में अनावश्यक देरी हो रही है। यह मार्ग स्पीति घाटी के लिए जीवनरेखा माना जाता है व इसके बंद रहने से जनजीवन, खाद्य आपूर्ति व स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है, ऐसे में संबंधित विभागों व एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी साफ नजर आ रही है, अब जरूरत इस बात की है कि शेष 1.5 किलोमीटर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत पूरा किया जाए, ताकि आगे का काम शुरू हो सके और मार्ग को जल्द से जल्द बहाल कर राहत दी जा सके।

# अमूल्य विरासत के संरक्षण को आगे आएं लोग: प्रोमिला गुलेरिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम्' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के अंतर्गत देश की अमूल्य पांडुलिपि विरासत के संरक्षण व दस्तावेजीकरण के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है।

इस संबंध में जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया कुल्लू ने आम जनता से सहयोग की अपील की है। जारी सूचना के अनुसार इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य देशभर में उपलब्ध अप्रकाशित व असूचीबद्ध पांडुलिपियों का संकलन, संरक्षण और अभिलेखीकरण सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस बहुमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके। भाषा एवं संस्कृति विभाग ने स्पष्ट किया है कि कई प्राचीन पांडुलिपियां अभी भी मंदिरों, बौद्ध मठों, निजी परिवारों, व्यक्तियों, संस्थाओं, संगठनों एवं विभिन्न समुदायों के पास सुरक्षित हैं, लेकिन उनका अब तक कोई आधिकारिक रिकॉर्ड तैयार नहीं हो पाया है। ऐसे में यह सर्वेक्षण इन दुर्लभ दस्तावेजों को पहचानने और संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिला भाषा अधिकारी ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि उनके पास या उनके जानकारी में किसी भी प्रकार की पांडुलिपियां उपलब्ध हों, जो अभी तक सूचीबद्ध या पंजीकृत नहीं हुई हैं, तो वे तुरंत भाषा एवं संस्कृति विभाग के कार्यालय में संपर्क करें। इसके साथ ही 'ज्ञान भारतम्' मोबाइल ऐप और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से भी लोग ऑनलाइन सर्वेक्षण में भाग लेकर पांडुलिपियों का पंजीकरण करवा सकते हैं। विभाग ने कहा कि इस पहल में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है, ताकि देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित किया जा सके।

# चित्रकला प्रतियोगिता में नग्गर के सूर्यकांत ने जीता स्वर्ण

अनंत ज्ञान



सूर्यकांत को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल/नग्गर।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले का ऐतिहासिक गांव नग्गर एक बार फिर अपनी कलात्मक विरासत के कारण गर्व से सराबोर हो उठा है।

महान रूसी चित्रकार निकोलस रोरीक की कर्मस्थली रहे इस गांव के 11 वर्षीय होनहार बालक सूर्यकांत ठाकुर ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। चंडीगढ़ में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 'किस में कितना है दम' में सूर्यकांत ने देशभर से आए 3500 से अधिक प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सूर्यकांत ठाकुर ने अपनी कला यात्रा की शुरुआत नग्गर स्थित विश्वविख्यात रोरीक आर्ट गैलरी से की थी। इसी ऐतिहासिक स्थल की प्रेरणा व निरंतर अभ्यास, समर्पण व लगन के बल पर आज उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक उपलब्धि है। अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय सूर्यकांत ने अपनी माता शिल्पा ठाकुर, पिता संजीव ठाकुर, दादा मेहर चंद और अपने शिक्षकों को दिया है। सूर्यकांत का कहना है कि परिवार के अटूट विश्वास और गुरुओं के सही मार्गदर्शन के बिना इतनी बड़ी प्रतियोगिता में जीत हासिल करना संभव नहीं था। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और ग्रामीणों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

सूर्यकांत के दादा मेहर चंद ने खुशी साझा करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कला, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का बहुमूल्य अनुभव प्राप्त होता है।

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के वितरण में पारदर्शिता नहीं : गौतम

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने मनाली व आसपास के क्षेत्रों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों के आवंटन में भारी अनियमितताओं का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कमर्शियल सिलेंडरों के वितरण का कोई स्पष्ट व पारदर्शी तरीका नजर नहीं आ रहा है तथा निर्धारित नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। गौतम ठाकुर ने कहा कि सबसे चिंताजनक विषय यह है कि सैकड़ों की संख्या में प्रवासी लोग कमर्शियल सिलेंडर प्राप्त कर रहे हैं, जबकि यह स्पष्ट नहीं है कि वे किस डीलरशिप से पंजीकृत हैं और किन दस्तावेजों के आधार पर उन्हें सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इससे स्थानीय पंजीकृत उपभोक्ताओं विशेषकर होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, ढाबा व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई डीलरशिप में उपभोक्ताओं के प्रॉपर कंज्यूमर कार्ड तक तैयार नहीं किए गए हैं, जिस कारण वास्तविक उपभोक्ताओं की पहचान सुनिश्चित नहीं हो पा रही है व अपंजीकृत लोगों को भी आसानी से सिलेंडर उपलब्ध हो रहे हैं। यह स्थिति पूरी वितरण व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। डीएफएससी कुल्लू शिव राम राही ने कहा कि गैस एजेंसियों से कमर्शियल गैस सिलेंडरों के वितरण में पारदर्शिता लाई जाएगी तथा केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति करवाई जाएगी, जिन्होंने गैस एजेंसियों से ही कनेक्शन प्राप्त किए हैं तथा उसी कंपनी के सिलेंडरों का आपूर्ति सुनिश्चित करवाई जाएगी।

### मामले की तत्काल जांच करवाई जाए



**गौतम** ठाकुर ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की तत्काल जांच करवाई जाए तथा सभी एलपीजी डीलरों को निर्देशित किया जाए कि केवल पंजीकृत कमर्शियल उपभोक्ताओं को ही पहचान सत्यापन, खाली सिलेंडर जमा करवाने और अधिकृत रसीद के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द प्रभाव से पारदर्शी व्यवस्था लागू नहीं की गई, तो पर्यटन सीजन के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है, जिसका सीधा असर स्थानीय व्यापार और पर्यटन उद्योग पर पड़ेगा।

# कलम के शिल्पकार राज सरगम की 'कुल्लवी शब्दकोश' का विमोचन

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** शब्दों के सृजनहार, जो अपनी कलम रूपी हथकरघे से कविता, गीत व लेखन का सुंदर संसार रचते हैं, ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व राज सरगम की महत्वाकांक्षी पुस्तक 'कुल्लवी शब्दकोश' का विधिवत विमोचन 'अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित और बड़ागढ़ रिजॉर्ट एंड स्पा के डायरेक्टर नकुल खुल्लर द्वारा किया गया। यह अवसर साहित्य, संस्कृति और भाषा संरक्षण के प्रति समर्पण का साक्षी बना, जिसमें स्थानीय स्तर पर साहित्यिक उत्साह भी देखने को मिला। राज सरगम, जो स्क्रीन राइटर्स एसोसिएशन मुंबई के सक्रिय सदस्य हैं, एक प्रगतिशील बागवान और जूनियर आर्टिस्ट के रूप में भी अपनी अलग पहचान रखते हैं। उन्होंने अपनी मातृभाषा कुल्लवी के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता देते हुए अपने तैयार कविता संग्रह के प्रकाशन को फिलहाल स्थगित कर दिया है। उनका पूरा ध्यान अब 'कुल्लवी शब्दकोश' के निर्माण और इसे जन-जन तक पहुंचाने के अभियान पर केंद्रित है, जो उनकी भाषा और संस्कृति के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## साध्वी श्वेता भारती ने सती दहन' के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया

# प्रकृति के शोषण पर शिव का तांडव है आज का पर्यावरणीय संकट

अनंत ज्ञान



**भुंतर।** जिला कुल्लू के भुंतर के सैनिक चौक स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्री शिव कथा के दूसरे दिन आध्यात्मिक विचारों की अविरल धारा बही।

आशुतोष महाराज की शिष्या, कथा व्यास साध्वी श्वेता भारती ने 'सती दहन' के प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए इसे आज के परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण और मानवीय अहंकार से जोड़कर प्रस्तुत किया। साध्वी ने भावुक होते हुए कहा कि जिस प्रकार दक्ष के अहंकार के कारण माता सती को देह त्यागना पड़ा, ठीक उसी तरह आज का मानव अपने अहंकार और भोगवादी प्रवृत्ति के कारण प्रकृति रूपी सती का अपमान (शोषण) कर रहा है। ज्वलंत समस्याओं पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि आज जो हम ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ता तापमान, जलस्तर में गिरावट और पर्यावरणीय असंतुलन देख रहे हैं, वह वास्तव में प्रकृति (सती) के अपमान पर महादेव का तांडव है। यह ईश्वर द्वारा मानव को दिया गया दंड है, ताकि वह सचेत हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि संसार 'बाजार' नहीं बल्कि एक 'परिवार' है। ईश्वर प्रदत्त इस पृथ्वी रूपी घर को स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक मनुष्य का नैतिक कर्तव्य है। पर्यावरण को बचाने के लिए संस्थान द्वारा चलाए जा रहे 'संरक्षण' प्रकल्प की जानकारी देते हुए बताया गया कि संस्थान नुक्कड़ नाटकों, रैलियों और व्याख्यानों के माध्यम से समाज को जागरूक कर रहा है। कथा के दौरान हनुमान जयंती का उत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संत समाज द्वारा श्री हनुमान जी के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी गई कि उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। साध्वी ने कहा कि हनुमान जी का चरित्र हर भक्त के लिए प्रेरणा है, जो सिखाता है कि भक्ति मार्ग की बाधाओं और प्रलोभनों को पार कर लक्ष्य (ईश्वर) तक कैसे पहुंचा जाता है। कार्यक्रम का समापन भगवान की पावन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस का आनंद लिया।

### अहंकार का मर्दन आध्यात्मिक संदेश

**साध्वी** ने विस्तार से बताया कि प्रजापति दक्ष वास्तव में मानवीय अहंकार का प्रतीक हैं। जब व्यक्ति अहंकार के वशीभूत होता है, तो वह ईश्वर की सत्ता को स्वीकार नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि भगवान शिव द्वारा दक्ष का शिरोछेदन करना कोई हिंसा नहीं, बल्कि जीवात्मा के भीतर व्याप्त अहंकार का विनाश करना है।

# कलाकेंद्र में 6 अप्रैल को होगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर द्वारा सोमनाथ मंदिर में प्राचीन खंडित शिवलिंग की पुनर्स्थापना की पहल की है। यह अवशेष, जो 1000 वर्षों से संरक्षित थे, अब फिर से स्थापित किए जाएंगे। इस ऐतिहासिक अवसर के लिए पवित्र अवशेषों की भारत भर में यात्रा आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा भी शामिल होगी, ताकि भक्त इन ऐतिहासिक अवशेषों के दर्शन कर सकें। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवाए जा रहे हैं। कुल्लू मीडिया प्रभारी सुशांत शर्मा ने बताया कि पहली बार प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित कुल्लू में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन में यात्रा कार्यक्रम अप्रैल माह में करवाए जा रहे हैं। कुल्लू स्थित कला केंद्र में 6 अप्रैल सायं 4 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्राचीन हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार, सोमनाथ मंदिर कोई साधारण मंदिर नहीं था। यह पहला ज्योतिर्लिंग था, जो भगवान शिव को समर्पित बारह पवित्र तीर्थों में सबसे पवित्र है।

# 4 अप्रैल को व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा आपदा जागरूकता दिवस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने सभी विभागाध्यक्षों, संस्थाओं व पंचायतीराज प्रतिनिधियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि भयावह कांगड़ा भूकंप, जिसमें 20,000 से अधिक लोगों की जान गई थी उसकी 121वीं वर्षगांठ पर 4 अप्रैल को पूरे जिले में 'आपदा जागरूकता दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।



यह पहल हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों पर आधारित है, जो भूकंपप्रवण क्षेत्र में रहने वाले निवासियों को सतर्क बनाने का उद्देश्य रखती है। इस अवसर पर जिले के सभी खंडों, पंचायतों, शहरी क्षेत्रों एवं सीमावर्ती इलाकों में व्यापक जागरूकता व तैयारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें शेक आउट ड्रिल ('ड्रॉप, कवर एंड होल्ड ऑन') प्रमुख होगी। यह अभ्यास 4 अप्रैल को सुबह ठीक 11 बजे पूरे जिले में एक साथ किया जाएगा, जिसमें लोग तत्काल झुककर मेज के नीचे छिपेंगे और हिलते रहेंगे। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में एवेक्यूएशन ड्रिल होगी, जिसमें सुरक्षित निकासी मार्गों का अभ्यास शामिल होगा।

विशेषज्ञों द्वारा आपदा तैयारियों पर व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, साथ ही भूकंप, भूस्खलन एवं बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान करने योग्य एवं न करने योग्य बातों (जैसे लिफ्ट न उपयोग करना, खिड़कियों से दूर रहना) का पोस्टर, रेडियो, सोशल मीडिया एवं मेगाफोन के माध्यम से प्रचार-प्रसार होगा। स्कूलों, कॉलेजों व स्वास्थ्य संस्थानों में छात्रों एवं युवाओं के साथ मॉक ड्रिल एवं इंटरएक्टिव कार्यशालाएं होंगी, जिसमें पुरस्कार वितरण भी शामिल है। 4 अप्रैल को प्रात: 7:00 बजे जिला मुख्यालय केलांग एवं सभी प्रमुख कस्बों से नागरिक एकजुटता मार्च निकाला जाएगा, जिसमें स्थानीय नागरिक भाग लेंगे।

# शी-हाट बंदरोल का निर्माण समयबद्ध पूरा करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** निर्माणाधीन शी-हाट बंदरोल के कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक का संचालन अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने किया। डीसी ने निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य तय समयसीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने निर्माण गुणवत्ता बनाए रखने व आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य समय पर करने पर भी जोर दिया। बैठक में लकड़ी के कार्य, ठेकेदार को देय भुगतान, लाइसेंस व परमिट (एनएचएआई, टीसीपी), ट्रांसफार्मर स्थापना सहित प्लंबिंग, बिजली, फर्नीचर व फर्निशिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अधिकारी दया राम, बीडीओ कुल्लू लक्ष्मी कांत शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ईजीएफ फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के कार्यकर्ता कर रहे हैं तानाशाही, दूध पर भी की जा रही है राजनीति: रेखा गुलेरिया

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** मणिकर्ण वैली के ओझरी गांव के ग्रामीणों ने दूध संग्रह को लेकर उत्पन्न विवाद के समाधान के लिए डीसी कुल्लू से हस्तक्षेप की मांग की है। वीरवार को ग्रामीण भाजपा नेत्री रेखा गुलेरिया की अध्यक्षता में डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा से मिलने आए।

इस अवसर पर रेखा गुलेरिया ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार की तरह ही इनके कार्यकर्ता भी तानाशाही कर रहे हैं और दूध पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सोसायटी द्वारा गुंडागर्दी की जा रही है कि दूध उनको ही दिया जाए अन्यथा वह दूध नहीं उठाने देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2022 से वे अपने गांव का दूध 'श्री गोवर्धन' नामक दुग्ध सहकारी सोसायटी को देते आ रहे हैं, जिसे सरकारी वाहन के माध्यम से गांव से ही एकत्र किया जाता था। ग्रामीणों के अनुसार हाल ही में क्षेत्र में 'बिजली महादेव' नाम से एक नई दुग्ध सोसायटी खोली गई है। आरोप है कि नई सोसायटी के संचालकों द्वारा पुरानी सोसायटी को सरकारी गाड़ी के माध्यम से गांव से दूध एकत्र करने से रोका जा रहा है। इस स्थिति के चलते ग्रामीणों को मजबूरन निजी वाहनों के माध्यम से दूध सोसायटी तक पहुंचाना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। गांववासियों ने डीसी से मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएं, ताकि पहले की तरह गांव से ही सरकारी वाहन द्वारा दूध संग्रह की व्यवस्था बहाल की जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई है।

## आयोजन | ऑटिज्म व समावेशी शिक्षा पर प्री-वर्कशॉप आयोजित

# शिक्षकों को दी विशेष प्रशिक्षण जानकारी

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के स्कूलों में बच्चों के समग्र विकास और उनकी विशेष जरूरतों को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बहुउद्देशीय भवन कुल्लू में प्री-वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में निजी और सरकारी स्कूलों के मुखियाओं ने भाग लेकर समावेशी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपनिदेशक उच्च शिक्षा देस राज डोगरा उपस्थित रहे। यह आयोजन सांम्फिया फाउंडेशन व समग्र शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को विशेष जरूरतों वाले बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाना रहा। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों की समझ और अनुभव को जानने के लिए विभिन्न प्रश्न पूछे गए। प्रश्नावली के माध्यम से ऑटिज्म को एक विकासात्मक स्थिति के रूप में पहचानने व ऐसे बच्चों को सामान्य स्कूलों में आवश्यक सहयोग के साथ शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर 'क्लासरूम ऑब्जर्वेशन चेकलिस्ट' भी साझा की गई, जिसके जरिए शिक्षकों को बच्चों के व्यवहार को बेहतर तरीके से समझने के उपाय बताए गए।

इसमें ध्यान की कमी, लंबे समय तक बैठने में कठिनाई, निर्देशों का पालन न करना, बार-बार उठना, बेचैनी, शोर के प्रति संवेदनशीलता और अत्यधिक सक्रियता जैसे संकेतों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इसके अलावा यह भी बताया गया कि लिखने-पढ़ने में कठिनाई, पेंसिल पकड़ने में समस्या या जल्दी थकान जैसे लक्षण भी बच्चों की विशेष जरूरतों की ओर संकेत कर सकते हैं।

विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि ऐसे संकेतों को नजरअंदाज करने के बजाय समय रहते पहचान कर बच्चों को ऑक्यूपेशनल थेरेपी (ओटी) या अन्य सहायता सेवाओं से जोड़ना बेहद जरूरी है, ताकि वे भी सामान्य बच्चों की तरह सीख सकें और जीवन में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में समावेशी और सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना रहा, जहां हर बच्चे को उसकी जरूरत के अनुसार शिक्षा और समर्थन मिल सके।

# स्व. लाल चंद प्रार्थी की 110वीं जयंती पर आज सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा वीरवार को सूत्रधार भवन में एक विशेष बैठक का आयोजन संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में किया गया। दिनेश सेन ने कहा कि संस्था द्वारा शुक्रवार को स्वर्गीय लाल चंद प्रार्थी की 110वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सायं 4 बजे सूत्रधार भवन के सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में संस्था के प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा गीत, संगीत व नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह कार्यक्रम समस्त कलाप्रेमियों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। स्व. लाल चंद प्रार्थी का हिमाचल प्रदेश की भाषा, कला एवं संस्कृति के संवर्धन में अतुलनीय योगदान रहा है। उनके प्रयासों से ही प्रदेश में भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा अकादमी की स्थापना संभव हो सकी। इसके अतिरिक्त कुल्लू के विश्व प्रसिद्ध दशहरा महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने तथा मुक्ताकाश कला केंद्र की स्थापना में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# संभावित पंचायतीराज चुनावों में दिख रही हार के कारण चुनावों से भाग रही कांग्रेस: अमित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पंचायतीराज चुनावों से लगातार भाग रही कांग्रेस सरकार अपनी संभावित हार को लगभग मान चुकी है व इन्हें टालने के लिए नए नए हथकंडे अपना रही है। भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू अध्यक्ष अमित सूद ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा जुबानी हमला करते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायतीराज चुनाव वर्तमान कांग्रेस सरकार के लिए उनकी कारगुजारी का आईना होंगे और 2027 में होने वाले चुनावों की रूपरेखा तैयार करेंगे।



उन्होंने सरकार की नीयत पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि दिसंबर 2026 में होने वाले चुनावों को प्रदेश सरकार अपनी गलत राजनीतिक मंशा के कारण चार महीने तक टालती रही है। उन्होंने कहा की उच्च न्यायालय ने सरकार को पंचायतीराज चुनावों को अप्रैल में संपन्न करवाने के आदेश दिए थे, लेकिन कांग्रेस सरकार इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में गई। उच्चतम न्यायालय ने भी सरकार को आईना दिखाते हुए इन चुनावों को मई में करवाने के आदेश पारित किए हैं। पंचायतें प्रदेश के आधारभूत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं व भारी केंद्रीय मदद इन संस्थाओं को मिलती है, पंचायतीराज चुनावों को टालने से सरकार की मंशा पंचायतीराज संस्थाओं को मिलने वाली केंद्रीय आर्थिक मदद का दुरुपयोग करना भी है अन्यथा न्यायालय के आदेश के बाद भी चुनाव टालने के लिए सरकार का प्रयासरत रहना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जानती है की चुनाव पूर्व दी गई दस गारंटियों ने अगर सबसे ज्यादा किसी को ठगा है, तो वह प्रदेश का ग्रामीण क्षेत्र है और ग्रामीण जनता प्रदेश सरकार को सबक सिखाने के इन चुनावों का बेसब्री से इंतजार कर रही है। उन्होंने सरकार द्वारा जिलाधीशों को 5 % आरक्षण करने की शक्ति देने को बहुत बड़ा षडयंत्र करारा देते हुए कहा की मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार का निर्णय प्रदेश की जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ है और लोकतांत्रिक परंपराओं में सीधा हस्तक्षेप है।

### प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए करीब 100 पेड़ों के कटान का मामला

# नारीवाला-जम्बू खाले में पेड़ कटान के खिलाफ महिलाओं ने पेड़ों से 'लिपटकर' रोका कटान

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** नाहन के नारीवाला-जम्बू खाले क्षेत्र में प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए करीब 100 पेड़ों के कटान के खिलाफ ग्रामीणों का 'जल, जंगल, जमीन बचाओ आंदोलन' 15 दिनों तक जारी रहने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हुआ, लेकिन आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। इस आंदोलन का नेतृत्व समाजसेवी एवं पर्यावरणविद नाथूराम चौहान ने किया, जिन्होंने सरकार और स्थानीय नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। चौहान ने कहा कि जहां पहले से सड़क मौजूद है, वहां नई सड़क के नाम पर सैकड़ों साल पुराने पेड़ों की कटाई की जा रही है, जो पूरी तरह से अनावश्यक है।



वन कटान का विरोध करते लोग। अनंत ज्ञान

### तीन पंचायतों के सैकड़ों लोग उतरे विरोध में

**आंदोलन** में तीन पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए, जिनमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। ग्रामीणों ने पहले पेड़ों को 'रक्षा सूत्र' बांधा, फिर 'शस्त्र पूजन' किया और अंत में पेड़ों के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर खड़े हो गए। जब कॉरपोरेशन और पुलिस विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, तो ग्रामीणों ने चिपको आंदोलन की तर्ज पर पेड़ों से चिपककर कटान का विरोध किया। कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण रही, लेकिन प्रशासन और ग्रामीणों की सूझबूझ से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

### पूरा मामला वोट बैंक राजनीति से प्रेरित

**नाथूराम** चौहान ने आरोप लगाया कि यह पूरा मामला वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है और कुछ स्थानीय नेता बाहरी लोगों को खुश करने के लिए पर्यावरण और क्षेत्रीय हितों को नजरअंदाज कर रहे हैं। जिन लोगों के नाम पर सड़क बनाई जा रही है, उन पर पहले से ही जंगल भूमि पर अवैध कब्जे और बड़े पैमाने पर पेड़-पौधों के नुकसान के आरोप हैं।

**ग्रामीणों** के कड़े विरोध के चलते अधिकारी बिना पेड़ काटे वापस लौट गए। चौहान ने कहा कि यह संघर्ष पर्यावरण संरक्षण के लिए जारी रहेगा।

## राजगढ़ में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** संकट मोचन युवा संगठन द्वारा राजगढ़ में हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। 'जय हनुमान' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। संकट मोचन युवा संगठन के प्रधान केशू राणा ने बताया कि उनका संगठन पिछले कई वर्षों से निरंतर हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी अजर-अमर और चिरंजीवी हैं तथा वह अपने भक्तों के सभी संकटों का निवारण करते हैं।

# सोलन में श्रद्धा-उत्साह से मनाया हनुमान जन्मोत्सव, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब



माल रोड स्थित हनुमान मंदिर में उमड़े श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन में हनुमान जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। सुबह से मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। बजरंगबली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा और पूरे दिन पूजा-अर्चना जारी रही। 'जय श्री राम' व 'जय हनुमान' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। माल रोड सहित शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा, हवन और सुंदरकांड पाठ हुए। कई जगह भंडारे लगे, जहां प्रसाद वितरित किया गया। बच्चों से बुजुर्गों तक सभी उत्साहित नजर आए। प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए, ताकि किसी को असुविधा न हो। इस दौरान माल रोड स्थित मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया। मंदिर पुजारी पंडित सुभाष शर्मा ने कहा कि यह दिन हनुमान जी की भक्ति व सेवा का प्रतीक है। सच्ची पूजा से कष्ट दूर होते हैं व सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने भक्तों से हनुमान के आदर्श अपनाने का आह्वान किया। देर शाम तक धार्मिक कार्यक्रम चले और पूरे जिले में आध्यात्मिक उमंग छा गया।

## न्यूज ब्रीफ

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टि से तीन अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत बोर्ड सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने देते हुए कहा कि आज प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक जराश, सूर्य किरण, बेर की सेर एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त समय व तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### प्राइड आफ हिल्स' योजना से प्रदेश के विकास को लगेंगे पंख : अरुष गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी विभाग) अरुष गुप्ता ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के लिए 'प्राइड आफ हिल्स-स्पेशल डेवलपमेंट असिस्टेंस फॉर हिल स्टेट्स' के अंतर्गत 3,920 करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। अरुष गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने नौ पहाड़ी राज्यों के लिए 25,000 करोड़ का जो विशेष फंड बनाया है, उसमें हिमाचल को अरुणाचल के बाद सबसे अधिक 3,920 करोड़ का आवंटन मिला है। यह राशि केवल एक वित्तीय पैकेज नहीं है, अपितु हिमाचल के प्रति प्रधानमंत्री मोदी के अटूट स्नेह और संवेदनशीलता का प्रमाण है। इस सहायता से प्रदेश में सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और जलापूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिलेगी। वर्तमान कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्रदेश की कांग्रेस सरकार हिमाचल को ऋण के भारी बोझ तले दबा रही है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ बिना किसी भेदभाव के हिमाचल की निरंतर सहायता कर रही है। कांग्रेस सरकार केवल केंद्र पर झूठे आरोप लगाने का काम कर रही है।

### सोलन में पुलिसकर्मी को बाइक से मारी टक्कर, चालक फरार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के ओल्ड डीसी कार्यालय चौक पर तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे शहरवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, पुलिसकर्मी यातायात को सुचारू रूप से नियंत्रित कर रहा था, तभी अचानक तेज गति से आए बाइक सवारों ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिसकर्मी गिर पड़ा, जबकि आरोपी बिना रुके मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिसकर्मी को संभाला और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सोलन के डीएसपी अशोक चौहान ने बताया कि ओल्ड डीसी कार्यालय चौक पर हुए हिट एंड रन मामले को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

### 25 पौधे अफीम के साथ 1.106 किलो ग्राम चूरा पोस्त पकड़ा, आरोपी गिरफतार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस ने माजरा थाना क्षेत्र के पुरुवाला कांशीपुर में अफीम के 25 पौधों समेत 1.106 किलो चूरा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना माजरा की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी गुलशेर पुत्र अलाहुदीन निवासी गांव व डा. पुरुवाला कांशीपुर, तह. पांवटा-साहिब, जिला सिरमौर की जमीन से अफीम के 25 पौधे तथा रिहाईश कमरा के अंदर से 1.106 किग्रा चूरा पोस्त बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि पुलिस एक अभियान के तहत जांच कर रही है, ताकि जहां भी भांग/अफीम की अवैध खेती की जा रही है उनको कानून की गिरफ्त में लिया जा सके। जिला सिरमौर पुलिस नशे का अवैध धंधा समाप्त करने के लिए कृतसंकल्प है तथा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है।

### भारतीय किसान संघ का सराहां में एक दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** भारतीय किसान संघ हिमाचल प्रदेश खंड सराहां में किसानों का एक दिन का अभ्यास वर्ग खंड के अध्यक्ष विनोद शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। जिसका उद्घाटन सत्र परम पूजनीय गुरु श्री परमेश्वर दास स्थित हनुमान मंदिर ने दीप प्रज्जवलन करके शुभ आरंभ किया। बैठक के समापन सत्र में हिमाचल प्रदेश किसान संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि पहले सभी लोग किसानों पर आश्रित रहते थे और किसान भी हर छह महीने बाद सभी वर्ग के लोगों को छः माही दिया करते थे, जिस से सभी वर्गों के लोग अपने-अपने कार्य को किया करते थे, लेकिन जब से उद्योगपतियों के अधीन सबकुछ होता चला गया, तब से किसानों की दशा सबसे दयनीय होती चली गई। आज हालत यह है कि जिसको अन्नदाता का नाम दिया गया है, वही आज सबसे ज्यादा प्रताड़ित है। कोई भी सरकार किसानों के हित के लिए उचित निर्णय नहीं कर पाती।

### सिरमौर में मजदूरों का 'ब्लैक डे' प्रदर्शन लेबर कोड के खिलाफ गेट मीटिंग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में मजदूरों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चार लेबर कोड के विरोध में 'ब्लैक डे' मनाते हुए फैक्टरी गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड से संबंधित सीटू धौला कुआं इकाई के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष लेखराज और महासचिव बंसीलाल ने की, जबकि सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आशीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ये चारों लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करने वाले काले कानून हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कानूनों के लागू होने से काम के घंटे बढ़ाकर 12 घंटे तक किए जा सकते हैं, जिससे श्रमिकों का शोषण और बढ़ेगा। उन्होंने आगे चिंता जताई कि सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे पीएफ, ईएसआई और अन्य लाभ भी इन कानूनों के कारण प्रभावित हो सकते हैं। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष लेखराज, महासचिव बंसी लाल, पूर्व महासचिव जलम सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश, अजीत पाल तथा किसान सभा के पूर्व राज्य उपाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा सहित कई मजदूर नेता शामिल हुए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन कानूनों को वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# नगर निगम सोलन का चुनाव रोस्टर जारी, 17 में से 9 महिला सीटें आरक्षित

## रोस्टर से बदले सियासी समीकरण, भाजपा-कांग्रेस से कई पार्षद नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला चुनाव अधिकारी कम डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कई दिनों के अटकलों के बाद आखिरकार वीरवार को नगर निगम सोलन के वार्डों को चुनावी रोस्टर जारी कर दिया। जिला चुनाव अधिकारी ने 17 वार्डों का आरक्षण पैटर्न घोषित कर दिया, जिसमें महिलाओं को 9 सीटें मिली हैं।

इससे पुराने दिग्गजों की सीटें खिसक गईं और नए उम्मीदवारों के लिए रास्ता साफ हो गया। रोस्टर से भाजपा और कांग्रेस के कई पार्षद चुनाव से नहीं लड़ पाएंगे। इसमें वार्ड-1 पार्षद मनीष, वार्ड-9 के पार्षद शैलेंद्र गुप्ता, वार्ड-11 के पार्षद अभय शर्मा, वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा और वार्ड-17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर वार्ड आरक्षित होने से आगामी चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

### महिलाओं की मजबूत एंट्री

**रोस्टर** के अनुसार वार्ड नंबर 1, 5, 6, 9, 11, 14, 16 और 17 महिलाओं के लिए रिजर्व हो गए हैं। इनमें से वार्ड 16 (रबोन आंजी) को एससी महिला के लिए विशेष रूप से आरक्षित किया गया है। इससे महिलाओं की निर्णायक भूमिका तय है, जो इस बार चुनाव का बड़ा फैक्टर बनेगी। एससी श्रेणी में वार्ड 8 (शिल्ली रोड) और वार्ड 13 (कलीन) आरक्षित हैं। इन सीटों पर भी कड़ा मुकाबला होने के उम्मीद है। जबकि ओपन श्रेणी में वार्ड 2, 3, 4, 7, 10, 12 और 15 रहेंगे, जहां सभी दलों के दावेदारों के बीच सीधी टक्कर होगी। यहां से अभी तक महिला उम्मीदवारों को छोड़कर कोई भी बड़ा चेहरा अभी तक सामने नहीं आया है।

### दिग्गजों की उम्मीदों पर फिर गया पानी

**कई** पुराने चेहरों की सीटें खिसक गई, जिससे उनके अरमानों पर पानी फिर गया। नए उम्मीदवारों को मौका मिला है और दिग्गजों को अपनी रणनीति बदलनी पड़ रही है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि महिलाओं की बढ़ती ताकत चुनावी परिणाम बदल सकती है। इससे इतना तो तय है कि इस बार नगर निगम चुनाव में महिलाओं का दबदबा रहेगा। मेयर पद पर भी महिला पार्षद का ही कब्जा हो सकता है।

***चुनाव परिणाम होंगे रोचक:*** *महिलाओं को मिली अधिक सीटों के चलते चुनाव परिणामों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। जैसे ही चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा, सभी दल उम्मीदवारों के चयन व प्रचार में पूरी ताकत झोंक देंगे। देखना दिलचस्प होगा कि क्या महिलाओं का बढ़ता दबदबा सोलन नगर निगम की सत्ता की तस्वीर बदल पाएगा या नहीं।*

**चुनाव** प्रक्रिया अब औपचारिक रूप से शुरू हो चुकी है। आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें। संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।
**मनमोहन शर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी**

## नाहन शहर में वाहनों की पार्किंग 36 .12 लाख रुपए में हुई नीलाम

अनंत ज्ञान

**नाहन।** नाहन शहर में पहली बार कार के साथ-साथ दोपहिया वाहनों को भी पार्किंग उपलब्ध होगी। दोपहिया वाहन चालकों की समस्या को देखते हुए अब शहर में तीन स्थानों पर पार्किंग की नीलामी में नगर परिषद ने दोपहिया वाहनों को भी शामिल किया है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि गत वर्ष कुल 24.04 लाख रुपए में तीनों पार्किंग नीलाम हुईं थी, जबकि इस बार यह 36.12 लाख रुपए में नीलाम हुई हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद ने शहर में पक्का टैंक, शिमला रोड व ढाबों मोहल्ला में स्थित पार्किंग को खुली बोली के जरिए नीलाम किया है और अब कार के साथ साथ दोपहिया वाहनों को भी पार्किंग को लेकर स्थान दिया गया। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष की अपेक्षा 12.08 लाख रुपए अधिक कमाई हुई है। उन्होंने बताया कि ठेकेदारों को निर्देश दिए गए है कि पार्किंग की शुल्क सूची पार्किंग स्थल पर लगानी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि लोगों से अधिक शुल्क न वसूला जा सके।

◆ **नीलामी से बढ़ी आमदनी दोपहिया वाहनों को भी सुविधा**

### शीतला माता मंदिर तक गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत ग्याणा क्षेत्र में स्थित शीतला माता मंदिर तक गैस सिलेंडर आपूर्ति की समस्या को लेकर अब प्रशासन हरकत में आ गया है। स्थानीय पंचायत की ओर से इस संबंध में उठाई गई मांग के बाद क्षेत्रवासियों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इस संदर्भ में जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन ने आवश्यक निर्देश जारी करते हुए संबंधित गैस एजेंसी दाड़लाघाट को मंदिर तक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

### गर्भधारण पूर्व निदान तकनीक अधिनियम को लेकर सलाहकार समिति की बैठक

## लिंग चयन पर रोक, कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए सख्त निगरानी : सीएमओ सिरमौर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. राकेश प्रताप की अध्यक्षता में वीरवार को सीएमओ कार्यालय में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम(पीसी-पीएनडीटी) के सफल क्रियान्वयन के लिए गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य गर्भ धारण से पहले या बाद में लिंग चयन तकनीकों का उपयोग रोकना और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है। अल्ट्रासाउंड या किसी भी अन्य तकनीक के माध्यम से भ्रूण के लिंग का पता लगाने पर पूर्णतया प्रतिबंध है, सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों के लिए इस अधिनियम के तहत पंजीकरण अनिवार्य है।

◆ **सिरमौर में 42 अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण, सभी मानक पूर्ण पाए गए**



बैठक की अध्यक्षता करते सीएमओ। अनंत ज्ञान

जिला सिरमौर में 24 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक क्रियाशील है, जिसमें सरकारी क्षेत्र में 8, जबकि 16 निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर में वर्ष 2025 के दौरान 42 अल्ट्रासाउंड केंद्रों के निरीक्षण किए गए, जहां अधिनियम के तहत निर्धारित मापदंड पूर्ण पाए गए। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर का वर्तमान में व्यस्क लिंग अनुपात 1000 पुरुष के मुकाबले 923 महिलाएं हैं, जबकि जन्म के समय लिंग अनुपात 925 है। उन्होंने बताया कि जिला में जिस पंचायत में लिंग अनुपात बेहतर होता है उसे सरकार द्वारा 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### केंद्र तक पहुंची कथेड़ सर्विस लेन की समस्या

## 10 बार मरम्मत करवाई, बंद नहीं हुई दरारें, मलबा गिरना जारी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शिमला सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सोलन के एनएच फोरलेन सर्विस लेन की बार-बार क्षतिग्रस्त होने की समस्या का स्थायी समाधान मांगा है। पुलिस लाइन के सामने स्थित यह सर्विस लेन पिछले चार वर्षों से लगातार खराब हो रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी हो रही है। व्यापार मंडल सोलन के पूर्व अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने इस मामले को सांसद सुरेश कश्यप के समक्ष उठाया था। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने अब तक 10 बार मरम्मत कराई, लेकिन दरारें पड़ना और मलबा गिरना बंद नहीं हुआ। न्यू कथेड वार्ड-17 के निवासी और राहगीरों को असुविधा के साथ-साथ स्थानीय मंदिर को खतरा हो गया है।

◆ **सांसद कश्यप ने गडकरी से मांगा स्थायी समाधान**

बरसात से पहले समस्या निपटाने की मांग तेज हो गई है। सांसद कश्यप ने 30 मार्च, 2026 को पत्र में तकनीकी पुनर्मूल्यांकन, मजबूत निर्माण और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मंत्री गडकरी ने शीघ्र स्थायी समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया है। गडकरी सड़क निर्माण में लापरवाही पर सख्ती के लिए जाने जाते हैं और दोषी ठेकेदारों-इंजीनियरों को जेल की सजा की वकालत करते रहे हैं। निवासियों को अब राहत की उम्मीद है कि बरसात से पूर्व कार्य पूरा हो जाएगा।

### गांवों को जबरन नगर क्षेत्र में शामिल करना जनविरोधी निर्णय : तरसेम भारती

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, हिमाचल प्रदेश तरसेम भारती ने सोलन नगर क्षेत्र में गांवों को जबरन नगर निगम में शामिल किए जाने के निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल अव्यवहारिक है अपितु गाँव और शहर दोनों के विकास को बाधित करने वाला है। भारती ने कहा कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों को जबरदस्ती नगर क्षेत्र में शामिल किया गया है, वहां आज भी न तो शहरी सुविधाएं उपलब्ध हैं और न ही गांवों की पारंपरिक विकास व्यवस्था जारी रह पा रही है। लोगों पर अनावश्यक टैक्सों का बोझ बढ़ा दिया गया है, जबकि बदले में उन्हें मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि शहर और गांव की भौगोलिक स्थिति तथा आवश्यकताएं पूरी तरह अलग होती हैं। ऐसे में बिना किसी ठोस योजना के इन क्षेत्रों को नगर क्षेत्र में जोड़ना केवल प्रशासनिक असंतुलन पैदा कर रहा है।

## पंचायत रोस्टर के साथ छेड़खानी करना चाहते हैं मुख्यमंत्री : रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** नाहन से भाजपा के जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने पंचायत रोस्टर में बदलाव को लेकर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार पंचायत रोस्टर के साथ छेड़खानी करना चाहती है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। रावत ने अपने बयान में कहा कि प्रदेश के सभी उपायुक्तों (डीसी) को पंचायत रोस्टर में पांच प्रतिशत तक आरक्षण बदलने की शक्तियां देना एक असामान्य निर्णय है। उनका आरोप है कि इस फैसले के पीछे राजनीतिक मंशा है, ताकि सत्ता पक्ष अपने प्रभाव का उपयोग कर आरक्षित और अनारक्षित सीटों में बदलाव कर सके और अपने समर्थकों को लाभ पहुंचा सके। उन्होंने इसे प्रदेश के इतिहास में पहली बार लिया गया ऐसा कदम बताते हुए कहा कि इससे पंचायत चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। रावत ने मुख्यमंत्री पर तानाशाही तरीके से निर्णय लेने का भी आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि जब से सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पद संभाला है, तब से कई ऐसे फैसले लिए गए हैं जो जनता के हित में नहीं हैं। रावत ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में खोले गए कई सरकारी संस्थानों को वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया। अब पंचायत रोस्टर में बदलाव का प्रयास भी उसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रोस्टर में किसी प्रकार की छेड़छाड़ की गई, तो प्रदेश की जनता इसका जवाब आगामी पंचायत चुनावों में देगी।

### मनोकामना पूर्ण होने पर आयोजित देव यात्रा, परंपरा और श्रद्धा की अनूठी झलक

# बरायली पंचायत में देव आस्था का भव्य संगम

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** बरायली पंचायत में देव आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। जहां करनल श्याम सिंह चंदेल, सुबेदार मेजर लेख राम तथा रमेश चंदेल (पप्पू) के परिवार द्वारा मनोकामना पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य देव मिलन एवं देव परंपरा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के प्रमुख आराध्य एवं ईष्ट देवता बाडुबाडा दाड़लाघाट, शिवगण देवता, मढोड देवता मांगु तथा मढोड देवता कराडाघाट विशेष रूप से जातर एवं श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने हेतु पधारे।

पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ भी किया गया, जिसका समापन 9 अप्रैल को होगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को भंडारे, देव दर्शन एवं कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया गया है। देव यात्रा के दौरान आसपास के गांवों एवं दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और देवताओं के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन में आस्था, श्रद्धा और पारंपरिक संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली।



बरायली पंचायत में पहुंची देव यात्रा। अनंत ज्ञान

***मान्यता:*** *स्थानीय मान्यताओं के अनुसार मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु देव यात्राओं का आयोजन कर देवताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इसके लिए पहले देवता के मूल मंदिर में जाकर देव कमेटी से यात्रा की तिथि निर्धारित की जाती है। इस आयोजन में लगभग 150 देवलुओं एवं 1500 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी के लिए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक व्यंजन एवं भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई।*

# मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर, ईरान ने सेंट्रल इसराइल में दागी कई मिसाइलें

## इसराइल ने मिसाइलों को रोकने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय किया

**एजेंसी, तेहरान**

**मिडिल** ईस्ट में जारी युद्ध के बीच हालात और गंभीर हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के कड़े अल्टीमेटम के तुरंत बाद ईरान ने इसराइल की ओर मिसाइलें दाग दीं, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

ईरान ने वीरवार को इसराइल की तरफ मिसाइल हमला किया। यह हमला उस समय हुआ जब ट्रंप ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में ईरान को चेतावनी दी थी कि वह तुरंत समझौता करे और युद्ध रोके। इसराइल की सेना ने बताया कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों को पहचान लिया है और उन्हें रोकने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए हैं।



सेना के अनुसार, तीन घंटे के भीतर यह तीसरी बार था जब मिसाइलें दागी गईं। इसराइल के उत्तरी इलाकों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कोई समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। (अनंत ज्ञान)

### ईरान का अमेरिका-इसराइल के 'जासूसी नेटवर्क' के भंडाफोड़ का दावा, कई गिरफ्तार

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत वेस्ट अजरबैजान में खुफिया एजेंसियों ने बड़े जासूसी नेटवर्क का पर्दाफाश करने का दावा किया है। अधिकारियों के अनुसार, अलग-अलग अभियानों में एक जासूस और कई आतंकियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान अमेरिका और इज़राइल निर्मित उन्नत जासूसी व संचार उपकरणों की बड़ी खेप जब्त की गई है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) की स्वामित्व वाले ईरानी के सरकारी समाचार संगठन प्रेसईडी टीवी ने बताया कि ईरानी खुफिया बलों ने देश के उत्तर-पश्चिमी प्रांत वेस्ट अजरबैजान में विभिन्न अभियानों में एक जासूस और कई आतंकियों को पकड़ने के अलावा उन्नत जासूसी और संचार उपकरणों की बड़ी खेप जब्त की है।

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में गोला-बारूद किया बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के दो जिलों में जबरन वसूली में संलिप्तता के आरोप में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को सुरक्षाबलों को गिरफ्तार किया है। राज्य के तीन घाटी जिलों से अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के थोंगखोंग लक्ष्मी बाजार से प्रतिबंधित संगठन प्रीपाक से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो जबरन वसूली में संलिप्त था। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सदस्य को मंगलवार को इंफाल पूर्व जिले के खाबेइसोई इलाके से गिरफ्तार किया गया। कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (एमएफएल) के एक अन्य सक्रिय सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के कोंगपाल कोंगखाम लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षाबलों ने एक अभियान के दौरान थौबल जिले के हेइरोक पार्ट-2, खंगाबोक महादेवा चिंग क्षेत्र से विस्फोटक और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। इस अभियान के दौरान दो हथगोले, विभिन्न हथियार आदि जब्त किए गए। (अनंत ज्ञान)

# शाह बोले- 15 दिन बंगाल में रहूंगा, ममता को घर में हराना है

## कहा- टीएमसी को खाड़ी में फेंक दो, शाह को काले झंडे दिखाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने वीरवार को पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि मैं अगले 15 दिन बंगाल में रहने वाला हूं। टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंकने और उसे बंगाल की खाड़ी में फेंकने के लिए हर किसी को बिना किसी डर के वोट देना चाहिए। कोई भी गुंडा बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। पश्चिम बंगाल में घुसपैठ इतनी बढ़ गई है कि राज्य का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि उसने राज्य को अराजकता की स्थिति में पहुंचा दिया है, जहां गोलीबारी और बमबाजी की घटनाएं लगभग रोजाना होती हैं। वहीं, शाह का काफिला जब कालीघाट पहुंचा, जहां से ममता का घर कुछ ही दूर है, वहां पर टीएमसी कार्यकर्ता ने काफिले के सामने जय बांग्ला और ममता बनर्जी जिंदाबाद के नारे लगाए। सिर पर काला कपड़ा बांधे लोगों ने अमित शाह गो बैक के नारे लगाए और काले झंडे भी दिखाए। इसके बाद टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं में झड़प होने लगी। हालात काबू करने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की और भीड़ पर कंट्रोल किया। इससे पहले शाह ने कोलकाता में रैली में कहा कि सुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन मैंने उनसे कहा कि सिर्फ नंदीग्राम में ही नहीं बल्कि हमें ममता को उनके घर में भी हराना होगा। दरअसल, सीएम ममता पश्चिम बंगाल की भवानीपुर और नंदीग्राम सीट से चुनाव लड़ रही हैं। बीजेपी ने उनके खिलाफ सुवेंदु अधिकारी को दोनों सीट से मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में हर जगह तूफान चल रहा है। यह तूफान परिवर्तन लाने और ममता बनर्जी को अलविदा कहने के लिए है। हर तरफ सिंडिकेट राज है। अब समय आ गया कि कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और अन्य लोगों के सपनों के 'सोनार बांग्ला' की स्थापना की जाए। शाह ने भवानीपुर से भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी के नामांकन पत्र दाखिल करते समय उनके साथ मौजूद रहने से पहले इस रैली को संबोधित किया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 1773 अंक चढ़कर बंद

## आईटी और रियल्टी शेयर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** वीरवार को अपने दिन के निचले स्तर से 1,773 अंक चढ़कर बंद हुआ। सुबह यह भारी दबाव के साथ खुला और गिरकर 71,545 के निचले स्तर पर पहुंच गया था। बाद में वापसी करते हुए यह 185 अंक (0.25%) चढ़कर 73,320 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 22,182 का निचला स्तर बनाने के बाद रिकवरी दिखाई।

ये 34 अंक (0.15%) चढ़कर 22,713 के स्तर पर बंद हुआ। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 4.47% गिरकर 5,234 पर बंद हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स 2.38% गिरकर 52,463 पर, हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.70% गिरकर 25,116 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.74% गिरकर 3,919 पर बंद हुआ। डाउ जोन्स 224 अंक (0.48%) बढ़कर 46,565 के स्तर पर, टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 1.16% बढ़कर 21,840 पर बंद हुआ। बुधवार को बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 1,187 अंक (1.65%) की तेजी के साथ 73,134 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 348 अंक (1.56%) की बढ़त रही, ये 22,679 के स्तर पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### सोना 3,263 और चांदी 13 हजार रुपए सस्ती



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका-इसराइल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, वीरवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,346 रुपए घटकर 1.46 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले बुधवार को यह 1.51 लाख पर था। वहीं, एक किलो चांदी 15,176 रुपए घटकर 2.25 लाख रुपए रह गई, जो 25 मार्च को 2.40 लाख रुपए पर थी। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 34 दिन में 13,590 और चांदी 42,040 सस्ती हुई है। साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। (अनंत ज्ञान)

# मिडिल-ईस्ट युद्ध के कारण तेजस विमान के इंजन की सप्लाई रुकी

## अमेरिकी कंपनी को देनी है डिलीवरी, अब साल के अंत में आएंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मिडिल**-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत के बहुप्रतीक्षित लड़ाकू विमान तेजस के इंजन की सप्लाई रुक गई है। इन विमानों के इंजन सप्लाई करने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कह दिया है कि अभी सप्लाई नहीं दे पाएंगे। सूत्रों ने बताया कि अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद है। 113 इंजनों की आपूर्ति का करार हुआ था।

एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का वादा किया था, लेकिन एचएएल में खड़े 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि 5 विमान पूरी तरह तैयार हैं। 19 विमानों के एयर फ्रेम भी तैयार हैं। यदि आपूर्ति बहाल होती है तो इस साल 24 और अगले साल तक 30 इंजन मिल जाएंगे। 9000 करोड़ की 113 इंजनों की डील पर कंपनी आगे बढ़ पाएगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने करीब 5 महीने पहले अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की थी।



इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ रुपए का करार किया था, लेकिन एचएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। एलसीए तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। (अनंत ज्ञान)

### भारत की पश्चिम एशिया के हालात पर नजर हर स्थिति से निपटने को तैयार: राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरवार को पश्चिम एशिया के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि आज हम सब एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। आज हम देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया में बड़ा संघर्ष चल रहा है। केरल के बहुत सारे लोग इन देशों में रहते और काम करते हैं, मगर उन्हें चिंता नहीं करनी है। कुछ लोग इस मौके पर कई तरह का झूठ फैला कर घबड़ाहट फैलाना चाहते हैं, जबकि भारत इस किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में 'सैनिक सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर परिस्थिति में निपटने में सक्षम और तैयार है। यह समय पूरे देश के एकजुट होने का है। संकट के समय में भाजपा ने हमेशा देश का साथ दिया है। यह समय दलगत राजनीति करने का नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों को एकसाथ आने का है। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रोज अपने कूटनीतिक कौशल का प्रयोग करते हुए भारतीय हितों की रक्षा कर रहे हैं, जबकि विपक्ष इस संकट के समय देश के साथ खड़े होने के बजाय तुच्छ राजनीति करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे तो हमारा केरल भारत के सबसे सुरक्षित राज्यों में से एक है। यहां के लोगों के अंदर राष्ट्र रक्षा का भाव इतना अधिक है कि केरल के लोग सिर्फ नौसेना ही नहीं, बल्कि सेना और वायु सेना में भी बड़ी संख्या में कार्य करते हैं। आज भारत जहाज निर्माण में दुनिया की किसी भी बड़ी शक्ति से कम नहीं है। इसी केरल में मौजूद कोचीन शिपयार्ड में भारत का सबसे पहला स्वदेश विकसित एयरक्राफ्ट कैरियर बन कर तैयार हुआ। (अनंत ज्ञान)



# सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया ने आज अपने पहले स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड (SIF) के तहत सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ लॉन्च करने की घोषणा की।

यह एसआईएफ फ्रेमवर्क के तहत एक इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड है, जो निफ्टी 500 के शेयरों में निवेश करेगा, जिससे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों में अच्छा डाइवर्सिफिकेशन मिल सके। लॉन्च के मौके पर अविनाश सतवालकर, प्रेसिडेंट, फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया ने कहा कि, 'आज के समय में निवेशक ऐसे बाजार का सामना कर रहे हैं, जो तेजी से अलग-अलग फेज में बदलता रहता है। ऐसे में अनुशासित और लचीली निवेश रणनीतियों का महत्व और बढ़ जाता है। SIF उन निवेशकों के लिए बनाया गया है जो ज्यादा जोखिम लेने के लिए तैयार हैं। इसमें अपेक्षाकृत ज्यादा रिटर्न की संभावना होती है और यह टैक्स के लिहाज से भी फायदेमंद हो सकता है।' उन्होंने कहा कि, 'SIF को पारंपरिक म्यूचुअल फंड से अलग बनाने वाली बात यह है कि यह बाजार के बदलावों का फायदा उठाने के लिए अपने कुल निवेश (नेट एसेट्स) का 25% तक शॉर्ट पोजिशन ले सकता है। इससे बाजार में गिरावट के दौरान नुकसान को कम करने में मदद मिल सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि, 'सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ, फ्रैंकलिन टेम्पलटन के कई दशकों के सिस्टमेटिक व क्वांटिटेटिव निवेश अनुभव का फायदा उठाता है। हमारी खास डेटा-आधारित क्वांटिटेटिव रणनीति 40 से ज्यादा फैक्टर्स के आधार पर स्टॉक का मूल्यांकन करती है, जैसे क्वालिटी, वैल्यू, सेंटिमेंट और अन्य इंडिकेटर्स। इसके साथ ही, शॉर्ट पोजिशन के अवसर पहचानने के लिए एक अलग फ्रेमवर्क भी है। हमारा SIF एक व्यवस्थित और डेटा-आधारित क्वांटिटेटिव अप्रोच पर बना है, जो इक्विटी में निवेश के मौके पहचानता है और तय लॉन्ग-शॉर्ट स्ट्रक्चर के जरिए जोखिम को प्रभावी तरीके से मैनेज करता है।

### आरबीयू की 15वीं वार्षिक स्पोर्ट्स मीट उत्साह व रिकॉर्ड भागीदारी के साथ संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी ने अपनी 15वीं वार्षिक खेल मीट 2026 का आयोजन बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक किया। यह कार्यक्रम एक उत्साहपूर्ण उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ओवरऑल चैंपियन बनकर उभरा और उसने यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में रयात बाहरा ग्रुप के वाइस चेयरमैन गुरिंदर सिंह बाहरा, वाइस-चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार और रजिस्ट्रार एन. के. यादव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की समर्पण भावना और खेल भावना की सराहना की। इस मौके पर बीएस बैंस (डायरेक्टर एडमिन), डॉ. कर्मवीर सिंह अत्तरी (डायरेक्टर स्पोर्ट्स), स्पोर्ट्स ऑफिसर कुलबीर सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस स्पोर्ट्स मीट में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ में मीसुम अली (यूएसएसएस) और निकिता (यूएसएसएस) ने क्रमशः लड़कों और लड़कियों के वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। शॉट-पुट प्रतियोगिता में जशनप्रीत (यूएसपी) और कशिश राणा (यूएसपीआर) विजेता रहे, जबकि लंबी कूद में सन्नी (यूएसपी) और सयंतनी (आईटीएचएस) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में स्थापित किया 'स्किल सेंटर'

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** अमेरिका की वैश्विक टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में अत्याधुनिक माइक्रोसॉफ्ट स्किल सेंटर की स्थापना की है।

इसका उद्देश्य यूनिवर्सिटी के छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है, जिसके तहत उन्हें एआई, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और अन्य उभरती तकनीकों में माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन, रियल वर्ल्ड अनुभव आधारित ट्रेनिंग और लैब-आधारित शिक्षण प्रदान किया जाएगा। माइक्रोसॉफ्ट के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में माइक्रोसॉफ्ट के पब्लिक सेक्टर डायरेक्टर संजय धींगरा, बाइट एक्सेल के सीएसओ एवं को-फाउंडर श्रीचरण ताडपल्ली, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) रविराजा एन सीताराम, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस.एस. सहगल और प्रो-वाइस चांसलर (अकादमिक अफेयर्स) प्रो. (डॉ.) रघुवीर वी.आर. शामिल रहे। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस माइक्रोसॉफ्ट और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के आधार पर स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्रों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में सफल बनने के लिए सशक्त और कुशल बनाना है, ताकि राज्य को




वर्तमान में भारी मांग वाली तकनीकों के प्रशिक्षित प्रोफेशनलों का हब बनाना है। इस अवसर पर मुख्यातिथि संजय धींगरा ने कहा, 'माइक्रोसॉफ्ट चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के साथ इस स्किल सेंटर सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित है। 'एआई फॉर आल' पहल के तहत माइक्रोसॉफ्ट के कोर्स केवल बीटेक छात्रों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि यूनिवर्सिटी के सभी प्रोग्राम के छात्रों के लिए भी उपलब्ध होंगे। इस एमओयू के तहत वर्चुअल लैब्स को इस सेंटर में शामिल किया जाएगा, जहां छात्र ऑनलाइन सीख सकेंगे।ये लैब क्लाउड कंप्यूटिंग पर संचालित और माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर पर आधारित होंगी। ऑनलाइन और ऑफ़लाइन कोर्स के ज़रिए, माइक्रोसॉफ्ट एमसीए की ऑनलाइन डिग्री के कोर्स भी उपलब्ध कराएगा, जिनमें गिटहब फाउंडेशन, एज़्योर फंडामेंटल्स, पॉवर बीएल डाटा एनालिस्ट तथा एज़्योर एआई फंडामेंटल्स जैसे विषय शामिल होंगे। उन्होंने आगे कहा, 'माइक्रोसॉफ्ट और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के बीच यह सहयोग छात्रों को अधिक रोजगार योग्य और इंडस्ट्री के लिए तैयार करने में मदद करेगा। यूनिवर्सिटी से पास होने के बाद, छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में प्लेसमेंट प्राप्त करेंगे, क्योंकि आज के समय में एआई, मशीन लर्निंग और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे नए कौशल सीखना अत्यंत आवश्यक है। अपने संबोधन में, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर डॉ. रविराजा एन. सीताराम ने कहा, 'माइक्रोसॉफ्ट के साथ चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का एमओयू और इस स्किल सेंटर का उद्घाटन यूनिवर्सिटी को माइक्रोसॉफ्ट के 4400 से अधिक अत्याधुनिक मॉड्यूल्स तक पहुँच प्रदान करेगा, जो विभिन्न जॉब भूमिकाओं से जुड़े हैं। इस एमओयू के तहत माइक्रोसॉफ्ट फंडामेंटल सर्टिफिकेशन का पाठ्यक्रम, शिक्षण सामग्री और उन्नत रोल-आधारित सामग्री भी छात्रों के लिए उपलब्ध होगी। यह माइक्रोसॉफ्ट स्किल सेंटर एक हब के रूप में काम करेगा तथा शुरुआत में इंजीनियरिंग छात्रों को स्किल ट्रेनिंग देगा, लेकिन जल्द ही यूनिवर्सिटी के सभी विभागों के छात्र इस सेंटर के ज़रिए 'एआई फॉर आल' पहल के तहत माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन और नई तकनीकों के स्किल्स सीख सकेंगे।

### साहिबजोत कौर ने नृत्य में दिखाया दम, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गंगानगर की एक प्रतिभाशाली छात्रा साहिबजोत कौर ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा को साबित किया है। अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और नृत्य के निरंतर अभ्यास के बल पर, साहिबजोत ने 4-सी छोटी का नाम रोशन किया है। चंडीगढ़ की रयात बाहरा यूनिवर्सिटी (खरड़) में KKHD (किसमें कितना है दम) द्वारा आयोजित नृत्य प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में साहिबजोत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साहिबजोत ने केवल इसी प्रतियोगिता में नहीं, बल्कि अन्य कई मंचों पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने गोल्डन RAZS पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता और इसके अलावा भी कई अन्य नृत्य प्रतियोगिताओं में पहला स्थान हासिल किया है। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से साहिबजोत ने न केवल अपनी कला को साबित किया है, बल्कि अपने परिवार और क्षेत्र का गौरव भी बढ़ाया है।



### गौडियम आईवीएफ ने एआई-आधारित बांझपन उपचार की शुरुआत की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इनोवेशन और भारत के फर्टिलिटी हेल्थकेयर क्षेत्र में लीडर, गौडियम आईवीएफ ने एआईआधारित बांझपन उपचार की शुरुआत की है। यह कदम एक बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है खासकर तब जब यह कंपनी हाल ही में देश की पहली लिस्टेड आईवीएफ चेन भी बनी है। इस विकास पर बात करते हुए गौडियम आईवीएफ की चेयरपर्सन श्व मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. मणिका खन्ना ने कहा 'फर्टिलिटी केयर अब एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां सटीकता और समझ परिणाम तय करेंगे। एआई के इस्तेमाल से हम इलाज को न सिर्फ बेहतर बना पाएंगे बल्कि मरीजों को पहले से अच्छा अनुभव दे पाएंगे। IVF 2.0 के साथ हमारी साझेदारी से अब दुनिया की नई तकनीक भारत में भी उपलब्ध है।' इस नए कदम के तहत एआई आधारित एम्ब्रायोलॉजी सिस्टम्स को रोज़मर्रा के इलाज में शामिल किया गया है। इसमें SiD (स्पर्म आइडेंटिफिकेशन डिवाइस) और ERICA (Embryo Ranking Intelligent Classification Assistant) जैसे अत्याधुनिक सिस्टम शामिल हैं, जो स्पर्म और एम्ब्रियो के चयन को अधिक डेटा-ड्रिवन बनाते हैं। इस पहल का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने किया। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य को बेहतर बनाने में तकनीक और इनोवेशन की बड़ी भूमिका है। यह इंटीग्रेशन आईवीएफ 2.0 के साथ साझेदारी में किया गया है, जो एक यूके-हेडक्वार्टर्ड भ्रूणविज्ञान इनोवेशन संगठन है। इसकी स्थापना प्रसिद्ध एम्ब्रायोलॉजिस्ट डॉ. जैक्स कोहेन और डॉ. एलेजांद्रो शावेज़ द्वारा की गई है।

# डीनोटिफाइड ट्राइब्स के सशक्तिकरण को लेकर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** पंजाब में कांग्रेस पार्टी ने डीनोटिफाइड ट्राइब्स (विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू) के अंतर्गत समुदायों के लिए संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने हेतु पंजाब प्रदेश कांग्रेस भवन, चंडीगढ़ में एक विशेष मीटिंग का आयोजन किया।

इस बैठक का उद्देश्य डीनोटिफाइड ट्राइब्स टास्क फोर्स, अनुसूचित जाति विभाग, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत पदाधिकारियों की नियुक्ति करना था। बैठक का संचालन लक्खा राम ललका चेयरमैन बाजीगर सेल और एसपी सिंह लबाना, राष्ट्रीय समन्वयक, अनुसूचित जाति विभाग एवं प्रभारी, डीनोटिफाइड ट्राइब्स टास्क फोर्स द्वारा किया गया। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करते हुए पंजाब में डीनोटिफाइड ट्राइब्स समुदायों की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को मजबूत और सुनिश्चित करने की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर बलविंदर सिंह अलीपुर, अशोक बरतिया डीएनटी सेल, सुरिंदर बिल्ला वीपी, जतिंदर ज्योति (होशियारपुर), पाला राम (एसबीएस नगर), सेवा बडियाल, अमर नाथ समराला, सेवा एमसी समराला और मिर्जा राम लुधियाना, आचान अमृतसर सहित अन्य भी उपस्थित थे।



लक्खा राम ललका ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने मुख्य राजनीतिक संदेश के तहत सदैव सामाजिक न्याय, समान प्रतिनिधित्व और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विशेषकर डीनोटिफाइड ट्राइब्स समुदायों के लिए जो लंबे समय से मुख्यधारा से दूर रहे हैं। एसपी सिंह लबाना ने कहा कि डीनोटिफाइड ट्राइब्स समुदाय हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। कांग्रेस पार्टी इनके सम्मान, अधिकार और संगठन में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि 'यह पहल केवल नियुक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर से नेतृत्व तैयार कर डीनोटिफाइड ट्राइब्स समुदायों को मजबूत राजनीतिक आवाज देने का प्रयास है।'

आगामी 2027 विधानसभा चुनावों में डीनोटिफाइड ट्राइब्स सेल द्वारा चुनाव लड़ने को लेकर पूछे गए सवाल पर एसपी सिंह लबाना ने कहा कि संगठन चुनावों को लेकर पूरी तरह से सक्रिय और मुस्तैद है। डीएनटी सेल को कितनी सीट्स दी जाएगी, यह पार्टी आलाकमान तय करेगी। अलबत्ता डीएनटी सेल पूरी तरह से पार्टी के साथ है, पार्टी की जीत में कोई कसर नही छोड़ी जाएगी। वहीं कल पंजाब भाजपा मुख्यालय पर हुए बंब धमाके को लेकर एस पी सिंह लबाना ने कहा कि यह बेहद की खेदजनक व निंदनीय कृत्य है, मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। केंद्र में भाजपा की सरकार है, इस हिसाब से उनकी सुरक्षा एजेंसियां विफल रही है। मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लक्खा राम ललका ने कहा कि 'पंजाब समावेशी राजनीति का उदाहरण बनेगा, यहां DNT समुदायों को कांग्रेस के ढांचे में सशक्त स्थान दिया जाएगा। यह पहल पंजाब में कांग्रेस पार्टी के भीतर इन समुदायों के राजनीतिक सशक्तिकरण और प्रभावी प्रतिनिधित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सीटी स्कैन और एमआरआई का रिकॉर्ड रखेंगे सभी जिला अस्पताल

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक द्वारा राज्य के सभी सिविल सर्जनों और प्रधान चिकित्सा अधिकारियों को सीटी स्कैन और एमआरआई सेवाओं का रिकॉर्ड बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने इस बारे में वीरवार को निर्देश जारी करते हुए जिला नागरिक अस्पतालों में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर संचालित सीटी स्कैन और एमआरआई सेवाओं के सुचारू संचालन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। महानिदेशक के अनुसार, राज्य के जिला नागरिक अस्पतालों में वर्ष 2016 से सीटी स्कैन और एमआरआई सेवाएं पीपीपी मॉडल के तहत संचालित हो रही हैं। इन सेवाओं का लाभ बड़ी संख्या में जरूरतमंद मरीज प्रतिदिन उठा रहे हैं। वर्तमान में ये सुविधाएं बीपीएल कार्ड धारकों, दिव्यांग भत्ता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों, अनुसूचित जाति वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, लावारिस सडक़ दुर्घटना पीड़ितों, हरियाणा सरकार के कर्मचारियों, पेंशनरों एवं उनके आश्रितों तथा एचआईवी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए निशुल्क उपलब्ध हैं।

### उचित रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए यह आवश्यक

**इन** सुविधाओं के दुरुपयोग को रोकने और उचित रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि संबंधित श्रेणी के किसी भी मरीज को जांच की सलाह दिए जाने पर उसका इंडोर एडमिशन या डे-केयर फाइल अवश्य बनाई जाए। साथ ही, मरीज की मेडिकल हिस्ट्री, लैब जांच, जांच की आवश्यकता, तथा मरीज की सहमति जैसी सभी जानकारी को उपचार कर रहे डॉक्टर द्वारा फाइल में दर्ज किया जाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर को निर्देश दिए गए हैं कि वह प्रतिदिन इन जांचों से संबंधित आदेशों की जांच करें और संबंधित मेडिकल सुपरिंटेंडेंट या प्रधान चिकित्सा अधिकारी द्वारा इनकी पुष्टि (काउंटरसाइन) सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य सेवाएं के महानिदेशक ने सभी अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश देते हुए इसे अत्यंत आवश्यक एवं तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### फिडे कैंडिडेट्स के राउंड 4 में सिंदारोव ने कारुआना को हराकर बनाई बढ़त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** साइप्रस में खेले जा रहे फिडे कैंडिडेट्स 2026 के राउंड 4 में उज्बेकिस्तान के युवा ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व नंबर-3 फैबियानो कारुआना को हराकर अंक तालिका में एकल बढ़त हासिल कर ली। अन्य मुकाबलों में जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम और भारत के आर प्रज्ञानानंद के बीच कड़ा मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दोनों खिलाड़ी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली ने भी ड्रॉ खेला। उनके मुकाबले में स्थिति पूरी तरह जटिल हो गई थी, जहां किसी भी तरह का प्यादा ब्रेक या किंग को सक्रिय करना जोखिम भरा साबित हो सकता था। अंततः तीन बार समान स्थिति बनने पर मुकाबला ड्रॉ घोषित किया गया। वैशाली अब तक टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई हैं। वहीं, भारत की दिव्या देशमुख को इस राउंड में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें चीन की झू जिनेर ने पराजित किया। (अनंत ज्ञान)

### दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी डुसैन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज रासी वान डर डुसैन ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने साढ़े सात साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगाते हुए कहा कि वह घरेलू टीम लायंस के लिए खेलना जारी रखेंगे और युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने पर ध्यान देंगे। वान डर डुसैन ने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2019 में उन्होंने वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू मैच में शानदार 93 रन बनाकर अपनी छाप छोड़ी। वनडे क्रिकेट में वह टीम के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल रहे। उन्होंने 71 मैचों में 50.13 की औसत से 2657 रन बनाए, जिसमें 6 शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 57 मैचों में 1406 रन 128.76 के स्ट्राइक रेट से बनाए। टेस्ट क्रिकेट में भी उन्होंने 2019 में डेब्यू किया और 18 मैचों में 905 रन बनाए, जिसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं। संन्यास की घोषणा करते हुए डुसैन ने कहा, 'गर्व और कृतज्ञता के साथ मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। प्रोटियाज टीम के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।' (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका के गेंदबाज तुषारा आईपीएल में खेलने के लिए पहुंचे अदालत

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में खेलने के लिए गुरुवार को अदालत से हस्तक्षेप करने की मांग की क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड ने फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार कर दिया था। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने खरीदा था। उन्होंने कोलंबो जिला न्यायालय में मामला दायर कर श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को एनओसी जारी करने का आदेश देने की मांग की है। इस मामले की सुनवाई नौ अप्रैल को होगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार 2022 से अपने देश के लिए 30 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने दलील दी है कि एसएलसी के साथ उनका अनुबंध 31 मार्च को समाप्त हो गया था और वह इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। तुषारा ने कहा कि उन्होंने एसएलसी को अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त करने की अपनी इच्छा के बारे में बता दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में फिटनेस टेस्ट में असफल होने के कारण एनओसी नहीं देने के फैसले को अदालत को रद्द कर देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### स्मार्ट कबड्डी प्लेयर अनु कुमारी

अनु कुमारी एक भारतीय कबड्डी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने नवंबर 2025 में बांग्लादेश में आयोजित कबड्डी विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया था। अनु एक रेडर हैं, जो अपनी फुर्ती और स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। गाजियाबाद में पुलिस कांस्टेबल के रूप में कार्यरत।



अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने
समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश
एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।
''अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र''
शिमला – सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला – राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन – मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी – अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर – विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर – अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा – राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना – राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति – कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट – अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली – गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615
Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com

# आईपीएल : आज चेन्नई को घर में टक्कर देगी पंजाब किंग्स की टीम

## अपना पहला मुकाबला हार चुकी हैं दोनों टीमें

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा। हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को



देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा।

संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

# दिल्ली ने लखनऊ को आईपीएल में लगातार पांचवीं बार दी शिकस्त



**एजेंसी, लखनऊ**

के पांचवें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। यह डीसी की एलएसजी पर लगातार पांचवीं जीत रही। इकाना स्टेडियम में बुधवार को दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। लखनऊ 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दिल्ली ने 17.1 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। लखनऊ ने 105 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां शाहबाज अहमद इम्पैक्ट प्लेयर बनकर आए और टीम का स्कोर 141 तक पहुंचा दिया। दिल्ली ने भी पावरप्ले में ही 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की और टीम को जीत दिलाई। रिजवी प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।

◆ **रिजवी और स्टब्स ने हारते मैच को जितवाया**

दिल्ली से समीर रिजवी ने 70 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 39 रन बनाए। थंगारसु नटराजन और लुंगी एनगिडी ने 3-3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। वहीं लखनऊ से प्रिंस यादव ने 2 विकेट लिए। मोहसिन खान और मोहम्मद शमी को 1-1 विकेट लिया। अब्दुल समद ने 36 और मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने से मुझे मिला आत्मविश्वास : रिजवी

**एजेंसी, लखनऊ**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में जेएसडब्ल्यू और जीएमआर के स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स ने एकाना क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और सीजन के पहले अंक हासिल किए। 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम 26 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी।



ऐसे में समीर रिज़वी (47 गेंदों में नाबाद 70 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों में नाबाद 39 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 119 रन की रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम को 17.1 ओवर में जीत दिलाई। मैच के बाद समीर रिजवी ने कहा, 'जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो मेरा इरादा सकारात्मक खेलने का था, लेकिन पावरप्ले में जल्दी 4 विकेट गिरने के बाद स्थिति कठिन हो गई थी। मेरी और स्टब्स की योजना सरल थी कि सेट होने के बाद ढीली गेंदों का फायदा उठाएं और परिस्थिति के अनुसार खेलें। इसी रणनीति से हमने साझेदारी बनाई। 'टीम मैनेजमेंट का आभार जताते हुए रिज़वी ने कहा, 'कोच और सपोर्ट स्टाफ ने मुझे नंबर-4 पर बल्लेबाजी करने और अपना स्वाभाविक खेल खेलने का पूरा भरोसा दिया है। यह स्पष्टता और आजादी मुझे आत्मविश्वास देती है।' (अनंत ज्ञान)

# सैफ चैंपियनशिप : भारत ने भूटान को 5-0 से रौंदा

## रोहेन सिंह ने किए दो गोल, खिताबी मुकाबले में आज बांग्लादेश से होगा सामना

**एजेंसी, माले**

गत चैंपियन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को सैफ अंडर-20 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में भूटान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब खिताबी मुकाबले में भारत का सामना 3 अप्रैल को बांग्लादेश से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल को 1-0 से हराया। भारत की इस शानदार जीत के हीरो रोहेन सिंह चाफामायुम रहे, जिन्होंने 56वें और 57वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। इसके अलावा ओमांग डोडुम (4'), मोहम्मद अरबाश (44') और स्थानापन्न खिलाड़ी मैलेमंगाम्बा थोकचोम (90+2') ने भी गोल कर टीम



की जीत सुनिश्चित की। मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने आक्रामक रुख अपनाया और चौथे मिनट में ही बढ़त बना ली। बांगसन सिंह ताखेल्लाम्बाम के लंबे पास पर रोहेन ने शानदार दौड़ लगाई और बॉक्स में सटीक क्रॉस दिया, जिसे ओमांग डोडुम ने बेहतरीन अंदाज में गोल में तब्दील कर दिया।

शुरुआती बढ़त के बाद भारत ने खेल पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और लगातार भूटान के गोल पर हमले करता रहा। 44वें मिनट में डोडुम के शानदार मूव पर अरबाश ने गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। दूसरे हाफ में भारतीय टीम और भी आक्रामक नजर आई। 56वें मिनट में रोहेन ने टीम के बेहतरीन संयोजन पर तीसरा गोल किया और इसके ठीक एक मिनट बाद उन्होंने अपना दूसरा गोल दागकर स्कोर 4-0 कर दिया।

मैच के अंतिम क्षणों में मैलेमंगाम्बा थोकचोम ने 90+2वें मिनट में शानदार गोल कर भारत की 5-0 की बड़ी जीत पर मुहर लगा दी। पूरे मैच में भारत ने शानदार तालमेल, तेज गति और सटीक फिनिशिंग का प्रदर्शन करते हुए भूटान को कोई मौका नहीं दिया और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

# महिला चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंची आर्सेनल और बायर्न म्यूनिख

## आर्सेनल ने चेल्सी को 1-0, म्यूनिख ने मैनचेस्टर को 2-1 से हराया

**एजेंसी, लंदन**

गत चैंपियन आर्सेनल ने वीमेंस चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में चेल्सी के खिलाफ 1-0 की हार के बावजूद कुल 3-2 के स्कोर के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बना ली। पहले चरण में 3-1 की जीत के चलते आर्सेनल ने बढ़त कायम रखी और अंतिम चार में प्रवेश किया। स्टैमफोर्ड ब्रिज में बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में चेल्सी के लिए स्जोएके नुस्केन ने स्टॉपेज टाइम (90+4) में गोल किया, लेकिन यह टीम को आगे ले जाने के लिए काफी नहीं रहा।



मैच के अंतिम क्षणों में चेल्सी की वीरले बुरमान का शॉट पोस्ट से टकराया, जबकि आर्सेनल की गोलकीपर डैफ्ने वान डोम्सेलार ने नुस्केन के हेडर को शानदार तरीके से बचाया। मैच के अंत में चेल्सी की कोच सोनिया बोम्पास्तोर को रेड कार्ड भी दिखाया गया। चेल्सी ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा, जिसमें सैम केर ने आक्रमण में अहम भूमिका निभाई। अब सेमीफाइनल में आर्सेनल का सामना वोल्फ्सबर्ग या लियोन में से किसी एक टीम से होगा।

वहीं, दूसरे क्वार्टरफाइनल में बायर्न म्यूनिख ने शानदार वापसी करते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया और कुल 5-3 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच के 81वें मिनट में ग्लोडिस विग्गोसडॉटिर ने कॉर्नर पर हेडर से गोल कर टीम को बराबरी दिलाई, इसके बाद 84वें मिनट में लिंडा डालमैन ने गोल कर जीत सुनिश्चित की।

पहले हाफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से मेलविन मलार्ड ने 11वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई थी और कुल स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया था। हालांकि, दूसरे हाफ में बायर्न ने लगातार दबाव बनाया और अंततः मैच अपने नाम कर लिया। बायर्न म्यूनिख अब सेमीफाइनल में बार्सिलोना या रियल मैड्रिड में से किसी एक टीम से भिड़ेगा। अन्य क्वार्टरफाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे, जिसमें बार्सिलोना पहले चरण में 6-2 की बढ़त के साथ रियल मैड्रिड की मेजबानी करेगा, जबकि वोल्फ्सबर्ग 1-0 की बढ़त के साथ लियोन का सामना करेगा। (अनंत ज्ञान)

# टाइगर वुड्स ने राइडर कप की कप्तानी ठुकराई

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



पिछले कुछ समय से गोल्फ से जुड़ी गतिविधियों से दूर रहने वाले टाइगर वुड्स ने बुधवार को औपचारिक रूप से राइडर कप की कप्तानी ठुकरा दी, क्योंकि वह विदेश में अपना इलाज कराएंगे। फ्लोरिडा के एक न्यायाधीश ने इलाज के लिए देश छोड़ने के उनके आवेदन को मंजूरी दे दी है। वुड्स को को पिछले सप्ताह नशे में गाड़ी चलाने के संदेह के कारण गिरफ्तार किया गया था लेकिन कुछ घंटे बाद ही उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। वुड्स ने एक बयान जारी कर कहा कि वह 'इलाज कराने और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए' अनिश्चित काल के लिए खेल से दूर जा रहे हैं। उनके वकील डगलस डंकन ने बुधवार को दायर एक याचिका में न्यायाधीश से वुड्स को उपचार के लिए विदेश जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि वुड्स को इलाज के लिए विदेश इसलिए जाना पड़ रहा है क्योंकि अमेरिका में उन्हें अपनी निजता से बार-बार समझौता करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# खेलो इंडिया : ओडिशा प्रथम स्थान पर बरकरार

## झारखंड दूसरे, गुजरात तीसरे और मेजबान छत्तीसगढ़ पांचवें स्थान पर

**एजेंसी, जगदलपुर**

धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। हर राज्य के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते नजर आए, जिससे मैदान पर रोमांच चरम पर पहुंच गया। चल रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ओडिशा पदक तालिका में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इसके बाद झारखंड और गुजरात का कब्जा है, जबकि मेजबान छत्तीसगढ़ एक स्वर्ण और तीन रजत के साथ पांचवें स्थान पर है।

पदक तालिका में ओडिशा ने अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है। ओडिशा ने अब तक 7 स्वर्ण, 6 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर पहला स्थान सुरक्षित कर लिया है, जिससे वह खिताब का सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरा है। ओडिशा के बाद झारखंड ने 5 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं गुजरात 3 स्वर्ण सहित कुल 9 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। कर्नाटक भी 3 स्वर्ण पदकों के साथ गुजरात को कड़ी टक्कर दे रहा है।

◆ **ओडिशा की टीम ने अब तक 7 स्वर्ण 6 रजत और 6 कांस्य पदक जीते**

मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए तीसरा दिन मिला जुला रहा। स्थानीय दर्शकों के उत्साह के बीच टीम ने 1 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते, जिससे वह पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। हर राज्य के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते नजर आए, जिससे मैदान पर रोमांच चरम पर पहुंच गया। महाराष्ट्र ने 1 स्वर्ण के साथ कुल 4 पदक हासिल किए हैं, जबकि असम 1 स्वर्ण और 2 कांस्य के साथ दौड़ में बना हुआ है।

केरल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने रजत और कांस्य पदक तो जीते हैं, लेकिन अभी स्वर्ण पदक का इंतजार है। तीसरे दिन कुल 24 स्वर्ण, 24 रजत और 24 कांस्य पदकों का वितरण हुआ। इसके साथ ही प्रतियोगिता अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है, जहां आने वाले दिनों में मुकाबले और भी ज्यादा रोमांचक होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

**प्रेरणादायक** जनजातीय जड़ों से अंतरराष्ट्रीय फलक तक पहुंचने का सफर

# महज 24 वर्ष में खेल के शिखर पर पहुंचीं किरण

**एजेंसी, रायपुर**

जब खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सेमीफाइनल में बुधवार को अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के दौरान किरण पिस्दा ने गोलकीपिंग के दस्ताने पहने, तब वह अपने अब तक के अनुभवों पर भरोसा कर रही थीं। उन अनुभवों पर, जिन्होंने चुनौतियों और निराशाओं के बीच उन्हें और अधिक मजबूत बनाया।

24 साल की उम्र में किरण अपने खेल कौशल के शिखर पर नजर आती हैं। वह यूरोप में लीग फुटबॉल खेल चुकी हैं और अब बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दहलीज पर हैं। हालांकि, उनका यह सफर बिलकुल आसान नहीं रहा, भले ही उन्हें स्कूल और परिवार से शुरुआती समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश पिस्दा, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, उनके लिए प्रेरणा बने।



किरण ने मीडिया से चर्चा में कहा कि 'मुझे स्कूल में काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के मौके मिले और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया।'

इसके बाद किरण शारीरिक शिक्षा में डिग्री हासिल करने के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलावा मिला। किरण बताती हैं, 'उस समय मैं शारीरिक रूप से उतनी फिट नहीं थी और मेरा मानसिक स्तर भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं था।' यही कारण रहा कि उस राष्ट्रीय शिविर में उन्हें भारतीय टीम के लिए चयन नहीं मिला। वह कहती हैं, 'मुझे एहसास हुआ कि वहां जो अनुभव मिला है, उस पर मुझे काम करना होगा।' इसके बाद उनके जीवन में आत्म-सुधार का एक कठिन दौर शुरू हुआ। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया, मैचों का विश्लेषण करना शुरू किया और अपनी पोज़िशनल समझ को बेहतर बनाया। लेकिन सबसे बड़ा बदलाव उनकी मानसिकता में आया।

वह कहती हैं, 'मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी। अगर आप नकारात्मक हो जाते हैं, तो उसका सीधा असर आपके प्रदर्शन पर पड़ता है।' इस बदलाव में उनके मेंटर और कोच योगेश कुमार जांगड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। किरन ने कहा, 'जब भी मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हूं या मन खराब होता है, तो मैं उनसे बात करती हूं। वह हमेशा मुझे सकारात्मक रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।' (अनंत ज्ञान)

# आदित्य एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अगले दौर में



**एजेंसी, उलानबटोर**

भारतीय मुक्केबाज आदित्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वीरवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहौसाव के खिलाफ पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। आदित्य ने इस साल जनवरी में नौवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। आदित्य को अगले दौर में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस प्रतियोगिता में पूरे महाद्वीप के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। (अनंत ज्ञान)